CMYK

तापमान अधिकतम :26°C न्यूनतम: 11°C

सेंसेक्स 74,332.58 निफ्टी 22,552.50

सोना 88,620 चांदी 99,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 10 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 59 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2081 9 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## नौवां रोज़ा

### ज़कात का ज़ेवर है नौवां रोज़ा

इस्लाम मजहब में ज़कात की बड़ी अहमियत है। कुरआने-पाक के पहले पारे में अल्लाह का इरशाद है, और नमाज कायम रखो और ज़कात दो और रुकूअ करने वालों के साथ रुकूअ करो। ज़कात, दोस्ती का दस्तावेज तो है ही, रोज़े का ज़ेवर भी है। ज़कात का ज़ेवर रोज़े की ज़ैब-ओ-ज़ीनत बढ़ाता है। ज़कात में दिखावा नहीं होना चाहिए। ज़कात का दिखावा, 'दिखावे' की ज़कात बन जाएगा। दिखावा शैतानियत का निशान है, इंसानियत की पहचान नहीं। रोज़ा पाकीज़गी का परचम और इंसानियत का हमदम है। इसलिए इंसानियत भी। रूहानियत की ताकत है रोज़ा, रोज़े की ताकत है ज़कात। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फर्माया, रोज़ा रखते हुए शख्स को बुरी बात कहने से बचना चाहिए, यह भी ज़कात है।

# भारत तीसरी बार बना चैंपियंस ट्रॉफी विजेता




## रोहित के शेरों ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से दी शिकस्त

**दुबई, वार्ता**

**टीम इंडिया ने** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 9 महीनों के अंदर दूसरी ट्रॉफी उठा ली है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी फिर से जीत ली है।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार 9 मार्च को खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने बेहतरीन गेंदबाजी और कप्तान रोहित शर्मा की दमदार पारी की मदद से न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने 25 साल पहले इसी टूर्नामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया। साथ ही सबसे ज्यादा बार ये ट्रॉफी अपने नाम करने का रिकॉर्ड भी बना लिया। करीब 9 महीने पहले रोहित शर्मा की कप्तानी में ही टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर सालों से चले आ रहे सूखे को खत्म किया था। उस जीत ने सिर्फ इंतजार ही खत्म नहीं किया बल्कि टीम इंडिया की भूख को और बढ़ा दिया। इसका ही असर चैंपियंस ट्रॉफी में देखने को मिला, जहां फिर से रोहित की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया और बिना कोई मैच गंवाए खिताब पर कब्जा कर लिया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एक बार फिर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे, लेकिन नतीजा भी वही हुआ, जो पिछले 4 मैचों में टॉस हारने के बाद हुआ था। एक बार फिर भारतीय स्पिनर्स ने रनों की रफ्तार पर लगाम कसी और टीम को सफलता दिलाई। वरुण चक्रवर्ती (2/45) ने पहली सफलता दिलाई, जबकि असली कमाल किया कुलदीप यादव (2/40) ने। पूरे टूर्नामेंट में अपनी बॉलिंग में निरंतरता की कमी के कारण आलोचना झेल रहे कुलदीप ने पहली ही गेंद पर रचिन रवींद्र (37) को बोल्ड कर दिया। फिर अगले ही ओवर में केन विलियमसन का विकेट भी हासिल कर लिया। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

**चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय रहा भारत**

- टीम इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती
- रोहित की कप्तानी में नौ महीने में दूसरा आईसीसी खिताब अपने नाम किया
- रोहित बने प्लेयर ऑफ द मैच व न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए




# बागपत में ऑनर किलिंग

## प्रेमी संग बेटी को देख पिता ने रस्सी से घोंट दिया दोनों का गला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**आरोपी पिता गिरफ्तार, गांव में भारी पुलिस बल तैनात**

**बागपत।** बागपत में ऑनर किलिंग की घटना सामने आई है। इसमें एक पिता ने अपनी बेटी की गला घोंट कर हत्या कर दी। वहीं मौके पर ही उसके प्रेमी का भी गला घोंट डाला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

वहीं प्रेमी जोड़े का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना रविवार की सुबह बागपत में बड़ौत कस्बे से सटे एक गांव की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक लड़की और लड़के के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अक्सर छुप-छुपकर मिलते थे। कानोकान यह खबर पूरे गांव में, तो फैल गई थी, लेकिन लड़की के पिता बेखबर थे। इसी बीच रविवार की सुबह लड़की के पिता को इनके प्रेम-प्रसंग की भनक लग गई। उन्होंने इसे परखने की कोशिश की और अपनी बेटी की तलाश की, तो पता चला कि वह अपने प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में है। यह देखकर लड़की का पिता गुस्से में अपना आपा खो बैठा। उसने मौके पर पड़े एक रस्सी के टुकड़े से पहले लड़के का गला घोंटा और फिर अपनी बेटी की भी गला घोंट कर हत्या कर दी। इस घटना से मौके पर चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इतने में किसी ने पुलिस को सूचित कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर, पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी बागपत अर्पित विजयवर्गीय के मुताबिक इस घटना में आरोपी पिता पुष्पेंद्र (50) को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस घटना के संबंध में लड़के के परिजनों ने भी पुलिस में शिकायत दी है और आक्रोश प्रकट किया है। उधर, पुलिस की पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि दृष्टि की उम्र 17 वर्ष और 12वीं की छात्रा थी तथा बलराम 19 वर्ष पुत्र राजेशवर बीए में पढ़ता था। लड़के और लड़की के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसकी खबर दोनों के घर वालों को भी थी, लेकिन दोनों ही परिवार इस रिश्ते को मानने को तैयार नहीं थे। इसकी वजह से लड़की को उसके परिजनों ने कई बार हिदायत भी दी थी। बावजूद इसके लड़के और लड़की ने एक दूसरे से मिलना बंद नहीं किया। वही लड़के के परिजनों ने घर से बुलाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लड़की के पिता को गिफ्तार कर लिया है।

# यूसीसी लाखों महिलाओं के अधिकारों का सुरक्षा कवच: पुष्कर धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- उत्तराखंड के सीएम धामी का गजरौला में हुआ सम्मान
- सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने पर धामी का अभिनंदन

**गजरौला / देहरादून।** उत्तराखंड में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सम्मान में रविवार को वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी परिसर, गजरौला, उत्तर प्रदेश में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अथिति के तौर पर शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने पर उन्हें दिया गया सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ देवतुल्य जनता का सम्मान है। जिस जनता ने उन्हें ऐतिहासिक निर्णय लेने के योग्य बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी लागू होना भारत के संविधान की आत्मा को साकार करने का उत्सव है। यूसीसी लागू करने का सम्मान संविधान निर्माताओं का सम्मान है, जिन्होंने संविधान में समान नागरिक संहिता की कल्पना को स्थान देकर एक समरस समाज का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा चुनावों में उत्तराखंड की जनता ने मिथक तोड़कर दूसरी बार राज्य में भाजपा की सरकार बनाई। मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता को जाति, -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली पुलिस ने राजा भैया के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली।** यूपी के कुंडा से विधायक राजा भैया उर्फ रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया है। पत्नी ने राजा भैया पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जिसके बाद दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने सालों तक मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेली है।




# संसद का बजट सत्र आज से फिर होगा शुरू

## सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार के आसार

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र सोमवार (आज) से फिर से शुरू हो रहा है। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार होने के संकेत मिल रहे हैं। इस सत्र के दौरान सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान मचने के आसार हैं। विपक्ष मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रम्प प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार और मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, जैसे मुद्दे उठाने की योजना बना रहा है।

वहीं, सरकार की प्राथमिकता अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने की है। साथ ही बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी मांगने पर होगी। संसद के इस सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करवाया जाएगा। केंद्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा के मद्देनजर राष्ट्रपति शासन लगाने का ऐलान किया है। गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मंजूरी के लिए संसद में एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर के लिए बजट पेश कर सकती हैं।

**वक्फ विधेयक, मणिपुर में हिंसा, परिसीमन, मतदाता सूची में हेराफेरी जैसे मुद्दों पर तीखे रहेंगे विपक्ष के तेवर**





## संक्षिप्त समाचार

### योगी देंगे सामूहिक विवाह के लाभार्थियों को आशीर्वाद

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने रविवार को कहा कि शाही किले में आगामी 10 से 12 मार्च तक तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1001 लाभार्थियों को आशीर्वाद देंगे। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने कलेक्ट्रेट के सभागार में जौनपुर महोत्सव आयोजित किए जाने के संबंध में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे।

### सुहागरात पर मौत का झपट्टा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में शादी के अगले ही दिन दूल्हा और दुल्हन ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दूल्हा और दुल्हन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। अयोध्या के कैंट थाना क्षेत्र के सआदतगंज के मुरावन टोला के रहने वाले प्रदीप की शादी 7 मार्च को मानतू राम की बेटी शिवानी से हुई थी। मानतू राम दिल्ली के लोहामंडी में ठेला चलाने का काम करते है। शिवानी भी उनके साथ दिल्ली में ही रहती थी। शिवानी की पढ़ाई कक्षा 8 तक हुई है। प्रदीप अयोध्या जनपद के थाना कैंट क्षेत्र के सआदतगंज के मुरावन टोला का रहने वाला था। प्रदीप के पिता भाग्गन की मौत कुछ साल पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। प्रदीप घर में सबसे छोटा था उसकी शादी धूमधाम से की गई थी। शादी के अगले दिन 8 मार्च को रिसेप्शन का कार्यक्रम रखा गया था। प्रदीप के घरवाले रिसेप्शन की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान जब सुबह 7 बजे तक प्रदीप अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो घरवाले उसे जागने के लिए पहुंचे।

### धनखड़ एम्स में भर्ती मोदी ने ली स्वास्थ्य की जानकारी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। तिहत्तर वर्षीय श्री धनखड़ को आज तड़के बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल एम्स ले जाया गया और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डा. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स जाकर श्री धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री मोदी ने कहा कि एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

### मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के थाना अछनेरा क्षेत्र में रविवार तड़के लगभग तीन बजे पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि दो अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान अपाचे सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश दीपक के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया।

# गुटबाजी से कांग्रेस को नुकसान होगाः खड़गे

## कर्नाटक के सीएम व डिप्टी सीएम के बीच मतभेद को लेकर दी चेतावनी

जेवरगी (कर्नाटक), वार्ता



■ कल्याण पथ परियोजना के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष ने दोनों नेताओं से सामंजस्य के साथ काम करने का आग्रह किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के भीतर गुटबाजी के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी और आगाह किया है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कोई भी मतभेद पार्टी और राज्य दोनों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी सिद्दारमैया और शिवकुमार के बीच संभावित सत्ता-साझाकरण व्यवस्था या एक रोटेशनल मुख्यमंत्री पद की अटकलों की पृष्ठभूमि में आई है। शिवकुमार जहां अपनी मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षाओं के बारे में मुखर रहे हैं, वहीं सिद्दारमैया के करीबी नेता इस बात पर जोर देते हैं कि वह अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। खड़गे ने शनिवार को यहां कल्याण पथ परियोजना के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सिद्दारमैया और शिवकुमार से कर्नाटक के विकास के लिए सामंजस्य के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर सिद्दारमैया और शिवकुमार अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ते हैं, तो इससे पार्टी कमजोर होगी और कर्नाटक की प्रगति को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने रिकॉर्ड 16वां बजट पेश करने के लिए सिद्दारमैया की सराहना की और राज्य के शासन को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने पूर्व ऊर्जा और सिंचाई मंत्री के रूप में शिवकुमार के योगदान के साथ-साथ राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को भी सराहा। अपनी खुद के राजनीतिक सफर का स्मरण करते हुए खड़गे ने 2019 के लोकसभा चुनावों में अपनी हार को याद किया और कलबुर्गी में अपने समर्थन आधार की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जहां कुछ लोग ईश्वरीय हस्तक्षेप पर भरोसा करते हैं, वहीं वह लोगों की इच्छा और कड़ी मेहनत के माध्यम से प्रगति में विश्वास करते हैं। उन्होंने सुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया तथा कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार से कर्नाटक के लोगों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों को लागू करना जारी रखने का आग्रह किया।

### अमेरिका में स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की कांग्रेस ने की निंदा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्वामी नारायण मंदिर में की गई तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि घृणा और नफरत फैलाने वाले किसी भी कृत्य को कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस, कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में की गई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करती है। इस तरह के घृणा और असहिष्णुता के कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और किसी भी सभ्य समाज में इनका कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पीढ़ियों से महात्मा गांधी के दृष्टिकोण के अनुसार 'सर्व धर्म समभाव' के सिद्धांत का पालन किया है, जहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है वहां सद्भाव कायम रहता है। हम प्रभावित समुदाय के साथ एकजुटता से खड़े हैं और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि पूजा स्थलों की हर जगह सुरक्षा सुनिश्चित कर शांति तथा आपसी सम्मान बनाए रखने के हर संभव सभी प्रयास किए जाने चाहिए।

### 2017 से पहले था अपराधियों का बोलबाला हमारी सरकार ने लगाया अंकुशः बृजेश पाठक



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को कैसरगंज में एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का विवरण दिया। इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बहराइच के मुद्दों से भलीभांति परिचित हैं। 2017 से पहले यहां अपराधियों का बोलबाला था। एक ही वाहन में 10 हथियारी लोग घूमते थे, लेकिन हमारी सरकार ने अपराध पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के लिए काम करती है और इसका उत्तम उदाहरण बहराइच के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा हैं, जिन्होंने अपना जीवन सादगी में राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। उप मुख्यमंत्री पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अखिलेश और राहुल गांधी केवल कुर्सी की चिंता में लगे रहते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा की सरकारें केंद्र और प्रदेश में 11 और 8 वर्षों से काम कर रही हैं और इनके खिलाफ कोई भ्रष्टाचार का आरोप अब तक नहीं लगा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक, ब्लॉक प्रमुख और अन्य पार्टी प्रतिनिधियों की एक बड़ी संख्या उपस्थित थी। बृजेश पाठक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीतापुर के पत्रकार हत्याकांड का उल्लेख किया और जानकारी दी कि आरोपियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। इस सम्मेलन ने बहराइच जिले में भाजपा की स्थिति को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का कार्य किया।

# सम्भल के सीओ को मिला सीएम योगी का समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहाः हमारा पुलिस अधिकारी पहलवान रहा है, जो बात सच है, उस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए, मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी इस बात का समर्थन किया है

**लखनऊ।** उप्र के सम्भल में क्षेत्रधिकारी पुलिस (सीओ) अनुज चौधरी के होली और जुमे वाले बयान पर मचे राजनीतिक घमासान के बीच मुख्यमंत्री योगी ने अनुज चौधरी के होली और जुमे को लेकर दिए गए बयान पर समर्थन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अधिकारी ने यह बात समझाई है। ठीक है, जो हमारा पुलिस अधिकारी है वह पहलवान रहा है। अब पहलवानी के लहजे में बोलेगा, तो कुछ लोगों को बुरा लग सकता है, लेकिन जो बात सच है, उस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए।' मुख्यमंत्री ने कहा कि मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी इस बात का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि 'मुस्लिम धर्म गुरुओं ने लोगों से अपील की है कि होली साल में एक बार पड़ती है और जुमे की नमाज हर सप्ताह होती है। ऐसे में ये टल भी सकती है। आवश्यक नहीं है कि वह मस्जिद में ही पढ़े। अगर जाना ही है, तो रंग से परहेज न करें। रंग से किसी को परहेज है, तो उसका घर में ही नमाज पढ़ना अच्छा होगा। मुख्यमंत्री योगी के अलावा अनुज चौधरी के बयान पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सीओ का समर्थन किया है। सम्भल के बीजेपी ऑफिस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सम्मान समारोह में पहुंची माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि सीओ ने क्या गलत कहा है।

### सीओ का बयान गलत सुप्रीम कोर्ट खुद ले एक्शनः मसूद

**सहारनपुर।** साल में 52 जुमा और होली के एक त्योहार पर बयान देने वाले सम्भल के सीओ अनुज चौधरी पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने पलटवार किया है। सांसद ने कहा कि वर्दी पहने संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह से बयान देना ठीक नहीं है। पुलिस अधिकारी ही ऐसे बयान देंगे, तो सौहार्द कैसे बनेगा। ऐसे अधिकारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करे। मीडिया से बातचीत के दौरान इमरान मसूद ने कहा कि सीओ अनुज चौधरी ने बयान दिया है कि साल में 52 बार जुमा और एक बार होली का त्योहार आता है। सीओ ने यहां तक कहा कि जिस किसी को लगता है कि होली का रंग लगने से उसका धर्म नष्ट हो जाएगा, वह उस दिन अपने घर में रहे। कहा कि सीओ की भाषा शैली ठीक नहीं है। यह बात सभ्य तरीके से भी कही जा सकती थी। क्या दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, क्यों नफरत फैला रहे हैं?

# मुंबई में चार मजदूरों की दम घुटने से मौत

**मुंबई।** मुंबई में एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय रविवार को चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। इससे पहले मृतकों की संख्या पांच बताई गई थी। घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में अपराह्न करीब 12.30 बजे हुई। पांच लोग टंकी की सफाई करने के लिए उसमें दाखिल हुए और बेहोश हो गए। उन्हें दमकल कर्मियों ने निकाला और जेजे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान हसीपाल शेख (19), राजा शेख (20), जियाउल्ला शेख (36) और इमांदु शेख (38) के रूप में की गई है, जबकि पांचवें व्यक्ति पुरहान शेख (31) का इलाज जारी है। जेजे पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि एक दुर्घटनावश मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है और यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि जिन लोगों ने इन पांचों मजदूरों को काम पर रखा था, उनकी ओर से कोई चूक हुई थी या नहीं और क्या सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेलंगाना टनल हादसाः 16 दिन बाद एक शव मिला

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में ध्वस्त हुई श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग में बचाव अभियान लगातार 16वें दिन भी जारी है। 16 दिनों के बाद रविवार को बचाव दल को सुरंग के अंदर एक शव मिला है। शव को निकालने के लिए मशीन को काटा जा रहा है। खोजी कुत्तों के बाद अब इस रेस्क्यू ऑपरेशन में रोबोट को तैनात करने का फैसला लिया है। सरकार उन मजदूरों को बाहर निकालने (जिंदा या मुर्दा) के लिए रोबोट का सहारा लेने का फैसला किया है।

# मथुरा में एक लाख का इनामी मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** उप्र के मथुरा में थाना हाईवे पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी वांछित छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद को रविवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया।

उसके दो साथी फरार हो गए। एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने मीडिया को बताया कि किसी वारदात की फिराक में कुछ बदमाश शनिवार रात को मथुरा आए थे। हाईवे की कृष्ण कुंज कॉलोनी में एक लाख रुपये का इनामी छैमार गिरोह का सरगना फाती उर्फ असद अपने दो साथियों के साथ देखा गया। इसके बाद एसएसपी के नेतृत्व में हाईवे पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू की। रविवार की तड़के एक मकान के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से फाती उर्फ असद घायल हो गया। उसके दोनों साथी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत सरगना फाती उर्फ असद मूल रूप से हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर का रहने वाला था। असद के खिलाफ यूपी, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर में 18 मुकदमे दर्ज हैं। इसी गिरोह ने भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा अशोक कुमार, बुआ आशा देवी और उनके बेटे कौशल कुमार की हत्या की थी।

# कैलिफोर्निया में हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़

वाशिंगटन, वार्ता

■ दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे, अमेरिकी पुलिस पर उठे सवाल

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया राज्य में चीनो हिल्स में सिथत बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के मंदिर में अज्ञात लोगों द्वारा जमकर तोड़फोड़ की गई है। इसकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए। इस घटना ने हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा का खुलासा किया है।

मंदिरों की सुरक्षा करने में नाकाम हो रही अमेरिकी पुलिस पर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि एक और मंदिर अपवित्र किया गया। इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। उत्तरी अमेरिका में हिंदू धर्म के लिए काम करने वाले वाले संगठन 'द कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नार्थ अमेरिका' ने पहले हुई इस प्रकार की घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया और गहन जांच की मांग की है।'

### भारत ने की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका में कैलिफोर्निया के एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और अमेरिकी प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं धर्मस्थलों की सुरक्षा करने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी टैरिफ में राहत दिए जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक रुख और फरवरी के महंगाई आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1134.48 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74332.58 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22552.50 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही।

इससे मिडकैप 1296.27 अंक अर्थात 3.4 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 39888.29 अंक और स्मॉलकैप 2523.96 अंक यानी 5.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 45606.86 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रंप सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रंप प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट से 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह की तेजी गंवा दी और 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 543.4 अरब डॉलर पर आ गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर लुढ़ककर 73.3 अरब डॉलर रह गया।

# मूंगफली तेल सस्ता, दालों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल सस्ता हो गया जबकि दालों में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 90 रिंगिट चढ़कर 4821 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 2.45 सेंट की गिरावट लेकर 43.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान मूंगफली तेल में 294 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18168 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15751 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहनः बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और मूंग दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती जबकि उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 550 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत तीसरी बार...** बाद डैरिल मिचेल (63) ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला, जबकि ग्लेन फिलिप्स (34) से भी उन्हें साथ मिला। मगर न्यूजीलैंड की टीम थोड़ा और जल्दी ढेर हो सकती थी, अगर टीम इंडिया ने इन दोनों बल्लेबाजों के कैच ड्रॉप नहीं किए होते। कुल मिलाकर इस फाइनल में भारत ने 4 कैच ड्रॉप किए। फिर भी भारतीय स्पिनरों ने कसी हुई बॉलिंग से न्यूजीलैंड को इनका ज्यादा फायदा नहीं उठाने दिया। आखिर में माइकल ब्रेसवेल ने सिर्फ 40 गेंदों में 53 रन (नाट आउट) की पारी खेली और टीम को 251 रन के मुकाबले लायक स्कोर तक पहुंचाया। टीम इंडिया को इस फाइनल में अपने कप्तान रोहित से बड़ी पारी की उम्मीद थी और जरूरत भी थी। पूरे टूर्नामेंट में रोहित के बल्ले से कोई बड़ी पारी नहीं निकली थी और साथ ही फाइनल मैचों में भी वो कोई अर्धशतक तक नहीं लगा सके थे। साथ ही उनके संन्यास की अटकलें लगातार जारी थीं। रोहित (76) ने ऐसे में इस अवसर को पूरी तरह से अपने नाम कर लिया और अपने आक्रामक अंदाज में न्यूजीलैंड को शुरुआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया। रोहित ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाया और फिर शुभमन गिल (31) के साथ शतकीय साझेदारी की। टीम इंडिया को यहां पर जल्दी-जल्दी 2 झटके लगे और शुभमन गिल के बाद विराट कोहली (1) भी पवेलियन लौट गए। जल्द ही कप्तान रोहित भी अपना विकेट गंवा बैठे। यहां से श्रेयस अय्यर (48) और अक्षर पटेल ने 61 रन की साझेदारी कर टीम की वापसी कराई। श्रेयस अर्धशतक से चूक गए और अक्षर पटेल (29) भी कुछ ही देर में पवेलियन लौट गए, मगर केएल राहुल (34 नाबाद) और हार्दिक पंड्या ने टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया। जीत से ठीक पहले हार्दिक आउट हुए, लेकिन राहुल ने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर टीम को खिताब दिलाकर ही दम लिया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र बने प्लेयर ऑफ द सीरीज।

**यूसीसी लाखों...**धर्म, लिंग के आधार पर होने वाले कानूनी भेदभाव को खत्म करने का संवैधानिक उपाय बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। जब भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा, उस समय देश के सभी नागरिकों के अधिकारों में भी समानता होगी, जिसकी शुरुआत उत्तराखंड से हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में यूसीसी लागू हो पाया है। समान नागरिक संहिता, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के सपनों को भी साकार करती है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री (उत्तर प्रदेश) अशोक कटारिया, कुलाधिपति (वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी) डा. सुधीर गिरि, प्रदीप जोशी, डा. राजीव त्यागी, श्रीहरि सिंह , भाजपा जिला अध्यक्ष उदय गिरि, अनूप प्रधान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूएई के अबूधाबी में शहजादी को हुई फांसी

**बांदा।** शहजादी को यूएई के अबूधाबी में खंभा से दोनों हाथ बांधकर सीने में गोली मारने जैसी सोशल मीडिया की चर्चाओं पर पिता शब्बीर ने विराम लगा दिया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में प्रचलित गोली मारने जैसी बात कोरी अफवाह है। उनकी बेटी को फांसी दी गई है और उसका कब्रिस्तान में कब्र नंबर ए-7,एस-1, 954 में दफनीना हुआ है। पिता शब्बीर ने कहा कि दुबई में रहने वाली रिश्ते की बेटी नगमा दफनीना के समय मौजूद थी, उसका भी यहीं कहना है। रिश्ते की बेटी ने वीडियो कॉलिंग के जरिए शहजादी के दफनीना का दृष्य दिखाने के लिए कहा तो उन्होंने मना कर दिया, क्योंकि उनके पास बेटी का चेहरा देखने की हिम्मत नहीं थी। हालांकि नगमा ने फोन पर वहां की जानकारी जरूर दी थी। कुछ कब्रिस्तान की फोटो भी डाली थी। उनके कहने पर दुबई की सरकार ने शहजादी का दफनीना कब्रिस्तान में कराया। कब्रिस्तान को पक्का कर कब्र नंबर जारी किया गया है। ताकि कभी वहां परिवार के लोग पहुंचे, तो मगफिरत के लिए दुआ कर सके। सोशल मीडिया में खंभे से बांधने व गोली मारने जैसी इस तरह की कोई जानकारी उनके द्वारा नहीं दी गई है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बेटी को बचाने के लिए मदद तो किसी ने नहीं की, अब उसकी मौत पर बाल का खाल निकाल रहे हैं। पिता शब्बीर ने कहा कि कहा कि फेसबुक के जरिए दोस्ती कर उसे आगरा ले जाकर बहला फुसलाकर दुबई में बेचने और उसके डेबिट कार्ड से पैसा निकालने की रिपोर्ट उन्होंने कोर्ट के आदेश पर मटौंध थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इसमें फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। मैं अभी तक बेटी को बचाने में लगा था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



नौवां रोज़ा इफ्तार

10 मार्च सोमवार

सुन्नी...................... 06:27
शिया...................... 06:37

दसवां रोज़ा सहरी

11 मार्च मंगलवार

सुन्नी...................... 05:16
शिया...................... 05:06

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल

# बागोंवाली में पशुपालकों को बंधक बनाकर भेड़ बकरियां लूटी

## मेरठ के बदमाश 36 भेड़ और 17 बकरियां लूटकर हुए फरार

■ एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर से आये पशुपालकों के परिवार को बंधक बनाते हुए बदमाशों ने 36 भेड़ और 17 बकरियां लूट ली। बदमाश इन जानवरों की पिकअप गाड़ी में भरकर ले गये। एक आरोपी को पशुपालकों ने पकड़ लिया। पुलिस उससे पूछताछ के आधार पर अन्य लुटेरों की तलाश में जुटी है। लूटी गई भेड़ों और बकरियों की कीमत साढ़े पांच लाख रूपये बतायी गई है। सहारनपुर के लखनौती गांव के पशुपालक विपिन पाल अपने साथी मांगा पाल और शंभपाल के साथ 36 भेड़ों और 17 बकरियों को लेकर मुजफ्फरनगर से गुजर रहे थे। रात्रि में में लोग बागा. वाली में रखेड़ी रोड पर विश्राम के लिए तहर गये। रात में एक बजे के करीब पिकअप में आये छह बदमाशों ने शस्त्रों की बल पर इन पशुपालकों की अपने कब्जे में ले लिया। आतंकित करने के इरादे से उनके साथ मारपीट भी की गई।

पशुपालकों को बंधक बनाने के बाद बदमाशों ने खुले में सो रही 36 भेड़ों और 17 बकरियों को अपने साथ लाये पिकअप में भर लिया। जैसे-तैसे बंधनमुक्त हुए पशुपालकों के एक आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पकड़े गये बदमाश का नाम करण पुत्र रामकिशन निवासी ब्रह्मपुरी बताया गया। इंस्पेक्टर मंडी ने बताया कि विपिन पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर फरार बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर भेड़ और बकरियों को बरामद कर लिया जाएगा।

# सड़क हादसे में हरियाणा के व्यक्ति की मौत

■ यमुना नगर निवासी सतनाम सिंह किसी कार्य से आया हुआ था खतौली

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** हरियाणा के यमुना नगर निवासी एक व्यक्ति की खतौली के गांव शेखपुरा में 19 फरवरी को बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई थी। हादसे की सूचना मिलने पर व्यक्ति के परिजनों में कोहराम मच गया था।

परिजनों ने हरियाणा से खतौली अस्पताल पहुंचकर व्यक्ति के शव को बिना पुलिस कार्यवाही अपने साथ हरियाणा ले गए थे जहा उन्होंने व्यक्ति के शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। उधर शुक्रवार को मृतक की पुत्री खतौली थाने पहुंची और पुलिस को अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

हरियाणा के यमुना नगर निवासी मंजीत कौर पुत्री सतनाम सिंह ने खतौली पुलिस को तहरीर देकर बताया की मेरे पिता सतनाम सिंह खतौली किसी कार्य से आए थे।

इस दौरान 19 फरवरी की सुबह 5 बजे जब मेरे पिता वापस हरियाणा जाने के लिए निकले तो खतौली थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा रजवाहा के पुल के समीप पहुंचे तभी एक व्यक्ति नामालूम बाइक से तेजी व लापरवाही से चलाते हुए ग्राम अतरपुरा से खतौली की ओर आ रहा था जिसने मेरे पिता सतनाम सिंह को सीधी टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में मेरे पिता सतनाम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। मेरे पिता के साथ परमजीत भी थे जिन्होंने मेरे घायल पिता को एम्बूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खतौली ले गये जहां से हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने मेरे पिता सतनाम सिंह को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। मगर रास्ते में मेरे पिता सतनाम सिंह की मौत हो गयी। पिता की मौत की सूचना मिलने पर उनके परिवार में को. हराम मच गया। आनन फानन में सतनाम सिंह के परिजन अस्पताल पहुंचे और उनके शव को बिना पुलिस कार्यवाही के अपने घर यमुनानगर द्धहरियाणात्र्न ले गए। जहा परिजनों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। इसके बाद शुक्रवार को सतनाम सिंह की पुत्री मंजीत कौर खतौली पहुंची और पुलिस को अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। उधर हादसे ने हुई सतनाम सिंह की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# निशान यात्रा में सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने उड़ाया रंग गुलाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति ने पहले की भांति एक बार फिर आज इतिहास रच दिया नगर के शिव चौक पर श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के आह्वान पर हजारों श्याम प्रेमी श्री खाटू श्याम जी के श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव मानने को एकत्र हुए।

सभी के हाथों में श्री खाटू श्याम जी के निशान (धर्म ध्वजा) लहरा रही थी। प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के पुत्र कार्तिक स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा नेता अचिंत मित्तल,सचिन सिंघल विशाल गर्ग, एवं समिति के सभी सदस्यों द्वारा धारण किए गये ध्वज की पूजा अर्चना व भगवान श्याम की आरती करने के साथ ही निशान यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र सूरजगढ़ निशान रहा कहते हैं जो बाबा का प्रेमी इस निशान के नीचे से निकल गया श्याम बाबा उसके सभी काम बना देते हैं और यह सूरजगढ़ निशान खाटू श्याम मंदिर के शिखर पर लहराता है शिव चौक से निशान यात्रा धूमधाम से प्रारंभ होकर झांसी की रानी चौक, मालवीय चौक से भोपा रोड रेलवे पुल होकर गौशाला रोड से पीठ बाजार बिंदल बाजार होते हुए गणपति खाटू श्याम मंदिर पहुंची। यहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते हुए श्री श्याम प्रभु के चरणों में निशान अर्पित किए। सोमवार 10 मार्च 2025 को श्री रामलीला भवन निकट नई मंडी कोतवाली पर श्याम बाबा के विशाल संकीर्तन का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है जिसमें कोलकाता से कुमार दीपक एवं भीलवाड़ा राजस्थान से जंग धमाल किंग राघव दाधीच पधार रहे हैं जो बाबा को एवं बाबा के प्रेमियों को अपने भजनों से रिझाएंगे। निशान यात्रा में समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल संदीप गर्ग जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग,अचिन जिंदल, विकास गोयल,राजीव गर्ग, संजीव गर्ग,रिंकू गर्ग,अनुज गर्ग,राजीव बंसल, राज. कुमार सिंघल,राजेन्द्र गुप्ता, अरविंद बंसल, अरुण गर्ग, संदीप गोयल, शुभम बंसल, विदित गुप्ता, मयंक अग्रवाल,अचिन बंसल, नरेंद्र गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, अनूप गोयल, गौरव गर्ग, रोहताश कुमार, अभिषेक तायल, हर्षित अग्रवाल, प्रिंस चावला, मधुसूदन अग्रवाल, निक्की,अर्पित जैन, गट्टू, शास्वत गोयल, अनुराग ,लोकेश बंसल, शुशांत गर्ग, अर्पित सिंघल,अवि,लव अग्रवाल,मनोज गोयल,जय बंसल, दीपांशु गर्ग, पुलकित,गौरव ,अंकित गर्ग, प्रांशु बंसल, अमन गर्ग,रचित सिंघल, वासु,विपुल गर्ग एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: निशान यात्रा निकालते श्याम प्रेमी।

# इनर व्हील क्लब ने किया होली समारोह का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** इनर व्हील क्लब ऑफ़ मुज़फ़्फ़रनगर द्वारा होली मिलन का भव्य आयोजन मदर्स प्राइड स्कूल, न्यू मंडी परिसर में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। यह आयोजन महिलाओं को सशक्त बनाने और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत रखने की एक अनूठी पहल रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष डॉ. रिंकू एस. गोयल, कोषाध्यक्ष पारुल मित्तल, क्लब पास्ट जिला चेयरमैन संतोष शर्मा, प्रोग्राम कन्वीनर आशु आनंद और ऋतु जैन ने संयुक्त रूप से किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सर एग्जीक्यूटिव बोर्ड एवं पास्ट जिला चेयरमैन डॉ. दीप्ति अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। इस खास मौके पर प्रख्यात गायक कुलदीप को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपनी शानदार संगीतमय प्रस्तुति से एक यादगार म्यूज़िकल ईवनिंग बनाई और समा बांध दिया।

उनकी सुरीली आवाज़ और कर्णप्रिय गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो उठा। 100 से अधिक महिलाओं ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने रंगों और फूलों की होली खेली, ग्रुप डांस किया और तंबोला व अन्य फन गेम्स में भाग लेकर भरपूर आनंद उठाया।व्हील क्लब ऑफ़ मुज़फ़्फ़रनगर का यह प्रयास महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक पहल रहा, जो उत्सव और सौहार्द्र का संदेश देते हुए उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।





मुजफ्फरनगर: होली का धमाल करती इनरव्हील क्लब से जुड़ी महिलाएं।

# पुरानी पेंशन बहाली को अटेवा ने निकाला जुलूस

## सांसद के आवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के लिए आंदोलन चला रहे अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारियों के साथ सभी विभागों के पेंशनधारियों ने रविवार को एकजुट के साथ आवाज उठाते हुए नगर में जुलूस निकाला और इसके बाद ये लोग प्रेमपुरी स्थित सपा राष्ट्रीय महासचि. चव एवं सांसद हरेन्द्र मलिक और चरथावल विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक पंकज मलिक के आवास पर पहुंचकर उनको अपनी मांगों के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा और इस आंदोलन में उनका सहयोग मांगा। रविवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले पेंशनधारियों ने प्रेमपुरी स्थित सपा सांसद हरेन्द्र मलिक और सपा विधायक पंकज मलिक के आवास पर पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सपा सांसद व विधायक से कहा कि नई पेंशन व्यवस्था शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के हित में नहीं है। यह एक शोषणकारी और भेदभावपूर्ण व्यवस्था है, इससे देश में करीब एक करोड़ सरकारी कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। बताया कि एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को 1200 से 4000 रुपये तक ही पेंशन दी जा रही है, यह ऐसे कर्मचारियों के जीवन यापन के लिए नाकाफी है। कहा कि पुरानी पेंशन योजना ओपीएस सभी कर्मचारियों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करती थी, लेकिन इसे खत्म कर कर्मचारी विरोधी मानसिकता सरकार ने प्रदर्शित की है। नई पेंशन योजना एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से कटौती तो की जा रही है, लेकिन सेवानिवृत्ति के उपरांत इसका समुि. चत लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान पेंशनधारियों ने सपा विधायक पंकज मलिक के द्वारा सदन में इसके लिए आवाज उठाने पर आभार व्यक्त करते हुए सपा सांसद से भी लोकसभा में इस पर कर्मचारियों की पीड़ा रखने की मांग की और मजबूत समर्थन भी मांगा।

# भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैम्पियन्स ट्राफी जीती

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को खेले गये भारत व न्यूजीलैंड के बीच चैम्पियन्स ट्राफी के फाईनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 251 रन बनाये। जिसके जवाब में भारतीय बल्लेबाजी ने अच्छी शुरूआत करते हुए रोहित शर्मा की अच्छी पारी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम को फाईनल मुकाबले में हराकर कर चैम्पियन्स ट्राफी अपने नाम की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरूआत की थी लेकिन बाद में भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों की कमर तोडते हुए उन्हें 251 पर ही रोक दिया। इस जीत से भारत ने इतिहास रच दिया है।

# नेहा बनी सौ किलो वज़न उठाकर महिला शक्ति की मिसाल

■ डॉ अनुभव जैन ने दिया उच्च स्तरीय सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** हाउस वाइफ नेहा कांबोज घरेलू महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है उन्हें पेट के आपरेशन के बाद घर के कार्यों में भी भारी वजन उठाने के लिए मना कर दिया गया था लेकिन नेहा ने अपने को कभी लाचार व कमजोर नहीं समझा बल्कि पूरे परिवार की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए दो वर्ष पहले आर्यपुरी स्थित अल्फा वारियर्स जिम ज्वॉइन कर लिया था तथा जिम ऑनर एवं ट्रेंड कोच तुषार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर आपरेशन के बाद बढ़े अपने वजन को ही कम नहीं किया बल्कि अपने शरीर को अंदरुनी तौर पर मजबूत करते हुए सौ कि.ग्रा वजन उठाकर सभी को आश्चर्य चकित करने के साथ ही अल्फा वारियर्स जिम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को धूमधाम से मनाया नेहा जी के आत्मबिश्वास कड़ी मेहनत पर वर्धमान हस्पताल से प्रमुख समा. जसेवी डॉ मुकेश जैन के सुपुत्र डॉ अनुभव जैन ने नेहा कांबोज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर कराटे किंग वेदप्रकाश शर्मा ने अपने होनहार सुपुत्र जिम कोच तुषार शर्मा को शाबाशी दी वहीं नेहा के अभिभावकों ने तुषार शर्मा का आभार व्यक्त किया।



मुजफ्फरनगर: नेहा को सम्मानित करते डा.अनुभव जैन।

# सफेदा रोड पर तीन कारखानों में लाखों की चोरी

**खतौली।** कस्बे के सफेदा मार्ग पर चोरों ने तीन कारखानों पर धावा बोल वहां से लाखों रुपए का कीमती सामान और जनरेटर चोरी कर लिया। घटना की सूचना के बाद तीनों पीड़ित कारखानों के स्वामियों द्वारा कोतवाली पर तहरीर देते हुय चोरों का सुराग लगाकर चोरी किया गया उनका लाखों का सामान बरामद कराने की मांग कर रही है। पुलिस ने तहरीर लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

भूड़ पुलिस चौकी का चार्ज संभालते ही चोरों ने चौकी इंचार्ज को खुली चुनोती देते हुय पुलिस चौकी क्षेत्र में तीन कारखानों में लाखों की चोरी कर फरार हो गए। बता दे कि विगत रात्रि अज्ञात चोरों ने कस्बे के सफेदा मार्ग पर कस्बे के जीटी रोड निवासी इरशाद पुत्र अलीहसन का बैटरी गलाने का गोदाम है चोरों ने गोदाम के ताले तोड़ कर वहां से हजारों रुपए की कीमत का इंवेटर बैटरी और जनरेटर का तांबा चोरी कर लिया उसके बाद चोरों ने सफेदा मार्ग पर ही काजियांन निवासी आसिम पुत्र बाबू के मुर्गी फार्म के भी ताले तोड़ वहां से इंवेटर बैटरी चोरी कर लिया। उसके बाद चोर शेखपुरा निवासी लक्ष्य अरोरा पुत्र मनोज कुमार के कारखाने पर पहुँचे जहां चोर कारखाने का हजारों की कीमत का जनरेटर सैट चोरी कर ले गए। जब तीनों कारखाने के मालिकों को चोरी की घटना का पता चला तो उनके होश उड़ गए।

# पन्नी में थूकते और पेशाब करते कर्मचारी का वीडियो वायरल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अगर आप हलवाई की दुकान से मिठाई और नमकीन खरीदते हैं, तो इस खबर को पढ़ने के बाद शायद आपको दोबारा सोचने की ज़रूरत पड़े। गांव की एक मशहूर हलवाई की दुकान में ऐसा घिनौना सच सामने आया है, जिसे जानकर आपका भरोसा तो क्या, भूख भी उड़ जाएगी।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने लोगों को हैरानी और गुस्से से भर दिया है। इस वीडियो में दुकान का एक कर्मचारी पन्नियों में थूकते और पेशाब करते हुए साफ नजर आ रहा है। जी हां, वही पन्नियां जिनमें आपके पसंदीदा लड्डू, बर्फी और नमकीन पैक होकर आपके घर पहुंचती हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के एक गांव में हलवाई की एक दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों की शर्मनाक हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दुकान के कर्मचारी को पानी के अंदर थूकते और पेशाब करते हुए देखा जा सकता है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है। जिसके बाद ग्रामीणों का कहना था कि हम इस दुकान से सालों से मिठाई खरीद रहे हैं, लेकिन इस वीडियो ने हमें अंदर तक हिला दिया है। अब तो किसी भी दुकान पर भरोसा करना मुश्किल हो गया है। प्रशासन को ऐसी दुकानों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, रतनपुरी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी कर्मचारी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस गंदगी में दुकान मालिक भी शामिल था या फिर ये सिर्फ कर्मचारी की करतूत है। वीडियो सामने आते ही ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है । इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है और ग्रामीण दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वही कुछ ग्रामीणों का कहना था कि उक्त कर्मचारी नशे की हालत में दिख रहा था जिसके बाद इस खबर की पूरी पुष्टि नही हो पाई थी। घटना को लेकर रतनपुरी पुलिस हिरासत में लिए कर्मचारी से पूछताछ कर रही थी।

# धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना हम सब की जिम्मेदारी : कारी खालिद

**मुज़फ्फरनगर।** शाह इस्लामिक एकेडमी में आगामी जुमा और होली एक ही दिन होने के कारण शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एकेडमी के संस्थापक क़ारी मोहम्मद खालिद बशीर क़ासमी ने की।।उन्होंने कहा कि हमारे देश भारत की महान परंपरा रही है कि सभी धर्मों के त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाए जाते रहे हैं। हर नागरिक ने एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना हम सब की जिम्मेदारी है।

बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 14 मार्च को मिश्रित आबादी वाली मस्जिदों में जुमे की नमाज़ का समय दोपहर 2 बजे निर्धारित कर मिश्रित आबादी वाली मस्जिदों में खत्म-ए-तरावीह की दुआ करने से बचने की अपील करते हुए प्रस्ताव रखे गए। इसी के साथ हर व्यक्ति को अपने मोहल्ले की मस्जिद में ही जुमे की नमाज़ अदा करने पर ज़ोर दिया गया।साथ ही इफ्तार और तरावीह के समय विशेष रूप से बाइक सवार नौजवानों को हल्की रफ़्तार और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। क़ारी मोहम्मद खालिद बशीर क़ासमी ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले संदेशों को शेयर करने से बचें।बैठक में महबूब आलम एडवोकेट, दिलशाद पहलवान, नौशाद कुरैशी, नवाब दिलशाद इलाही, परवेज़ रसूल, अंकित जैन, अब्दुल्ला कुरैशी मौजूद रहे।







सभी देशवासियों को माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद

डा0 रिज़वान अली
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

डा0 मो. शुऐब
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

डा0 ज़ैनब इनाम
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेष)

दीवान हॉस्पिटल
सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर-251001
☎ 0131-2634069, 9837335711

# जिला पंचायत अध्यक्ष व एसडीएम ने की गंगा की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ गंगा स्वच्छता के तीसरे रविवार को एसडीएम जानसठ, जिला पंचायत अध्यक्ष संग भाजपाईयों सहित कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने गंगा घाट पर गंदगी हटाई व गंगा से जलकुंभी निकालकर साफ सफाई की।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि गंगा की सफाई जन सहयोग से ही सम्भव है। जन सहयोग के द्वारा शुकतीर्थ में गंगा की सफाई का अभियान लगातार जारी है। मां गंगा की स्वच्छता के लिए प्रत्येक नागरिक को गम्भीर होना होगा। गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए उसमें कूडा कचरा बिल्कुल न डालें। गंगा की सफाई करना बडा ही पुण्य कार्य है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सभी नदियों के साथ मां गंगा की सफाई के लिए विशेष योजनाएं चलाए हुए हैं। एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर प्रत्येक रविवार को शुकतीर्थ में गंगा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को समाजसेवियों द्वारा गंगा में साफ सफाई की गई, जिसमें गंगा से भारी मात्रा में जलकुम्भी को हटाया गया। साथ ही गंगा किनारे और घाट की सीढ़ियों पर बिखरे कूड़े-कचरे को कूड़ेदान तक पहुंचाया गया तथा श्रद्धालुओं



को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरूण सिंह, पं. रामकुमार शर्मा, प्रधान राजपाल सैनी, चौ. ब्रजवीर सिंह, पंकज महेश्वरी, डॉ. महकार सिंह, पं. विनोद शर्मा, कानूनगो ललित मोहन शर्मा, गंगा सेवा समिति के प्रबंधक देवेन्द्र आर्य, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप निर्वाल, मुनिराम, सतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे। स्वच्छता अभियान में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों ने गंगा सफाई में भाग लिया।

# दुल्हैंडी पर्व पर डीजे बजा मिला तो होगी कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** होली पर्व के मौके पर बुढाना कस्बे और क्षेत्र में डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा और हुड़दंग मचाने वाले हुड़दंगियों पर भी कड़ा एक्शन होगा।

ये बात बुढ़ाना सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने कही हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बुढ़ाना परिसर में बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह ने रविवार के दिन होली, दुल्हैंडी व माह रमजान के जुमे को लेकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के समस्त डिस्क जॉकी संचालकों की एक अहम बैठक ली। जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा



कि उक्त पर्वों पर अगर उनको यह शिकायत मिली कि उनके सर्किल मे किसी भी स्थान पर डीजे बज रहा है तो उस डिस्क जॉकी संचालक के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और उसका डिस्क जॉकी जब्त कर लिया जाएगा। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने भी कहा कि होली में किसी भी परिस्थिति में डीजे नहीं बजाना है।

डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि डीजे बजाते पकड़ा जाता है तो डीजे को जब्त करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीजे संचालकों में मुख्य रूप से इमरान मिर्जा चंधेडी, तरुण संगल, सौरभ शर्मा, सोनू जाटव, सोनू सैनपुर, निशांत परासौली और सोढल आदि डिस्क जॉकी डीजे संचालक मौजूद रहे।

# लखनऊ जा रहे भीम आर्मी कार्यकताओं को पुलिस ने रोका

**बुढ़ाना।** देश भर में दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज पर हो रही अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ने और बहुजन समाज पर हो रहे हमलों, हत्याओं, बलात्कारों और जाति गत भेदभाव की घटनाओं में भयावह वृद्धि होने के विरोध में लखनऊ में होने वाली 10 मार्च की भीम आर्मी की रैली में बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र से लखनऊ जा रहे सैंकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बुढ़ाना पुलिस ने रविवार की सायं रोक लिया।

पुलिस ने सब कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को दो प्राइवेट बसों से उतारकर बस को अपने कब्जे में ले लिया और सभी को अपने अपने घरों को लौटने को कहा। इस दौरान कुछ पदाधिकारियों द्वारा बुढाना पुलिस से झड़प की भी खबर है। लखनऊ में इस रैली को नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण संबोधित करने वाले थे। रैली के दौरान रैली स्थल से राजभवन पहुंचकर महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपें जाने का भी कार्यक्रम था। इन सभी भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को बुढाना कस्बा इंचार्ज ललित कसाना ने रोक लिया और उनको समझा बुझाकर घर भेज दिया और दोनों बसों को कब्जे में कर लिया। इस बारे में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष दीपक कश्यप ने बताया कि वे लखनऊ जा रहे थे। तब बुढ़ाना में सड़क वाली मस्जिद के पास पुलिस ने उन सबको लखनऊ जाने से रोक लिया। कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर इकठ्ठा हुए थे। लखनऊ जाने वालों में मुख्य रूप से दीपक कश्यप, नसीम अंसारी, आनंद, संतलाल सागर, अनु, राकेश जाटव व रिजवान अब्बासी समेत सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सपा पीडीए साईकिल यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना

**सपा नेता सतेन्द्र पाल ने शुरू की है साईकिल यात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि बुढ़ाना विधानसभा में समाजवादी पीडीए चर्चा कार्यक्रम प्रत्येक गांव में पूर्ण होने पर सपा नेता सत्येंद्र पाल द्वारा अब समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा शुरू की गई है।

ग्राम दूल्हेरा में सपा नेता सत्येंद्र पाल द्वारा आयोजित समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा को मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने सपा नेता सत्येंद्र पाल के नेतृत्व में आयोजित साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि सपा नेता सत्येंद्र पाल द्वारा पूरी सक्रियता के साथ बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में समाजवादी पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश गांव गांव पहुंचाया गया अब प्रत्येक गांव में समाजवादी साइकिल यात्रा के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी सपा नेता सत्येंद्र पाल ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पीडीए साईकिल यात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर पीडीए समाज को समाजवादी पार्टी से जोड़ने तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों जन जन तक पहुंचाया जाएगा। साइकिल यात्रा 9 मार्च से 20 मार्च तक बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पहुंचेगी तथा प्रत्येक दिन एक दर्जन से अधिक गांव में साइकिल यात्रा पहुंचेगी। साइकिल यात्रा प्रारंभ के दौरान सपा विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान जिला सचिव इकबाल कुरैशी अनेश निर्वाल जाउल चौधरी सहित अनेक सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**मुजफ्फरनगर: पीडीए साईकिल यात्रा का शुभारंभ करते सपा नेता।**

# परम तत्व को पाने के लिए तामसिकता को त्यागना होगा : योगतीर्थ महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में चल रहे तीन दिवसीय योग साधना शिविर का रविवार को हवन यज्ञ के उपरांत समापन हो गया। समापन पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, साधु संतों व साधकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

शुकतीर्थ स्थित ध्यान योग एवं आयुर्वेद शोध संस्थान में शिविर के समापन पर हिमाचल से आए ब्रह्ममूर्ति योगतीर्थ महाराज ने कहा कि मनुष्य की प्रवृत्ति परिवर्तन की है। 25 वर्ष में वह प्रौढता में आने लगता है। अधिकतर लोग तामसिक हैं और तामसिकता जीवन में नकारात्मकता लाती है। जो उदार नहीं वह भी तामसिक हैं। तामसिक व्यक्ति अनेक अवगुणों में घिरा रहता है। श्रवण और मनन दोनों अलग अलग हैं। पहले श्रवण एक कला है। सुनना अगर आ गया तो मन की चेतना जागृत होगी। तभी मनुष्य मनन की ओर जाएगा। पुरूषार्थ करने वाले व्यक्ति को ही परम धन की प्राप्ति होती है। मनुष्य एक ऐसा बीज बने जो अंकुरित होकर पत्तियां व फल दे । तथा ऐसे बीज न बनें जो बीज ही बनकर रह जाएं। भगवान पतंजलि ने योगसाधना व अनुशासन रूप में परमतत्व प्राप्त किया। मनुष्य को स्वतंत्रता देकर उसका पता लगाया जा सकता है कि वह किस कर्म में लिप्त है। अस्पताल हैं तो रोग भी होंगे, जेल है तो अपराधी भी होगे। हमें परम तत्व की ओर जाकर सभी प्रकार के विकृतियों को हटाना होगा। मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेशचंद्र ने कहा कि मनुष्य पर तीन ऋण हैं, माता पिता, गुरू व ऋषियों का ऋणी है। ऋषियों का ऋण संस्कृति को अपनाकर उसका प्रचार करके उतारा जा सकता है।



आज दुनिया में जितना धन है, उतना कभी नहीं था लेकिन मनुष्य आज जितना दुखी है उतना कभी नहीं था। जैसे जैसे समृद्धि बढती है, वैसे ही दुख बढता है। इसका तात्पर्य है कि धन आपको समृद्धि नहीं दे सकता। ईश्वर की भक्ति ही सच्ची समृद्धि प्रदान करने वाली है। इस अवसर पर महामण्डलेश्वरगोपालदास महाराज, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, जगपाल वैद्य, कृपालदास महाराज, वैद्य ओमदेव महाराज, योगव्रत योगतीर्थ, शिवानन्द योगतीर्थ, कुश्ती कोच जितेन्द्र सिंह, कान्ता बहन, सतेन्द्र आर्य, मास्टर वेदपाल, सुरजीत सिंह, डॉ. बबलू वेदालंकार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कृष्ण शास्त्री ने किया।

# गुडविल सोसायटी की लगाई पुष्प प्रदर्शनी संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** एस. डी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग निकट रोडवेज परिसर में गुडविल सोसायटी द्वारा प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण में जनमानस के प्रति प्रेम तथा पुष्पों की भांति विश्व धरातल पर सुगंध फैलाने जैसी मानवीय प्रवृत्ति की वृद्धि के उद्देश्य से गत वर्षों से समायोजित पुष्प प्रदर्शनी इस वर्ष भी संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने कुशल संचालन सोसायटी के सचिव होती लाल शर्मा ,कोषाध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र साहनी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर अशोक जैन ने विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती चंचल सक्सेना एवं डॉ अशोक कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।गुडविल सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार डॉक्टर योगेंद्र नारायण, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल जहां इस पुष्प प्रदर्शनी समारोह के मुख्य अतिथि रहे। वही गुडविल सोसायटी के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर आरके भटनागर उपाध्यक्ष प्रोफेसर के.सी शर्मा आलोक



स्वरूप डॉक्टर एस.सी कुलश्रेष्ठ एवं पूर्व आईजी विजय गर्ग शामली विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । पुष्प प्रदर्शनी में जिन्होंने सहभागिता की प्रसिद्ध पुष्प वाटिका प्रेमी डॉक्टर सुदेश पवार ने समारोह का निर्णय लेकर कृतार्थ किया ।नगर के गणमान्य पुष्प प्रेमी और प्रकृति को संरक्षण देने वाले लोग अपने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लेकर उपस्थित रहे। जिन्हें पौधा और प्रकृति संरक्षण के लिए डॉक्टर एस.सी कुलश्रेष्ठ, दीपा अग्रवाल ,प्रसून अग्रवाल, झलक अग्रवाल ,अजय जिंदल, डॉक्टर विनीत विनोचा, निखिल छाबड़ा एडवोकेट ,डॉक्टर अरुण अरोरा, पीयूष अग्रवाल , आलोक स्वरूप, अनिल स्वरूप, सुशील अग्रवाल ,कौशल कृष्ण अग्रवाल, राधा, डॉक्टर हितेश अरोड़ा, अभिनव सुशील ,प्रवीण गुप्ता ,निरंकार स्वरूप, डॉ अशोक कुमार, पियूष वाजपेई अमित गर्ग ,डॉक्टर गिरीश ,गिरिराज माहेश्वरी, अंकित बिंदल, संदीप अग्रवाल, राकेश बिंदल प्रमुख रहे। जिन्हें मुख्य अतिथि के कर कमल से प्रतीक चिन्ह देकर इस प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव बडसु दर्पण वेलफेयर ट्रस्ट और ऋष्टि आई फाउंडेशन के तत्वावधान में आज ग्राम बडसु में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में 250 लोगों ने अपनी आँखों की जांच करवाई। जिसमें 200 मरीजों को फी आंखों की दवाई दी गई जिसमे जांच के द्वारा 50 लोगों में आँखों से संबंधित समस्याएं पाई गई। दर्पण वेलफेयर ट्रस्ट ने इन सभी मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी कराने का निर्णय लिया है। यह सर्जरी 19 मार्च को देहरादून के एक अस्पताल में कराई जाएगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को बिना किसी खर्च के उपचार मिल सके। शिविर के आयोजन में मुख्य रूप से योगदान देने वालों में डॉ. अमित सैनी वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ, दर्पण सैनी द्धअध्यक्ष, दर्पण वेलफेयर ट्रस्ट, नरसिंह सैनी द्धउपाध्यक्ष, दर्पण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा नि:स्वार्थ सेवा और समर्पण की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। यह पहल गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को रोशनी लौटाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जमकर हो रही राजनीति

**चरथावल।** थानाभवन सड़क चौड़ीकरण जहाँ पिछले एक वर्ष से निर्माणधीन चला आ रहा है।और सड़क के चौड़ीकरण का कार्य जहाँ चरथावल क्षेत्र से बाहर बहुत हद तक पूरा हो चुका है ।और बहुत हद तक सड़क का चौड़ीकरण होकर सड़क का निर्माण भी हो चुका है।लेकिन चरथावल नगर में कुछ अतिक्रमण धारियों ने सड़क के चौड़ीकरण का विरोध करना शुरू कर दिया और सड़क के नाम पर विकास में बाधा डालकर सरकार को जमकर बदनाम करने कि कोशिश कर रहे है।इसीलिए अभी चरथावल नगर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण बीच अधर में ही लटका हुआ है।जबकि जहाँ मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र का बड़े पैमाने पर विकास होगा और क्षेत्र की उन्नति होगी और दूरदराज से लोग आकर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर व्यापार आदि भी करेंगे।भाजपा सरकार जहाँ विकास के मामलों में कोई समझौता नही करती और देश मे बड़े बड़े हाइवो को निकालकर देश को नई तरक्की दी है। और देश मे सड़को और बड़े बड़े हाइवो का जाल बुना है। जिससे आज देशवासियों को सफर करने और दूरदराज क्षेत्र में जाने पर बड़ी आसानी हो रही है ।लेकिन चरथावल में कुछ अतिक्रमण धारी विकास कार्य मे बाधा उतपन्न कर भाजपा सरकार को बदनाम करना चाहते है।जहाँ भाजपा सरकार विकास के मामलों में कोई समझौता नही करती है ।और कोई कितना भी बलशाली हो अवैध कार्य करने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होती है।लेकिन चरथावल में कुछ अतिक्रमण धारियों के सामने जहाँ प्रशासन नतमस्तक नजर आ रहा है ।वही यह अतिक्रमण धारी भाजपा सरकार की छवि को पलिता लगा रहे हेस सड़क चौड़ीकरण को लेकर भाकियू अराजनैतिक कल डीघ्म कार्यालय पर ज्ञापन देगी दैर रात्रि नगर मे हो रहे चौड़ीकरण कार्य को मानक के अनुरूप सड़क का चौड़ीकरण न करने के कारण भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओ ने काम रुकवा दिया और मांग की हे की मानक के अनुरूप ही सड़क का चौड़ीकरण हो जिससे कि क्षेत्र का बड़े पैमाने पर विकास होगा इससे क्षेत्रवासियो को बड़ी सहूलियत होंगी कुछ अतिक्रमण धारी भाजपा सरकार की छवि को खराब करने के लिए सड़क चौड़ीकरण का विरोध कर रहे है।जबकि सड़क का चरथावल के बाहर ज्यादातर हिस्से का चौड़ीकरण हो चुका है।चरथावल का जो क्षेत्र रोजगार और शिक्षा के मामले में पिछड़ा हुआ है।सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में बाहर से आने वाले व्यक्तियों का आना जाना बढ़ेगा और व्यापार आदि के बढ़ने में बड़ी मदद मिलेगी।

# फैजुद्दीन ने होली पर बनाया शानदार गाना

**बुढ़ाना।** हीरो नवाजुद्दीन सिद्दीकी के सगे भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी हर रोज़ एक नई इबारत लिख रहे हैं। हाल ही में होली को लेकर एक पुलिस अफ़सर का जो विवादित ब्यान आया वहीं एक मुस्लिम युवक ने होली पर एक ज़बरदस्त गाना बनाकर ये साबित कर दिया कि ये देश हिंदू मुस्लिम की बुनियाद पर खड़ा है और इस भाईचारे को कोई भी ख़त्म नहीं कर सकता। इस गाने से यह भी साबित होता है कि मुस्लिमों को होली से कोई एतराज़ नहीं है। फ़ैजुद्दीन का ये गाना साइड हीरो एंटरटेनमेंट एंड मोज़ार्ट एंटरटेनमेंट के चौनल गीत फ्यूज़न पर रिलीज़ किया गया है। होली का यह गाना बुढ़ाना में फ़िल्माया गया और कई कलाकार बुढ़ाना व आसपास के क्षेत्र से हैं। फ़ैजुद्दीन ने इस खूबसूरत गाने को अपनी कलम से तराशा है और इसे खुद ही डायरेक्ट किया है। फ़ैजुद्दीन ने इस गाने में खुद रोल कर डांस भी किया है। फ़ैजुद्दीन के डांस को देखने वाले खूब तारीफ कर रहे हैं। गाने की सबसे खास बात ये है की गाने में एक लाइन है खा के पप्पन का पान को बुढ़ानावासी खूब पसंद कर रहे हैं।

पसंद इसलिए आ रहा है क्योंकि बुढ़ाना के पप्पन का पान खाने हिंदू मुस्लिम लोग दूर से आते हैं। पप्पन का पान बुढ़ाना में फेमस है। अब फ़ैजुद्दीन द्वारा पप्पन के पान को पूरे विश्व में मशहूर कर दिया गया है। गुलाल नाम का ये होली सोंग पहले दिन से ही इंस्टा पर वायरल है और ट्रेंडिंग में आ गया है। होली पर ये सोंग धूम मचाने वाला है। प्रोडड्सर सबा सिद्दीकी व शिव चौधरी हैं।

# शान्ति समिति की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** आगामी होली के त्यौहार को लेकर थाना भोपा पर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक ने गणमान्य व्यक्तियों संग बैठक कर लोगों से होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने की अपील की। बैठक में थाना क्षेत्र के गांव से आए गणमान्यों ने भाग लिया।

प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाएं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अपराधिक या अवांछित गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।



किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काऊ, अशोभनीय या गलत पोस्ट ना करें तथा कानून विरोधी गतिविधि का हिस्सा ना बनें। शान्ति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक जयप्रकाश गौतम, मौलाना फरमान, जौनी कश्यप, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला भाजपाइयों का सम्मान समारोह सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर मंत्री कपिल देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण के लिए कृत-संकल्पित है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज भाजपा जिला कार्यालय पर महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने समाजसेवा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कपिल देव ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और व्यापक भागीदारी ही असली सशक्तिकरण का आधार है। प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से नए अवसरों, संसाधनों और मार्गदर्शन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी, तो न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा समाज और देश प्रगति करेगा।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि नए भारत में सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवियों को हर महिला तक इन योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में जुटे और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाली डॉ. अरुणा, समाजसेविका शालू सैनी, एडवोकेट मीर सक्सेना, समाजसेविका राज रानी, गायत्री परिवार से सोहनवीरी, समाजसेविका रीना अग्रवाल, गौ-सेविका कुमारी जैसमीन, समाजसेविका रुकमणि, श्रीमती शालिनी,



योगाचार्या सोनिया लूथरा आदि महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता सैनी, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राजू अहलावत, वरिष्ठ भाजपा नेत्री सपना कश्यप, पिछडा वर्ग आयोग सदस्य जगदीश पांचाल, सभासद ममता बालियान, भाजपा नेत्री ममता अग्रवाल, साधना सिंघल, मंडल अध्यक्ष अमित शास्त्री, पंकज माहेश्वरी, पवन छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# मंच से क्लब का नाम न लेने पर जौला यूथ क्लब खफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जौला यूथ क्लब ने बीते कल हुई रालोद की रैली में जुटाई गयी भीड़ की पोल खोलकर रख दी। इसमें जौला गांव के ही एक जन प्रतिनिधि को निशाना बनाकर कहा गया कि क्लब के पदाधिकारियों को कहा गया था कि उनकी जो 3 मांगें हैं वे पूरी होंगी और गन्ने का भाव बढ़ने की घोषणा भी होगी मगर ऐसा नहीं हुआ। उनके साथ धोखा किया गया। जिसका जवाब आगामी विधानसभा चुनाव में जौला यूथ क्लब वोट की चोट से देने का काम करेगा। जौला यूथ क्लब उपाध्यक्ष आरिफ राणा ने गांव जौला में हुई एक आपात बैठक मे बताया कि उनका ये सवाल है कि बीते कल गांव के पास हुई रालोद की रैली में आखिर किसके कहने पर जौला यूथ क्लब का नाम मंच से नही लिया गया जबकि मंच संचालन करने वालों के पास पहले से ही लिखित में पर्ची थी। बुढ़ाना क्षेत्र के रालोद विधायक



राजपाल बालियान, योगराज और ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक सहित सबको मालूम था कि प्रतिमा के लिए मांग उठाने का काम कई वर्ष पूर्व किसने किया था। वे गांव जौला में डिग्री कालेज, गांव को नगर पंचायत का दर्जा और स्टेडियम चाहते हैं लेकिन चौधरी जयंत ने इस और कोई ध्यान दिया ही नहीं। भाजपा व रालोद सरकार द्वेषपूर्ण राजनीति करती है। पूरे गांव में ये खबर भी फैली कि रैली में आओ गन्ने के रेट बढ़ेंगे। बड़े बुजुर्ग भी रैली में बैठे थे तो स्टेज से तालियां बजाने को कहा गया तो रैली में शामिल एक वृद्ध ने कहा में तालियां क्यों बजाऊं जब म्हारे लिए कुछ घोषणा हुई ही नहीं।

## साप्ताहिक बंदी में त्यौहारों पर दुकान खोले जाने की मांग

**बुढ़ाना।** आगामी त्योहारों के इस सीजन में बाजारों में साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकान खोले जाने की मांग जोर पकड़ रही है। कई बाजारों में साप्ताहिक बंदी का नियम दरकिनार कर दिया गया है। लगातार दुकानें खोली भी जा रही हैं। अब सोमवार को कुछ व्यापारियों ने दुकानों को खोलने की बात कही है। कुछ दुकानदारों ने प्रशासन से अपील की है कि साप्ताहिक बंदी के दिन सोमवार को दुकानें खोले जाने की अनुमति दी जाए। माह रमजान और होली पर्व मे खरीददारी को लेकर ग्राहकों में क्रेज है। ऐसे में सोमवार को बाजार बंद रहने से व्यापारियों को नुकसान होगा। बाजार भीषण मंदी के दौर से गुजरा है। होली व रमजान पर आशाएं टिकी हैं। प्रशासन को साप्ताहिक बंदी सोमवार के दिन बाजार खोले जाने की अनुमति देनी चाहिए। इस दिन बाजारों की विशेष साफ सफाई करानी चाहिए। घड़ीसाज़ रियाजउद्दीन सिद्दीकी ने भी एसडीएम से होली और रमजान पर्व के मद्देनजर साप्ताहिक बंदी के दिन भी बाजारों को खोले जाने की मांग की है।

# तेंदुए की आमद ने ग्रामीणों में फैलाई दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव तिस्साख्रअलीपुरा के जंगल मे पेड़ पर चढ़े तेंदुए के दिखाई देने के बाद किसानो मे दहशत फैल गयी। पेड़ पर चढ़े बैठे तेन्दुए की वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से तेन्दुए को पकड़ने की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा निवासी राकेश सैनी ने बताया की शनिवार की शाम वह अपने पुत्र पीयूष के साथ अपने खेत मे गन्ने की छिलाई का कार्य करने गया था। जब दोनों पिता पुत्र गन्ना छिलाई कर रहे थे तभी खेत की चकरोड के पास एक तेंदुए का शावक बैठा दिखाई दिया। जिसके बाद मादा तेंदुए की उपस्थिति का अंदाजा लगाते हुए दोनों में दहशत पसर गई। पिता पुत्र कटे हुए गन्ने छोड़ घर जाने की सोच ही रहे थे कि छोटा तेंदुआ पास के ही एक पेड़ पर चढ़ गया। जिसके बाद पिता के कहने पर पीयूष ने उसकी वीडियो बना ली और खेत से वापिस लौट कर ग्रामीणों को मामले की सूचना दी। कुछ समय पहले मोरना के जंगल में तेंदुए की उपस्थिति के बाद अलीपुरा के जंगल में तेन्दुए की उपस्थिति को लेकर किसानो मे भय व्याप्त है। किसानो ने तेन्दुए को पकड़वाने की गुहार लगाई है।



# वेदांता स्कूल में महिलाओं को उनके अधिकारों से कराया गया परिचित

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य जी व प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं की मेहनत, समर्पण, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि नारी सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को समाज में अपनी पहचान और स्थान हासिल करने का अधिकार देना ताकि वह हर क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से कार्य कर सके और अपनी स्थिति को बेहतर बना सके यह विचार ने केवल महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करता है बल्कि समृद्धि और समानता को भी बढ़ावा देता है । ह्अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसह् के अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका खामोश त्यागी जी ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को महिला दिवस के बारे में बताया ,विद्यालय के अध्यापिका श्रीमती रेणु बालियान, राजश्री चौधरी ने भी बच्चों को बताया कि हर महिला को अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने का अधिकार होना चाहिए चाहे वह शिक्षा का चुनाव हो या करियर का । कक्षा 10 की छात्रा आशिया ने नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। विद्यालय की कोर्डेटर सुनीता सैनी ने कहा की नारी सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए सभी को एकजुट होना होगा । यह न केवल महिलाओं के लिए बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने के समस्त वेदांता परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

# एसडी ग्लोबल में बच्चों के लिए किड्स कार्णिवल का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एस0 डी0 ग्लोबल स्कूल में बच्चों के लिए एक शानदार किड्स कार्णिवल का आयोजन किया गया। यह कार्णिवल बच्चों को आनंद और मनोरंजन का अनोखा अनुभव देने के लिए आयोजित किया गया था।

स्कूल प्रबन्धन द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के गेम्स, मैजिक शो, पॉटरी पेटिंग, खेल, झूलों, संगीत, बैलून शूटिंग और अन्य मजेदार गतिविधियाँ आयोजित की गई। बच्चों ने इन खेलों में भाग लेकर न केवल मस्ती की, बल्कि एक-दूसरे के साथ मिलकर टीम वर्क का अनुभव भी प्राप्त किया। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वातावरण खुशी से भरा हुआ रहा। कार्णिवल रंगीन झूलों की भरमार थी। बच्चों ने झूलों पर बैठकर खूब मस्ती की और यह उनका सबसे पसंदीदा आकर्षण रहा। कार्णिवल में विभिन्न प्रकार के खिलौने, किताबें, और छोटे-मोटे गिफ्ट्स के स्टॉल्स लगे थे, जिनमें बच्चों ने खूब खरीदारी की। वहां पर खाने-पीने की स्टॉल्स भी थीं, जहां बच्चों ने पॉपकॉर्न, चिप्स, आइसक्रीम और अन्य स्वादिष्ट चीजों का आनंद लिया। बच्चों ने नृत्य, संगीत और रंगीन परिधानों में सजकर नाटक प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों ने कर्णिवल की रंगीनता और उत्साह को और बढ़ा दिया। इस कार्णिवल में न केवल बच्चों ने आनंद लिया, बल्कि उनके माता-पिता को भी खुश कर दिया, जो अपने बच्चों को मस्ती करते हुए देख रहे थे। कार्णिवल के दौरान एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी, जिसमें बच्चों ने विभिन्न किरदारों में अभिनय किया। इस प्रतियोगिता ने बच्चों में रचनात्मकता और आत्म-विश्वास को बढ़ावा मिला।अंकिता कुमार पत्नी अनुभव कुमार (सचिव) ने इस अवसर पर बताया कि इस कार्णिवल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और खुशी का वातावरण प्रदान करना था, जहां वे अपनी रचनात्मकता और खेल-कूद के कौशल का प्रदर्शन कर सकें। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो उनके समग्र विकास में सहायक होता है। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### पुलिस की आँख में धूल फांक कर रात में ई-रिक्शा से एएसपी नेता गए लखनऊ

**खतौली।** लखनऊ में चल रहे बड़े धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की जिद ऐसी कि पुलिस की रोक भी उन्हें रोक न पाई। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी एएसपी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन एएसपी के जिला अध्यक्ष ने जैसे ठान लिया था कि लखनऊ पहुंचकर ही दम लेंगे और वो निकल भी पड़े, वो भी चोरी-छुपे, ई-रिक्शा में बैठकर। ये तस्वीरें गवाह हैं इस जिद और जुनून की। जब पुलिस ने गाड़ियों से लखनऊ जाने से रोका, तो आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा ने तरीका बदल दिया और ई-रिक्शा में बैठकर अपने अधादर्जन कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गए। उन्होंने साफ कहा था कि चाहे साइकिल से जाना पड़े, पैदल चलना पड़े या ट्रेन पकड़नी पड़े, वो हर हाल में लखनऊ पहुंचेंगे। दिनेश बावरा ने कहा कि हम अपनी आवाज़ उठाने लखनऊ जा रहे हैं। ये सरकार हमारी आवाज़ को दबाना चाहती है।

# यज्ञ और योग हमारी संस्कृति के प्राण: सुरेन्द्र पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आर्य समाज काज़ीखेड़ा जनपद मुजफ्फरनगर के वार्षिक उत्सव के समापन अवसर पर यज्ञ के ब्रह्मा योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने कहा कि यज्ञ और योग भारतीय संस्कृति के प्राण हैं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को संपत्ति न देकर संस्कार दें। संस्कार विहीन बच्चे परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक होते हैं जबकि संस्कारवान, चरित्रवान और वैदिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाले बच्चे परिवार ,समाज और राष्ट्र का धन होते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य जिसके करने में डर ,शर्म या लज्जा महसूस हो वह पाप रुप कर्म होते हैं उनके करने से हमारी जीवनी शक्ति का ]ास होता है, आत्मबल कमजोर होता है। यज्ञ के उपरांत राजवीर आर्य और पंडित ओमपाल के द्वारा वैदिक भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और बिश्व प्रसिद्ध वैदिक विद्वान योगेश भारद्वाज ने गुरुकुल शिक्षा पर बल दिया उन्होंने बताया कि आज बच्चों को संस्कार विहीन शिक्षा दी जा रही है जिसके कारण समाज पतन की ओर जा रहा है इसलिए आज



गुरुकुलीय शिक्षा का होना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि हम वर्तमान हैं और बच्चे भविष्य हैं अगर वर्तमान ही ठीक नहीं होगा तो भविष्य के ठीक होने की कोई संभावना नहीं है। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री अनूप सिंह राठी ने कहा कि वेद मानव मात्र के कल्याण के लिए हैं तथा वेद ईश्वरीय वाणी है इसका पढ़ना और पढ़ाना सभी मनुष्यों का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर आचार्य शांताप्रकाश ने कहा कि ईश्वर सर्वव्यापक है वह हमारे द्वारा किए गए कर्मो का फल ही हमें देता है यह मनुष्य जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए मिला है । जीवात्मा खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही यहां से विदा हो जाता है। केवल उसके द्वारा किए गए अच्छे या बुरे करम ही उसके साथ जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी ओमानन्द सरस्वती ने की तथा संचालन संजीव मलिक ने किया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सरस्वती ज्ञानेश्वर सरस्वती देवपाल आर्य ,आर्य समाज काजी खेड़ा का प्रधान विजेंद्र सिंह आर्य, राजवीर सिंह आर्य आदि काफी संख्या में पुरुषों, महिलाओं तथा बच्चों ने भाग लिया।

## नकली किन्नर बनकर बधाई मांगने वाले पर कार्रवाई की मांग

**भोपा।** नकली किन्नर बनकर बधाई मांगने का मामला प्रकाश मे आया है।थाने पहुंचे किन्नरो ने नकली किन्नर पर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी सोनिया किन्नर,मुस्कान आदि ने तहरीर देकर बताया छरूमाह पूर्व उनकी गुरु माता बाला किन्नर की मौत हो चुकी है। युसूफपुर निवासी व्यक्ति जो की डांसर है।और नाचने गाने का काम करता है। और क्षेत्र मे किन्नर के नाम पर बधाई ले रहा है।आरोपी को क्षेत्र मे बधाई न मांगने के लिये कहा गया तो वह गाली गलौज व मारपीट करने तथा झगड़े पर उतारू हो जाता है।और अपना लिंग परिवर्तन कराकर झूठे मामले मे फंसाने की धमकी देता है।आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग क्षेत्र के किन्नरो ने की है।

मुजफ्फरनगर।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने मुजफ्फरनगर में किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। यूनियन का आरा.प है कि जनपद में कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारी किसानों को समस्याओं में उलझा रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजा इफ्तार पार्टी से मिलता हे भाईचारे को बढ़ावा : पंकज मलिक

**चरथावल** गांव न्यामु मे आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी मे विधायक पंकज मलिक ने शिरकत करते हुए कहा की रोजा इफ्तार पार्टी से भाईचार्र को बढ़ावा मिलता हे और इफ्तार पार्टी मे गणमान्य लोगो ने शिरकत की वही विधायक ने सभी गांववासियो को बधाई देते हुए कहा की ऐसे आयोजनों से भाईचारे और एकता को बल मिलता हे इस दौरान भारी संख्या मे गांववासी मौजूद रहे।

### नये भारत में नशा और दहेज की जगह नहीं : डा.चौहान

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में ''पढ़े महाविद्यालय-बढ़े महाविद्यालय'' के अन्तर्गत स्वाध्याय कार्यक्रम एवं ''दहेज मुक्त भारत'' एवं ''नशा मुक्त भारत'' हेतु प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिकों ने एक साथ अपनी पसन्द की पुस्तक का पाठन किया तथा ''दहेज मुक्त भारत'' एवं ''नशा मुक्त भारत'' के लिये प्रथक-प्रथक प्रतिज्ञाऐं करायी गई।।

कार्यक्रम में 60 छात्रों ने एवं 15 शिक्षकों एवं कार्मिक सदस्यों ने स्वाध्याय के पश्चात दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत के निर्माण हेतु अपनी सकारात्मक भूमिका के निर्वहन के लिये प्रतिज्ञा ली।

संस्थान के निदेशक प्रो0 (डॉ0) एस0एन0 चौहान ने छात्रों को उपरोक्त सामाजिक कुरीतियों से स्वयं एवं समाज को बचाये रखने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल, श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की डीन एकेडेमिक्स डॉ0 सुचित्रा त्यागी आदि उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इं0 रुचि राय, इं0 अंजू त्यागी, इं0 इन्दु चौहन, पिंकी रानी, इं0 निशु भारद्वाज एवं इं0 अभिषेक कुमार का विशेष योगदान रहा।

### डा.अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी वर्ष पर डीएवी में सम्पन्न हुई संगोष्ठी

**मुजफ्फरनगर।** डी. ए. वी डिग्री कॉलेज के सभागार में ष्राजमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी के त्रिशताब्दी वर्षष्पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जागरण श्रेणी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जागरण श्रेणी द्वारा प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

गोष्ठी की अध्यक्षता डॉक्टर गरिमा जैन, प्राचार्य डी.ए. वी. डिग्री कॉलेज ने की तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संगीता चौधरी, प्राचार्य वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज मुज़फ्फरनगर रही।मंच संचालन श्री सोमपाल जी ने किया गोष्ठी में मुख्य वक्ता वेदपाल, प्रांत सह संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मेरठ प्रांत रहे। मां भारती व मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर गोष्ठी का प्रारंभ किया गया। विषय परिचय करवाते हुए प्रोफेसर संगीता चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुण्यश्लोका राजमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी नर्मदा के जल के आचमन की भांति पवित्र व गुणशाली हैं। संघर्षों के विरुद्ध उनका जीवन ,शासन परमार्थ, त्याग,समाज सेवा,महिलाओं के आदर्श नेतृत्व और प्रशासनिक गुणों से परिपूर्ण रहा। अपने संबोधन में वेदपाल ने कहा कि लो.कमाता पुण्यश्लोका अहिल्याबाई ने महिला शिक्षा, विधवा विवाह,विधवाओं को सम्पत्ति का अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र के चयन का अधिकार,राज्य कर्मचारियों के लिए, असहाय सैनिकों के लिए आजीविका का साधन उपलब्ध करवाया। उन्होंने अस्त्र शस्त्र बनवाकर युद्ध भी लड़ी व शत्रु का मान मर्दन किया।पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की।हर दस कोस पर गुप्त डाक व्यवस्था बनाई। साथ ही हर परिवार को बारह पौधे उपलब्ध करवाकर,पांच वृक्ष के फल राज्य कर के रूप में प्राप्त कर राज्य की आर्थिक स्थिति सुख्रढ़ की। धार्मिक यात्राएं प्रारंभ करवाकर,धर्मस्थल बनवाकर सामाजिक सांस्कृतिक चेतना का विस्तार किया।टीपू सुल्तान के राज्य में भी एक मंदिर बनवाया। विभाग व जिले के दायित्ववान कार्यकर्ताओं संग समाज के विभिन्न वर्गों के सज्जनों ने इस गोष्ठी में प्रतिभाग किया। महिलाओं की सेना टुकड़ी बनाई लेकिन युक्ति से शत्रु को बुद्धि से समझाकर युद्ध लड़े बिना ही वापिस भेज दिया।

अनैतिक कब्जा करने वाले अंग्रेज की छावनी में घुसकर, उसके अस्त्र शस्त्र तहस बहस कर दिए।अपने किले के बाहर भी शिव मंदिर बनवाया।डॉ.गरमा जैन ने अपने आपको धन्य माना कि उनके कॉलेज में लोकमाता पुण्यश्लोका अहिल्याबाई जी को याद किया जा रहा है। कल्याण मंत्र द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्क्रम के आयोजन मे संजय लखान,, डॉक्टर तेजवीर, योगेंद्र ,सीताराम, रजनीश शोभित, राकेश,र ाजीव आदि ने सहयोग किया।

# सिरातुन्नबी फाउंडेशन ने राहगीरों को कराया रोजा अफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सिरातुन्नबी फाउंडेशन बुढ़ाना की ओर से रोजा अफतार कराया गया। जिसमें कमेटी के लोगों ने राहगीरो और मुसाफिरों को रोजा इफ्तार कराया। सिरात उन नबी फाउंडेशन बुढ़ाना के बैनर तले रोजा इफ्तार का कार्यक्रम रखा गया। यह कार्यक्रम कांधला रोड पर पीरशाह विलायत के सामने रखा गया और आते जाते राहगीरों को रोजा इफ्तार कराया गया। इस हिसाब से लगभग 500 लोगों ने रोजा अफ्तार किया। फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने रमजान के पावन मौके पर राहगीर रोज.दारों को संबोधित करते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया और साथ ही सभी का तहे दिल से इस्तकबाल किया और ये भी कहा कि उनकी यह रमजान पार्टी परंपरागत है। आज की राजनीति में बढ़ते द्वेष के बीच सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें क्योंकि इस तरह के आयोजन ही एक दूसरे को जोड़े रखते हैं। यहा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इमरान जिया, गुलजार कुरैशी, आतिफ जिया, फहमी जिया, रुहान जिया, शाहनवाज़, अजीज मेहंदी, मौहम्मद अरहम, फ़ैज़ जिया, शोयब जिया, शाबान जिया, जुनैद जिया, आहद जिया, हैदर जिया, रिहान जिया, मौहम्मद आदिल और मौहम्मद फरमान आदि मौजूद थे।



# डा.एमआरएस गोयल के चिकित्सा सेवा में 50 वर्ष पूर्ण

**मुजफ्फरनगर।** शहर के प्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्सक डाक्टर मदन राज स्वरूप गोयल ने पचास साल जन मानस की सेवा में पूरे किए। 9 मार्च 1975 को इंहोने ने अपने ज़िला परिषद मार्केट क्लीनिक का शुभारंभ किया था। विदेश से पढाई कर लौटे डाक्टर गोयल ने सभी प्रकार के मरीज़ों का उपचार करना शुरू कर दिया। दूर-दराज़ से आने वाले मरीज़ों की भीड़ उनकी क्लीनिक लगी रहती रही है। 50 वर्ष की सफल प्रेक्टिस के बाद भी उनके मुरीद उनसे ही अपने बीमारी में सलाह लेते रहते है। उन्होंने अपने सेवा-भाव के संस्कार अपने बेटे डा. रोहित गोयल और बेटी डा. अनिता अग्रवाल को भी दिए। जो दोनों मुजफ्फरनगर में ही सेवा दे रहे है, डा. रोहित कोर्ट रोड पर स्थित आईक्यू हास्पिटल में सीनियर आई सर्जन है। डॉ अनिता सर्कुलर रोड गुप्ता नर्सिंग होम में बटोर सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ है।



# भीम आर्मी के कार्यकर्ता लखनऊ जाने पर अड़े

**खतौली।** लखनऊ में होने वाले प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी एएसपी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। इस कार्रवाई के बाद समर्थकों में जबरदस्त आक्रोश है। वहीं, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष ने साफ कहा है कि किसी भी कीमत पर वह लखनऊ पहुंचेंगे, चाहे साइकिल से जाना पड़े, पैदल जाना पड़े या फिर ट्रेन से।

आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकर्ता लखनऊ में अपनी मांगों को लेकर होने वाले बड़े प्रदर्शन में भाग लेने जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए इन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस भी हुई। वही

आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा ने पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा, हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हम रुकने वाले नहीं हैं। चाहे साइकिल से जाना पड़े, पैदल चलना पड़े या ट्रेन से जाना पड़े, हम हर हाल में लखनऊ पहुंचकर अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे। पुलिस की कार्रवाई के बाद आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के नेताओं ने आपात बैठक बुलाई है। जल्द ही आगे की रणनीति का ऐलान किया जाएगा। वहीं, कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के रवैये के खिलाफ सख्त विरोध दर्ज कराने की चेतावनी दी है। दिनेश बावरा ने कहा कि हमारा एक लड़ाई संगठन है जहां लखनऊ में इस संगठन के बैनर तले मथुरा और उड़ीसा में हुए हादसे को देखते हुए सरकार को ज्ञापन देना था। जिसमें उत्तर प्रदेश के 75 जिले से लोग आने थे और 26 राज्यों में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी धरना प्रदर्शन में जाने के लिए हम भी अपनी तैयारी कर रहे थे। लेकिन पुलिस खतौली पुलिस प्रशासन ने हमें रोक कर गिरफ्तार कर जाने नही दिया। लेकिन हम हर हाल में लखनऊ कूच जरूर करेंगे।

# वैश्य शिरोमणि राजा रतन चन्द की मूर्ति का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर।** वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा रजि द्वारा वैश्य शिरोमणि राजा रतन चन्द जी की मूर्ति लोकार्पण का महोत्सव लक्ष्मण विहार स्थित राजवंशी धर्मशाला पर धूम धाम से भव्यता के साथ किया गया।

कार्येक्रम का संचालन शलभ गुप्ता एडवोकेट महामंत्री ओर महिला सभा मंत्री गुंजन गर्ग द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल द्वारा की गई।

मूर्ति लोकार्पण के मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल,मीनाक्षी स्वरूप चेयरमैन ,पूर्व आई.जी. विजय गर्ग,अतुल गुप्ता राजवंश रत्न चंडीगढ़ ,अजय गुप्ता राजवंश रत्न मेरठ,निरंकार स्वरूप,रंजन मित्तल एडवोकेट ,इंगित प्रताप सिंह आई.पी.एस.सौरभ स्वरूप,रहे। विशिष्ट अतिथि सतीश बंसल,आकाश बंसल,नवीन चंद अग्रवाल,सत्य प्रकाश् रेशु,अशोक कंसल पूर्व विधायक आदि रहे। मूर्ति कि पूजा पंडित वीरेंदर शास्त्री द्वारा कराई गई । मा कुलदेवी लक्ष्मी ओर महाराजा अग्रसेन जी महाराज ओर राजा रतन चन्द जी के जयघोष के साथ मूर्ति का लोकार्पण किया गया। आकाश् मै गुलाल ओर पटाखे तथा फूलो की वर्षा कर कार्येकर्म की भव्यता देखने को मिली।राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी द्वारा राजा रतन चन्द जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की ऐसे बहुत महापुरुष मुगलो के समय काल मै इतिहास के पन्नों से गायब कर दिये गये थे राजा रत्न चंद जी जो मीरापुर कस्बे के मुकल्लमपुरा मै जन्मे ओर वही शिक्षा प्राप्त कर अपनी कौशलता ओर कुशाग्र बुद्धि से राजा की उपाधि प्राप्त की। मुगलो के द्वारा लगाया गया जर्जिया कर का विरोध कर हिंदुत्व को आगे बढ़ाया ।जोतपुर की राजकुमारी इंद्रा को फारूकशियार बादशाह की कैद से मुक्त करा एक मिसाल कायम की



दहेज् प्रथा आदि समाज मैं फैली कुरी.तियों का विरोध कर राजवंश समाज की स्थापना की। राजा रतन चंद जी की बढ़ती ख्याति ओर हिंदुत्व के विस्तार से दुखी होकर मुग़ल शासको द्वारा उनका सिर काटकर हाथी के पैरो से कुचलवाया गया परन्तु उन्होंने झुकना स्वीकार नही किया ।तब समाज ने उन्हे शहीद राजा रत्न चंद जी की उपाधि से नवाज़ा ऐसे महान व्यक्तित्व कि मूर्ति के लोकार्पण करते हुए मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है ।महिला सभा अध्यक्ष् अनुराधा गुप्ता, महिला मंत्री गुंजन गर्ग,राजवंश रत्न अजय गुप्ता ओर राजवंश रत्न अतुल गर्ग,विजय गोयल ,सौरभ स्वरूप,अशोक कंसल,कृष्ण गोपाल मित्तल,श्री मोहन तायल,रंजन मित्तल एडवोकेट,सतीश बंसल ,आक.ाश बंसल,सत्य प्रकाश् रेशु,पवन अग्रवाल आदि सम्भोधित किया गया।

# हजारों श्याम प्रेमियों ने निकाली निशान यात्रा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गीताभवन मंदिर से श्री श्याम जी की निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे हारे के सहारे के भजन कीर्तनों पर नृत्य करते हुए झारखंड शिवालय पर पहुँचे जहां श्याम के भक्तों ने निशान चढ़ा कर अपनी मन्नत मांगी। धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी बाबा की आरती कर आशीर्वाद लिया।

रविवार को खतौली घण्टाघर गली स्तिथ गीता भवन मंदिर से बाबा खाटूश्याम जी की निशान यात्रा श्री खाटूश्याम जी युवा मित्र मंडल द्वारा निकाली गई। भव्य विशाल निशान यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो पैठ रोड, बड़ा बाजार, जीटी रोड, नई आबादी से होते हुय झारखंड महादेवालय पर पहुँची। निशान यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चें पुरुष अपने हाथों में बाबा का निशान लेकर हारे के सहारे के भजनों पर नाचते गाते गुलाल उड़ाते हुय चल रहे थे। मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। विभिन्न स्थानों से आए भक्त डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए बाबा के दरबार पहुंचे थे। सभी श्रद्धालुओं ने बाबा को भोग लगाकर निशान समर्पित किए। मंदिर में बाबा श्याम की मनमोहक झांकी सजाई गई। यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुय भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। इस भव्य आयोजन के बाद बाबा का विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। निशान यात्रा में खतौली क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने बाबा



की आरती कर बाबा का गुणगान करते हुय आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड मंदिर में बाबा खाटूश्याम का भव्य मंदिर बनना चाहिए इसके लिए वे बढ़ चढ़ कर कमेटी पदाधिकारियो तन मन धन से साथ है। निशान यात्रा में शिवम अग्रवाल, अभय जैन, वैभव जैन, हिमांशु सिंघल, चिराग जैन, यश छाबड़ा, तरंग जैन, पंकज कुमार, गौरव शर्मा, मोहित सिंघल, नीरज गोगिया, अमित गोयल, गौरव गोयल, शिवम वर्मा, पंकज गुप्ता, मयंक गोयल, अंकुर सिंघल, संजीव शर्मा प्रधानाचार्य, आदि मौजूद रहे।

# जन औषधि केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** एसडी मेडिकल इंस्टीटड्यूट ब्लड बैंक मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भोपा पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भोपा क्षेत्र के दर्जनों युवाओं द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया व रक्तदान करने वालों को उपहार व सर्टिफिकेट प्रदान किये गये।

भोपा में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर एसडी मेडिकल इंस्टीटड्यूट ब्लड बैंक मुजफ्फरनगर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे लगभग 72 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। जन औषधि केंद्र संचालक सुनील कुमार ने कहा कि रक्तदान करना किसी को जीवन दान जैसा है। इस



पुण्य कार्य मे भाग लेकर अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम भोपा, भोकरहेडी ,अथाई, तिस्सा अलीपुरा, नन्हेड़ा, गादला ,चोरावाला, सिकंदरपुर, गड़वाड़ा आदि क्षेत्र वासियों का संपूर्ण सहयोग रहा।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भुगतान को लेकर बजाज शुगर मिल पर किसानों का धरना, मिल गेट पर लगाया ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गन्ना भुगतान की मांग को लेकर संयुक्त किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में किसानों ने बजाज शुगर मिल के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और गेट पर ताला जड़ दिया। किसानों का साफ कहना है कि जब तक पूरा भुगतान नहीं होगा, तब तक मिल से चीनी, शीरा और खोई बाहर नहीं जाने दी जाएगी।धरना प्रदर्शन सुबह 11 बजे से शुरू हुआ, जिसमें किसानों का हुजूम लगातार बढ़ता गया। दोपहर 12 बजे से आंदोलन तेज हो गया, लेकिन चार घंटे बीतने के बाद भी मिल प्रशासन का कोई अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने मिल गेट पर ताला लगा दिया।



### 230 करोड़ बकाया, 17 दिन का ही भुगतान

संयुक्त किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी कपिल राणा ने कहा कि चार महीने में केवल 17 दिन का गन्ना भुगतान हुआ है, जबकि 230 करोड़ रूपए का भुगतान अभी भी बकाया है। किसान राजू ठाकुर ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 14 दिन में भुगतान देने का दावा करती है, लेकिन बजाज शुगर मिल चार महीने बाद भी भुगतान नहीं कर रही।

### किसानों की बिगड़ती आर्थिक हालत

पूर्व ब्लॉक प्रमुख शेर सिंह राणा ने किसानों का समर्थन करते हुए कहा कि जब अन्य शुगर मिलें गन्ने का भुगतान कर रही हैं, तो बजाज ग्रुप ही क्यों अड़ंगा डाल रहा है? उन्होंने कहा कि किसानों को बिजली के कनेक्शन कटने, बच्चों की फीस न जमा कर पाने और त्योहार मनाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लाल्ला ठाकुर ने चेतावनी दी कि अगर जल्द भुगतान नहीं हुआ, तो कल से मिल के प्रशासनिक भवन पर भी ताला लगाया जाएगा।

किसानों ने ऐलान किया है कि जब तक पूरा भुगतान नहीं मिलेगा, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। साथ ही, अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो मिल प्रशासन को अपने बीच बैठाकर प्रदर्शन किया जाएगा। धरना स्थल पर हरेंद्र राणा, लाखन सिंह, उमेश सिंह, रणवीर सिंह, संदीप राणा समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# चौसाना के भड़ी भरतपुरी में जलभराव से ग्रामीण परेशान, प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना के भडी भरतपुरी में जन आरोग्य मंदिर के सामने जल निकासी न होने के कारण सड़क पर गंदगी और जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन और ग्राम प्रधान की उदासीनता के कारण स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की, लेकिन समाधान के बजाय उन्हें निराशा ही हाथ लगी।

गांव के जाहिद, फरमान, इकलाख, लुकमान, तसवार, इमरान, इंतजार, इस्तकार, उस्मान, शाहरुख, सलमान, गुलजार, नौशाद, इस्लाम समेत कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस जलभराव से सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। पानी भर जाने से स्कूल जाने वाले बच्चों को दिक्कत होती है और बुजुर्गों को भी आने-जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई लोग इस गंदे पानी से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

गांव वालों का कहना है कि जब वे इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान के पास पहुंचे तो उन्होंने किसी भी तरह की मदद करने से इनकार कर दिया। एक ग्रामीण ने बताया कि प्रधान ने साफ शब्दों में कह दिया, ष्मैं अपना इस्तीफा दे दूंगा, पर इसको ठीक नहीं कराऊंगा। प्रधान के इस रवैए से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जब जन आरोग्य मंदिर के सामने ही जलभराव और गंदगी का यह हाल है, तो बाकी गांव में सफाई की क्या स्थिति होगी।



जन आरोग्य मंदिर के सामने जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करते हुए।

गांव की इस बड़ी समस्या को नजरअंदाज करने के कारण ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करे। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि यदि जल्द से जल्द सफाई नहीं कराई गई और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

जब यह मामला सचिव अनुज चौधरी के पास पहुंचा तो उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि ष्एक किसान ने पानी निकासी का रास्ता रोक दिया है, जिसके कारण यह समस्या बनी हुई है। लेकिन हम जल्द ही सफाई कराएंगे और पानी निकासी की समस्या को हल करने का प्रयास करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही सफाई नहीं कराई गई और जल निकासी के लिए उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। गंदे पानी के भराव से गांव में बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। गंदगी और जलभराव से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने इस ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की अपील की है।

# रमजान बरकत रहमत का महीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** इस्लाम में रमजान का महीना सबसे पाक और बरकतों से भरा होता है। यह सिर्फ रोजा रखने और भूखे-प्यासे रहने का महीना नहीं, बल्कि आत्मसंयम, इबादत और कुरान करीम से जुड़ने का जरिया है। अल्लाह तआला ने कुरआन करीम को रमजान के ही महीने में नाजिल किया।



मुफ्ती मुहम्मद आजम कासमी ने बताया कि सूरह अल-बकरा 185 आएत में इरशाद है कि रमजान का महीना वह है, जिसमें कुरआन नाजिल किया गया, जो लोगों के लिए हिदायत है और हिदायत व फर्क करने वाली बातें स्पष्ट रूप से बयान करता है। उन्होंने कहा कि कुरआन करीम की तिलावत और समझ रमजान में और अधिक अहमियत रखती है। पैगम्बर मोहम्मद हर साल रमजान में हजरत जिब्रील अमीन के साथ पूरे कुरआन का दौर किया करते थे, और आखिरी साल दो बार यह अमल दो. हराया गया। इससे यह बात समझ में आती है कि रमजान कुरआन की तिलावत, और अमल करने का सबसे बेहतरीन मौका है। मुफ्ती आजम ने कहा कि रमजान का मकसद सिर्फ इबादत और तिलावत तक सीमित नहीं, बल्कि यह कुरआनी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का महीना भी है। हमें कुरआन में दिए गए आद. ेशों पर अमल करना चाहिए, जैसे कि सच्चाई, सब्र, ईमानदारी और इंसा. नियत की खिदमत भी शामिल है।

रमजान सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं, बल्कि यह आत्मसंयम और खुद को सुधारने का वक्त है। रोजा हमें नफ्स पर काबू पाने, बुरे ख्यालों से बचने और अपने अंदर अल्लाह का डर द्धतकवाऋ पैदा करने की सीख देता है। रमजान रहमत, मगफिरत और जहन्नम से निजात पाने का महीना है। इस महीने की हर रात में अल्लाह अपने बंदों को जहन्नम से आजाद करता है। हमें चाहिए कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, दुआ करें, तिलावत करें और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगें। रमजान और कुरआन का आपसी रिश्ता हमें यह सिखाता है कि हम सिर्फ तिलावत करने तक सीमित न रहें, बल्कि कुरआन को समझें और उस पर अमल करें। यह महीना अपने अंदर बदलाव लाने का, गुनाहों से तौबा करने का और अल्लाह की रहमतों को हासिल करने का बेहतरीन मौका है। हमें इसे अल्लाह की एक बड़ी नेमत समझकर पूरी शिद्दत के साथ गुजारना चाहिए।

## राष्ट्रीय प्रेस क्लब ने जताया शोक

**चांदपुर।** राष्ट्रीय प्रेस क्लब चांदपुर परिवार ने लखनऊ बरेली हाईवे पर स्थित ग्राम इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में एक दैनिक समाच. ार पत्र के संवाददाता राघवेंद्र वाजपेई की किन्ही अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

## आवारा कुत्तो का आतंक, हमलाकर एक दिन मे पांच को काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** गांव हसनपुर लुहारी में आवारा कुत्तो का आंतक छोटे बच्चो पर आए दिन टूट रहा है। आवारा कुत्ते मवेशियों के बाद अब घर के बाहर खेलते समय छोटे बच्चो पर भी हमला घायल कर रहे हैं। दो माह पूर्व आवारा कुत्तो ने चार बच्चो पर हमला कर घायल कर दिया था तो वही रविवार को फिर मुबाशिर और उसकी बहन पर हमला कर दोनो को घायल कर दिया। दोनो भाई बहन पर आवारा कुत्तो ने हमला कर पांच जगह से घायल किया। दोनो ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इसके आलावा तीन बच्चो पर और हमला किया। आवारा कुत्तो के आतंक से गांव मे दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पढाई के लिए बच्चो को बाहर भेजने पर भी डर लगने लगा है। घर मे घुस कर अब आवारा कुत्तो का हमला करने से डर रहने लगा है। उन्होने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकडने की मांग की है।



## दुकानदार को मारपीट कर किया घायल,दी तहरीर

**कैराना।** अफगानान निवासी जुनैद पुत्र नवाब ने कोतवाली पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन की शादी कस्बे के मोहल्ला गुलशन नगर में हुई है। बताया कि मेने मोबाइल रिपेरिंग की दुकान भी मोहल्ला गुलशन नगर में कर रखी है। आरोप है कि उसकी बहन का देवर आबिद पुत्र अलमदीन अपने साथ तीन लोगों को लेकर दुकान पर पहुंचा और आते ही गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने दुकानदार के साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया।

# होली मिलन कार्यक्रम में आपसी सौहार्द का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पत्रकार परिवार द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया।




रविवार को शहर के तालाब रोड स्थित जैन धर्मशाला में पत्रकार परिवार द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार दिनेश भारद्वाज, कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री, ओमपाल सिंह, रामबीर राठी ने किया। इस दौरान पत्रकारों द्वारा एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाऐं दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी भाईचारे का पर्व है। सभी भाईचारे के साथ त्यौहारों को मनाए और पक्के रंगों का प्रयोग न कर गुलाल से होली खेले। इस दौरान वक्ताओं द्वारा कविता, गीत, शायरी आदि भी सुनाई गई। इसके बाद विभिन्न प्र्रतियोगिताऐं हुई, जिसमें कौन होगा ज्ञानवान, लूडों प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिताऐं हुई। जिसमें विजेताओं का घोषणा बाद में की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन पंकज जैन ने किया। कार्यक्रम के पश्चात जनपद सीतापुर में पत्रकार की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में भी पत्रकार को दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जितेन्द भारद्वाज, कंवरपाल सिंह, पुष्पेन्द्र भारद्वाज, आनंद प्रकाश, दीपक वर्मा, अमित शर्मा, नदीम अहमद, सागर कौशिक, दीपक शर्मा, आकाश शर्मा, पंकज प्रजापति, प्रवीन वशिष्ठ, रवि जागलान, दीपक पंडित, दीपक राठी, श्रवण शर्मा, रवि सुला. निया, विकास कौशिक, राहुल शर्मा, वरूण पंवार, शौकीन सिददीकी, अजय बावरा, अमित तरार, रोहित बालियान, सालिम, आसमौहम्मद, वासु, नीरज शर्मा, नवनीत गर्ग, रजत गोयल, हिमांशु शर्मा, आधार जैन, पंकज मलिक आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पांच लीटर शराब के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिक. ारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 5 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त शिवकुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी मौहल्ला बरखण्डी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### तमंचा व कारतूस सहित युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा मय 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सन्दीप उर्फ चीनी पुत्र राजपाल निवासी ब्लाक रोड रामसागर गली नं0 02 थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चौकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को 1 अवैध चाकू सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त उमरदीन पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला चांद मस्जिद कलन्दरशाह थाना कोतवाली जनपद शामली है।

# होली मिलन उत्सव में किया गया महिलाओं को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की शामली जिला व नगर इकाई द्वारा शामली के नगर पालिका परिषद के ऊपरी हाल में आयोजित होली मिलन उत्सव समारोह की अध्यक्षता करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग द्वारा समारोह मेंउपस्थित सभी महिला पदाधिकारीयों व महिला सदस्योंकाअभिनंदन करते हुए सम्मानित किया गया , होली मिलन उत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता फोरम के जिला जज माननीय हेमंत कुमार जी एवं शामली जनपद के अपर जिलाधिकारी न्यायिक माननीय परमानंद झा जी वह संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग तथा नगर पालिका परिषद के चेयरमैन माननीय अरविंद संगल जी को संगठन के सदस्यों ने तिलक लगाकर तथा माला व पटका पहनाकर सभी अतिथियों का अभिनंदन व स्वागत किया, समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि नारी शक्ति हमारे देश की शक्ति है हमें वर्ष में एक दिन नहीं बल्कि पूरे वर्ष के हर दिन में नारी का सम्मान करना चाहिए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि देश की महिला मां दुर्गा , मां सरस्वती और मां लक्ष्मी के रूप में वंदनीय पूजनीय है सभी तीनों शक्तियां महिला शक्ति में समायोजित है जिनका हम हृदय की गहराइयों से वंदन अभिनंदन और स्वागत करते हैं प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग द्वारा सभी महिला पदाधिकारीयों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्होंने कहा नारी शक्ति वर्ष के मात्र एक दिन ही नहीं बल्कि वर्ष के हर दिन में पूजनीय व वंदनानीय है नारी शक्ति में ही हम सभी देशवासियों की शक्ति निहित है इसलिए हमें हर दिन नारी का सम्मान करना चाहिए कार्यक्रम के अंत में सभागार में उपस्थित सभी व्यापारियों एवं अतिथियों ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर धूमधाम के साथ होली मिलन उत्सव मनाते हुए एक दूसरे को होली के पावन एवं महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह जी द्वारा किया गया और अंत में नगर अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने सभी उपस्थित व्यापारियों, महिला पदाधिकारीयों एवं अतिथियों का सम्मान करते हुए सबका आभार व्यक्त किया तथा सभी को सूक्ष्म चटपटी चाट के जलपान पर आमंत्रित कर समारोह का समापन किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह ,सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री ,नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, रवि संगल नगर महामंत्री, महेश धीमान नगर कोषाध्यक्ष ,अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, प्रदेश की महिला उपाध्यक्ष सुदेश संगल, प्रदेश संगठन मंत्री महिला शशि अरोड़ा, स्नेह लता गर्ग ,रश्मि गर्ग ,ऋतु जैन, शिखागोयल, प्रदीप संगल ,आशु पूरी, वैभव गोयल, राजेश जैन, विनोद शास्त्री, मनोज मित्तल ,आलोक सैनी, आशु बतरा , कविता संगल ,कविता गुप्ता, सुनीता आर्य आदि उपस्थित रहे।

# होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम शामली ने दिल्ली रोड पर एक रेस्टोरेंट पर पारिवारिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। जिसमें शुभारंभ मुख्यअतिथि अरविंद संगल चेयरमैन नगर पालिका परिषद शामली, अंकित गोयल वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल, अनुज गर्ग समाजसेवी, यशपाल पवार समाजसेवी, मार्गदर्शक अरविंद .ष्टा महाराज,अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन अजय गर्ग, अनुराग जैन, मनोज धीमान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण स्कूली बच्चों द्वारा संस्कृति प्रोग्राम का आयोजन, एवं राजेंद्र चोटा एण्ड पार्टी द्वारा भी होली पर ऊपर विशेष झांकियां का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें पहलाद नाटिका, मीराबाई भजन नाटिका, बाल कन्हैया माता यशोदा से विवाह का आग्रह करते हैं,



बच्चों का नाटक, आदि प्रस्तुतीकरण किया गया। एलसीडी पर सीधा प्रसारण किया गया। संरक्षक मुकेश गर्ग एडवोकेट ने बताया इस वर्ष संगम का 38 सालों में ऐतिहासिक वर्ष रहा। जिसमें पांच भव्य प्रोग्राम पारिवारिक का आयोजन किया गया। जिसमें ऐतिहासिक भीड़ रही।

सभी कार्यक्रम अलग हटकर किए गए। सुंदर रूपरेखा बनाकर। संगम संरक्षक एवं अतिथिगण ने 2025 संगम अवार्ड सत्र संयोजक विनोद मित्तल, अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल, सचिव मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष भटनागर को दिया गया। कार्यक्रम में हास्य कविताएं, होली गीत, डीजे पर होली भजनों पर नृत्य हैं फूलों की होली का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी महिलाएं बच्चे पुरुषों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम में अपार भीड़ रही। कार्यक्रम संयोजक महेश गुप्ता, राक. ेश शर्मा, संदीप चौहान, विवेक जैन, प्रभात भार्गव, शिवानु बंसल, डॉ नीरज वशिष्ठ रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। और कहां की आपके सहयोग से ही यह सब कार्यक्रम कर पाए। जो अवार्ड हमें दिया गया वे सभी का अवार्ड है। सभी की मेहनत है।

इस अवसर पर सत्र संयोजक विनोद मित्तल, अध्यक्ष डॉ राजीव बंसल, सचिव मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष भटनागर,प्रदीप बंसल , डॉक्टर अजय चौधरी, मनोज मित्तल, सुधीर कुमार सिंघल, विकास कौशिक, रवि संगल, अजय जैन, विजय शर्मा, राम भरोसे शर्मा, राम. निवास सैनी, सुभाष सैनी, दीपक शर्मा, अनिल बंसल, प्रदीप शर्मा, राजीव जैन, राजकुमार जैन, कंवर वीर कंबोज, रूपेश त्यागी, सतेंद्र शर्मा, महेश सिरोही, मनोज गोयल, विक्की मित्तल, दिनेश शर्मा, एडवोकेट विकास शर्मा, बृजपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# उधम सिंह स्टेडियम में मनाया गया खेल महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली महोत्सव के अन्तर्गत रविवार को शहर के उधम सिंह स्टेडियम में शामली खेल महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बैडमिंटन, शूटिंग, वॉलीवाल, कबडडी आदि प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई, जिसमें खिलाडियों ने बढचढकर हिस्सा लिया। रविवार को शहर के उधम सिंह स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम संतोष कुमार सिंह व विशिष्ठ अतिथि हरबीर मलिक ने किया। एडीएम ने कहा कि खिलाडी खेलों के माध्यम से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अपने जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करना चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी खेलों को प्रोत्साहित करने में लगे है। खिलाडियों को जिले में भी हर संभव सुविधाऐं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाडियों को शहर के वीवी पीजी कालेज में महोत्सव के अंतिम दिन सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कबडडी कोच संजू मलिक, संजीव कुमार, शूटिंग प्रशिक्षक मुकेश चौधरी, आशीष त्यागी, बैडमिंटन कोच शिवम मलिक, वॉलीवॉल कोच दीपक चौधरी, भरतवीर चौधरी, प्रशांत मलिक, संजीव पंवार, तपन मलिक, नितिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने नृत्य कर मनाया फाल्गुन उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खाटू श्याम परिवार द्वारा मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर छठां श्याम रंग रंगीलो फाल्गुन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाबा का भव्य एवं सुंदर दरबार रहा। कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।





शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर शनिवार की रात खाटू श्याम परिवार द्वारा छठां श्याम रंग रंगीलो फाल्गुन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन हरीश नामदेव ने किया। कोलकाता से आए भजन कलाकार सौरभ शर्मा ने पलके-पलके बिछाएंगे, जब श्याम बाबा घर आएंगे, कीर्तन की है रात, बाबा आज तुझे आना है सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कटिहार से आए भजन गायक आदर्श दाधिच ने हाथों में लेकर निशान चला रे मैं तो बाबा के द्वार चला रहे, मैं तो श्याम बाबा के द्वार चला रहे, आयो सांवरिया सरकार नील पर चढके के घोडे पर चढके, क्यूं घबराऊं मैं मेरा तो श्याम से नाता है, सुनाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया।

हरीश नामदेव ने जब से दुनिया के दुख दूर हमारे हो गए तब से हम श्याम बाबा के हो गए आदि भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाबा का सुंदर एवं आकर्षक दरबार रहा। बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद भी अर्पित किया गया। कार्यक्रम में केवीआर म्युजिकल ग्रुप कोलकाता ने भी अपनी प्रस्तुति दी। महोत्सव में देर रात तक श्रद्धालु भजनों के आनंद में डूबे रहे। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया।

# एसएसपी सजवाण का थाना चिलकाना में वार्षिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर वार्षिक निरीक्षण के लिए पहुंचे एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, सायबर हेल्प डेस्क, मालखाना, बन्दीगृह, अभिलेख, बीट बुक रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, सीसी टीएनएस रूम, शस्त्रागार, मैस, हाजरी रजिस्टर, थाना के आवासीय परिसर, थाने में खडे मुकदमाती वाहनों व थाना की साफ सफाई आदि का बारीकी से निरीक्षण किया।

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने थाना चिलकाना पहुंच थाना की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एसपी सिटी व्योम बिंदल व सीओ सदर मनोज कुमार यादव भी मोजूद रहे। निरिक्षण को लेकर थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी व प्रभारी निरीक्षक कपिल देव द्वारा थाना कार्यालय को सुन्दर व भव्य तरीके से सजाया गया था। इस दौरान एसएसपी थाना की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। निरिक्षण के दौरान उन्होंने महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपनिरीक्षकों से भी सवाल जवाब किये।

इस दौरान एसएसपी ने थाना पर नियुक्त सभी कर्मचारियों के साथ वार्ता करके उनकी समस्याओं को भी जाना। उन्होंने थाना प्रभारी को अभिलेख जल्द पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने, थाना परिसर को साफ स्वच्छ रखने, प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाने व निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी खामियों को जल्द दूर करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, एसआई राजेन्द्र कुमार, संजीव यादव, विनोद ढाका, नरेश चौधरी, राजकुमार, नरेंद्र कुमार, महिला एसआई मोनिका यादव, कुमारी रश्मि व रश्मि कुमारी आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने में निभाएं भूमिका: साकेत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** आरोग्य शिक्षा प्रभारी डा. साकेत कुमार गर्ग ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार के साथ साथ सामाजिक संस्थाओ को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

ग्राम नागल माफी मे सामाजिक निर्वहन सम्भाग पश्चिम के तहत विद्यालय ग्राम नागलमाफी में एकल अभियान के माध्यम निशुल्क स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें सम्भाग आरोग्य शिक्षा प्रभारी डा. साकेत कुमार गर्ग ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो मे आज भी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव देखने को मिलता है, ऐसे मे सरकार के साथ साथ सामाजिक संस्थाओ को भी आगे आना चाहिए। उनके द्वारा मरीजों की जांच कर दवाईया वितरित की गयी। शिविर मे सैकड़ो मरीजों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर गांव की ग्राम समिति व कार्यकर्ता अंचल अभियान प्रमुख राकेश कुमार अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक बहन अनूपा आचार्या बहन शिवानी आदि दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

# फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी संपन्न

## डीएम मनीष बंसल व समाजसेवी डा.कर्णसिंह सैनी ने किया अवलोकन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में चल रही दो दिवसीय मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया।

समापन मौके पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पुरस्कार वितरण किया। प्रतियोगिता में आईटीसी प्रथम स्थान व स्टार पेपर मिल द्वितीय स्थान पर रहा। प्रदर्शनी में जिलाधिकारी मनीष बंसल के साथ जानेमाने चिकित्सक व समाजसेवी डा.कर्णसिंह सैनी ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डा.कर्ण सिंह सैनी ने कहा कि प्रदर्शनी में काफी अच्छे तरीके से प्रबंधन किया गया है। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह भी मौजूद रहे।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाला हत्थे चढ़ा

**छुटमलपुर।** पुलिस टीम ने विगत दिनों नाबालिग को फुसलाकर भाग ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम महिला उप निरीक्षक सुमन, उप निरीक्षक अनिल तेवतिया, हेड कांस्टेबल रोहित राणा, कॉन्स्टेबल अमित तोमर ने मुखबिर की सूचना पर नौशाद पुत्र अल्ताफ निवासी बंजारों वाला हरिद्वार को बड़कला फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा युवक को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। आपको बता दें कि विगत दिनों थाना फतेहपुर पर नाबालिक के पिता ने पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध मे लिखित तहरीर देते हुए नौशाद व सलमान को नामजद किया था।

# आठ शब में कुरआन ए पाक कराया मुकम्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** रमजान माह में 8 दिन की तरावीह मुकम्मल हो गई। तरावीह की नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगी गईं।

कस्बे के रॉयल पेलेस में रमजान महीने की 8 दिन की तरावीह की नमाज शनिवार रात को मुकम्मल हो गई। तरावीह पूरी होने के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए कस्बे के मुफ्ती असजद ने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह ने हमें इनाम में दिया है। हमें पांचों वक्त की नमाज पाबंदी के साथ अदा करनी चाहिए और रोजे का एहतमाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 8 दिन में पूरा कुरआन सुना है, वे आगे भी मस्जिदों में पूरे महीने तरावीह सुनें। उन्होंने ने कहा कि इस्लामिक कैलेंडर के सभी महीनों में रमजान को सबसे खास माना गया है। इस पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं, पांच वक्त की नमाज पढ़ी जाती है और जकात अदा की जाती है। उन्होंने कहा कि तरावीह के दौरान की गई हर दुआ को अल्लाह कुबूल करता है। इस दौरान मुल्क और कौम की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ कराई गई। मदरसा मजाहिर उलूम के उस्ताद हजरत मौलाना मोहम्मद एहमद ने अपील की कि आने वाली 14 मार्च को होली और जुमा एक ही दिन है, ऐसे में सभी लोग अपनी नजदीकी मस्जिद में ही जुमे की नमाज अदा करें। उन्होंने कहा कि किसी को भी बिना वजह बाहर नहीं जाना चाहिए और बाजारों में जाने से परहेज करना चाहिए। अमन और भाईचारे को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर अरशद शेख अजीम मलिक अ. वक्कार शेख हाजी आफताब पीरजादा फैजान खान फरहान फराज अमीर चौधरी वाजिद हांजो अहसान कुरैशी रिजवान शिफाअल मलिक अजीम मिर्जा आदि मौजूद रहे।

# इंजेक्शन या ग्लूकोज लगवाने से नहीं टूटता रोजा: मौलाना शमशीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने बताया कि इंजेक्शन या ग्लूकोज लगवाने से रोजा नहीं टूटता क्योंकि इसमें दी जाने वाली दवाई खाने पीने की चीजों में शुमार नहीं की जाती।

मदरसा दावतुल हक मुइनिया के प्रबंधक हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने रमजान के मुताल्लिक जानकारी देते हुए बताया कि रोजा अल्लाह की पसंदीदा इबादत है।जहाँ इसमें कुछ पाबंदियां हैं वहीं बहुत सहूलियत भी दी गई है।उन्होंने कहा कि रोजा रखने के बाद अगर किसी की तबीयत अचानक खराब हो जाए और डॉ कहें कि इंजेक्शन या ग्लूकोज लगाना जरूरी है तो लगवा देना चाहिए उससे रोजा नहीं टूटेगा।यहाँ तक कि अगर ऐसी हालत हो कि खून चढ़वाना पड़े तो खून चढ़वा सकते हैं उससे भी रोजा नहीं टूटेगा। मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि रोजेदार को बहुत एहतियात भी रखनी चाहिए।रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है। आँख कान और जबान पर काबू रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को अपनी नफ्स पर काबू करना सिखा देता है।

# पीड़ित किसान परिवार से मिले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर में जमीनी विवाद के चलते खुद को आग के हवाले कर आग से झुलसने वाले पीडित किसान वेदप्रकाश के आवास पर दिन भर अनेक संगठनों द्वारा बैठको का दौर जारी रहा। सभी संगठनों ने पीड़ित किसान के परिवार को हर सम्भव सहयोग का आश्वासन देते हुए दोषी व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करवाये जाने की बात कही है।

सीएचसी सुल्तानपुर के निकट जमीनी विवाद में किसान वेदप्रकाश द्वारा खुद को आग के हवाले कर आत्मदाह का प्रयास करने के प्रकरण में पीडित किसान के आवास पर आज रविवार को दिन भर भारतीय किसान यूनियन टिकैत, शिरोमणि पंत अकाली बुड्डादल बेहट, गुरु सिंह साहिब सभा सहारनपुर, भीम आर्मी संगठन एवं शाहजहाँ पुर से आये सिक्ख संगठनो की बैठकें चलती रही। बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने उक्त प्रकरण में दोषी लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की। भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय सचिव विनय कुमार ने कहा कि अभी यह भी साफ नही है कि पीड़ित किसान वेदप्रकाश ने आत्महत्या का प्रयास किया है या उसकी हत्या करने की कोशिश की गई है। उच्च अधिकारी इस प्रकरण की निष्पक्ष तरीके से जांच करवाएं। इस प्रकरण में एसडीएम सदर व चिलकाना थाना प्रभारी द्वारा सबसे बडी चूक की गई है।

उन्होंने कहा कि उक्त प्रकरण के सभी दोषियों पर कार्यवाही करवाये जाने को लेकर कल वह उच्च अधिकारियों से मिलेंगे। यदि उच्च अधिकारियों द्वारा दोषियों के विरुद्ध कोई कड़ी कार्यवाही नही की जाती है। तब पीड़ित किसान की इस लड़ाई को बडे स्तर पर लड़ा जायेगा। ऐसी दशा में भाकियू कार्यकर्ताओ द्वारा जगह जगह आंदोलन किये जायेंगे।

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी, महानगर अध्यक्ष मुकेश तोमर, जिला महासचिव अमित मुखिया, मीडिया प्रभारी तासीन चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मेवाराम गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी आदिल, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लाड़ी, ब्लॉक महासचिव सरदार जगतार सिंह व भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं गुरु सिंह सभा सहारनपुर से आये गुरप्रीत सिंह बग्गा, गुरमेंद्र सिंह कालड़ा, बाबा अमरेंद्र सिंह, जगप्रीत सिंह, हरजीत सिंह, वेदपाल सिंह, जुनेजा, रिंकू डग्गा, प्रीत सिंह चड्डा, सरदार विजेंद्र सिंह, शिरोमणी पंत अकाली बुड्डादल बेहट व शाहजहांपुर से आये सरदार बिजेंद्र सिंह खालसा, राजवीर सिंह खालसा, राज सिंह खालसा, पंकज सिंह खालसा, अजमेर सिंह खालसा, जोगेंद्र सिंह खालसा, नरेन्द्र सिंह खालसा, निहाल सिंह खालसा, रणजोत सिंह खालसा, अर्जुन सिंह खालसा, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सन्नी गौतम व भारतीय शिक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम गौतम ने भी पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन देते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करवाये जाने की बात कही है।

## कथा को विश्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर में एकता जनसेवा समिति के तत्वाधान में श्री राम कथा का पूजन, हवन तथा भंडारे के साथ समापन हो गया।

रविवार को पंडित अनिल शर्मा की देखरेख में पूजन तथा हवन संपन्न हुआ। हवन में यजमान के रूप में राजकुमार सैनी, सोपाल कांबोज, डॉक्टर दीपक सैनी, अजय कुमार, नरेंद्र कश्यप, विनोद कुमार, बालकृष्ण शर्मा, अमित उपाध्याय, शक्ति चौधरी आदि रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सरसावा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पंवार तथा दीपक सैनी पटनी रहे। आचार्य सुभाष शर्मा ने कहा कि राम कथा का विस्तार इतना है कि उसके बारे में जिसे कहना भी कठिन है। उन्होंने कहा कि हमें राम के चरित्र का गहनता से अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री राम ने एक भाई, पुत्र पति की विभिन्न भूमिका निभाते हुए सभी को संदेश दिया है।

# होली हमारी सांस्कृतिक धरोहर: राघव




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जागृत युवा ब्राहमण सभा द्वारा होली मिलन मनाते हुए फूलों व रंगों से होली खेली गई।

सर्किट हाउस रोड पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि होली का त्यौहार हमारी सांस्कृति धरोहर है और हमें इस धरोहर के साथ ही अपनी पुरानी परंपराओं की रक्षा करनी होगी। कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व डीजीसी गोकरणदत्त शर्मा, पं.शैलेंद्र तिवारी, पंडित आत्मानुभवि महाराज, बार सघ के पूर्व अध्यक्ष अरविंद शर्मा, रविंद्र शर्मा व हरिओम मिश्रा ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवम मुंह मिठा करके होली की शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम में डॉ शिवकुमार शर्माहरिओम मिश्रा अनुभव भारद्वाज शिवम् कौशल हेमंत शर्मा अतुल पराशर अश्वनी शर्मा पदम शर्मा सूर्य प्रकाश शर्मा निकुंज शर्मा संजय शर्मा सौरभ तिवारी विशाल शर्मा गौरव शर्मा चेतन शर्मा उदित कपिल यश शर्मा दीपक शर्मा गोपाल शर्मा पूजा शर्मा निशा शर्मा बृजेश शर्मा अर्जुन पंडित वैभव शर्मा अमित शर्मा वैभव जैमिनी मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन शर्मा ने किया।

## एफबीडी ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा जनपद सहारनपुर के जिला अस्पताल रक्त कोष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक अनोखे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस रक्तदान शिविर की खास बात यह थी कि यह रक्तदान शिविर एफबीडी ट्रस्ट कोर कमेटी की महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओं द्वारा ही रक्तदान किया गया जिसके फलस्वरूप कुल 105 यूनिट रक्तदान हुआ। उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार केवल महिलाओं के लिए यह अनोखा रक्तदान शिविर संस्था द्वारा आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन डॉ अर्चना द्विवेदी, कुमारी कोमल, डॉ नीता यादव, डॉ नैना मिगलानी द्वारा किया गया।

# रैली से युवाओं को योगाभ्यास के प्रति किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** गोचर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर में रैली के माध्यम से युवाओं को योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

जंधेड़ा समसपुर में प्राथमिक विद्यालय में गोचर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ एनएसएस प्रार्थना एवं संकल्प गीत के साथ किया गया। इसके बाद स्वयं सेवकों ने विद्यालय प्रांगण में तीनों कार्यक्रम अधिकारियों डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ ज्ञान सिंह एवं डॉ राज किशोर के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद सहारनपुर के सहज योग केंद्र से आये सहज योगी श्रीमती श्रद्धा श्रीवास्तव एवं अरविन्द ने स्वयं सेवकों को सहज योग एवं मैडिटेशन के माध्यम से जीवन में संतुलन बनाने की सलाह दी और सहज योग का अभ्यास भी कराया।

युवाओं के लिए सामान्य स्वास्थ्य की समस्याओं और उनके समाधान पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गोचर महाविद्यालय के कृषि संकाय के प्रोफेसर एवं महाविद्यालय के पूर्व एनएसएस अधिकारी और प्राथमिक चिकित्सा इकाई के प्रभारी डॉ अश्वनी पंवार ने युवाओं के भौतिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित समस्याओं और उनके समाधानों पर विस्तार से चर्चा की। अंत में एड्स एवं युवा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान पर कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ ज्ञान सिंह एवं डॉ राज किशोर के निर्देशन में संपन्न हुए।अंत में राष्ट्रगान के साथ दूसरे दिन के कार्यक्रम का समापन किया गया।

# शिविर में 135 लोगों का स्वैच्छिक रक्तदान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सिम्मी वैलफेयर फाउंडेशन ने जय हिंद सामाजिक संस्था की महिला विंग व लांयस क्लब गंगोह सैंट्रल के सहयोग से समाज सेविका सिम्मी टेबक की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर 135 लोगों द्वारा रक्तदान किया।

शिव चौक स्थित पंचायती धर्मशाला रामलीला भवन में सिम्मी टेबक की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप अरविंद कपूर, अरविंद टेबक, अतुल मित्तल, प्रदीप तायल, पल्ल्वी अरोड़ा, निशांत मोंग्स, रविकांत सैनी ने दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान करने से आप की उम्र ही नहीं लंबी होती है बल्कि शरीर में रक्त संचार भी तेजी से बढ़ता है। उन्होने कहा कि समय-समय पर हम सब को निश्चित रूप से रक्तदान कर पूण्य का भागी बनना चाहिए। आप के रक्त से किसी की जान बच सकती है। मुनेश नामदेव, सुशील मित्तल ने रक्तदान करने बाद कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का काम है। एक बूंद से किसी की जिदंगी बच सकती है।

षिविर में अमित गैरा, मुनेश नामदेव, सुशील मित्तल सहित 135 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर में युवाओं व महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिला चिकित्सालय की टीम ने संपूर्ण जांच के बाद रक्त संग्रह कराया। इस मौके पर सपना टेबक, मानू टेबक, मोनिका सरदाना, तनिष्का सरदाना, रिया अग्रवाल, तलविंद्र कपूर, पायल बंसल, अजंली गर्ग, निधि, नितिन, दिनेश, शुभम, उमंग शर्मा, दानिश, रजत, आदि मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

हादसा रविवार का है। कोतवाली बेहट इलाके के गांव कलसिया निवासी 25 वर्षीय अनुज कुमार पुत्र मदनलाल रविवार की सुबह बेहट की ओर से वापस अपने गांव कलसिया लौट रहा था। जैसे ही वह बेहट व कलसिया के बीच स्थित वन विभाग की नर्सरी के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली बेहट के दरोगा रॉबिल्स कुमार, दरोगा रवि कुमार व दरोगा अजयवीर मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवक की मौत की खबर से परिजनों में भी कोहराम मच गया।

## रंग उत्सव मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री सनातन धर्म मंदिर के तत्वावधान में आज सांय महिला शक्ति मंडल के तत्वावधान में होली के रंग- कान्हा के संग उत्सव बड़ी धूमधाम से भजन कीर्तन व फूलों की होली से मनाया गया। जिसमें श्रद्धालु महिलाओं ने राधा कृष्ण के दरबार में जाकर फूलों की होली खेली सभी भक्तिमय माहौल में सराबोर होकर झूमते नाचते रहे।

सुभाष नगर स्थित मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शालिनी चावला व सुमन पटपटिया ने जब गीत भजन होली खेलें तो आ जईयो बरसाने रसिया शुरू किया तो वहीं मौजूद महिला शक्ति थिरकने लगे। इनके अलावा आज ब्रज में होली रे रसिया होली रे रसिया पर झोली रे रसिया, मेरा खो गया बाजू बंद रसिया होली में भजन सुनकर सभी श्रद्धालु मंदिर परिसर में जमकर फूलों की होली के साथ नाचते रहे।

# मुशायरे में शायरों ने पढ़ा अपना कलाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली महोत्सव में अखिल भारतीय मुशायरा आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कौसर जैदी कैरानवी व संचालन गुलजार जिगर ने किया। कार्यक्रम का शुभारम एडीएम संतोष कुमार एवं प्रसिद्ध शायर डा। नवाज देव. बंदी ने संयुक्त रूप से शमा रोशन करके किया। कार्यक्रम जावेद आसी के देश भक्ति गीत से शुरुआत हुई। मुशायरा का मुख्य आकर्षण मशहूर शायर डा। नवाज देवबंदी रहे। उन्होने खूबसूरत अंदाज में शामली महोत्सव की बधाई देते हुए पढ़ा कि रोशनी आ कुछ ना कुछ, इनकाम होना चाहिए। बंद कमरे में भी रोशनदान होना चाहिए। आपके माथे पे चाहे जो लिखा हो मगर, आपके सीने में हिंदोस्तान होना चाहिए। मशहूर




शायर खुर्शीद हैदर ने एक से बढ़कर एक कलम सुनाते हुए कहा कि गैर परों पर उड सकते हैं, हद से हद दीवारों तक। आसमान तक वही उड़ेगा, जिसके अपने पर होंगे। शायर प्रदीप मायूस ने कहा भले नफरत हो जितनी भी, यूं तेरे जहन में जालिम, मुहब्बत का हसीं ए कारवां तो रुक नहीं सकता। आगरा से पधारी वरिष्ठ शायरा डा। आरिफा

**एडीएम व डा. नवाज देव. बंदी ने शमां रोशन कर किया मुशायरे का आगाज**

शबनम ने पढ़ा कि मैने कोई सूरज कोई तारा नहीं देखा। होता है कैसा दुनिया का नजारा भी देखा। प्रसिद्ध हास्य शायर जहाज देवबंदी ने अपने अंदाज में लोगों को हंसाते हुए लॉट पर किया। प्रसिद्ध शायर अंसार सिद्दीकी ने बेहतरीन कलाम में पेश किया। इस अवसर पर वरिष्ठ रचनाकार योगेंद्र सुंदरियाल, जुनेद अख्तर कांधलवी, वसीम झिंझानवी, वशिष्ठ शायर कौसर जैदी, अरुण शर्मा, मीनाक्षी, दिनेश, अनुराग शर्मा ने उत्कृष्ट काव्यपाठ किया।

# महोत्सव में देहात क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली महोत्सव में रविवार को तीसरे दिन भी रंगमंच को देखने के लिए शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों भारी भीड पहुंची। भीड को देखते हुए भारी पुलिस बल और पीएसी बल तैनात रहा। गेट से बिना जांच के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नही दिया गया। महिलाओं की जांच के लिए महिला पुलिसकर्मी तैनात रहे।

शहर के वीवी पीजी कालेज में चल रहे शामली महोत्सव-2025 के तीसरे दिन भी रंग. मंच के कलाकारों को देखते के लिए भारी भीड उमडी। भीड इस कदर थी कि गेट से लेकर अंदर पंडाल तक धक्का मुक्की होती रही। भीड को कंट्रोल करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

पूरे मैदान मे बम निरोधक दस्ता और डॉग स्वायर्ड टीम जांच करती रही। कडी जांच के बाद ही मेला देखने पहुंचे लोगों को प्रवेश दिया गया। मेले में सुरक्षा के मददेनजर सिविल पुलिस के साथ साथ खूफिया विभाग और पीएसी पुलिस फोर्स तैनात रहा। मेले में पुलिस और प्रशासन से संबेधित कई स्टॉल लगाए गए।

जिसमें साईब्रर क्राईम थाना द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को साईबर अपराध के प्रति जागरूक किया।महिला थाना पुलिस द्वारा स्टॉल लगाकर मेले में पहुंची युवतियों व महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और उनको जागरूक किया। जिसमें हेल्पलाईन नंबर 198, 112, 181 और 1076 की जानकारी दी गई। हाथसर से हींग का स्टॉल लगाया गया तो मुजफ्फरनगर से फैंसी चप्पलों की जमकर खरीदारी हुई। इसके अलावा कपडा, चावल, बर्तन व अन्य सामग्री के भी स्टॉल लगाए गए थे।

## रक्तदाताओं ने किया 70 यूनिट रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** रविवार को शहर के धीमानपुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में समाज के पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी व समाजसेवी विकास धीमान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में पहुंचे ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में लगभग 70 लोगों ने रक्तदान किया और रक्तदाताओं को समाज के लोगों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमलकांत धीमान, प्रवीण पांचाल, सोनू पांचाल, प्रदीप विश्वकर्मा, अजय जांगिड, महेश धीमान, राजेंद्र स्वामी, अमित विश्वकर्मा, विनीत पांचाल, सन्नी पांचाल, रवि संगल, दीपक संगल, सुंदर धीमान, राजेश जांगिड आदि मौजूद रहे।

# शामली महोत्सव में लगे मेले में जमकर की खरीदारी







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित शामली महोत्सव के तीसरे दिन भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। महोत्सव में दिनभर मेले में पहुंचे महिलाओं व पुरूषों ने जमकर खरीदारी की। देर रात्रि लेजर शो के माध्यम से रामायण की कथा सुनाई गई। जिसको देख पहुंचे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

शहर के वीवी पीजी कॉलेज के प्रांगण में आयोजित शामली महोत्सव में तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में एडीजी मेरठ ध्रुव कांत ठाकुर रहे। एडीजी को डीएम अरविन्द कुमार चौहान व एसपी रामसेवक गौतम द्वारा सम्मान किया। इस अवसर पर कलाकार विशाल कैराना द्वारा संगीत में अपना प्रदर्शन दिखाया। इसके बाद जादूगर राकेश वास्तव लखनऊ के द्वारा जादू की दुनिया का अद्भुत सफर दिखाया।

इसके बाद सौरभ और गौरव मिश्रा बनारस दोनों भाइयों के द्वारा भव्य शिव तांडव की बहुत ही आकर्षक प्रस्तुति दिखाई। इसके बाद लेजर शो के माध्यम से रामायण की कथा सुनाई गई। वही सत्यनारायण इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा लव कुश की भव्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत हरियाणवी गायिका रुचिका जांगिड द्वारा मेरो बलमा बड़ो सयानों ठंडों कोको कोलो ल्यायों, मेरा चून्दड़ मंगा दें हो नणदी के बीरा आदि गानों पर अपनी भव्य प्रस्तुति रहीं। इसके बाद इंडियन आइडल गायक नितिन कुमार ने संगीत में अपनी प्रस्तुति दी। आयोजित कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम संतोष कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक परमानन्द झा, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव, एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डा। हरेंद्र, सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित गणमान्यों व भारी संख्या में आम जनमानस की मौजूदगी रही।

## एक नजर

### 86वे नि:शुल्क चश्मा कैंप में 105 मरीजों की जांच, 95 जरूरतमंदों को दिए चश्मे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा रविवार को शहर के अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल पर 86वे निशुल्क चश्मा वितरण कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों की जांच कर उनको निशुल्क चश्मों का वितरण किया। रविवार को लोक स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा कुलदीप मेडिकल स्टोर पर निशुल्क चश्मा वितरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने किया। उन्होने कहा कि इस कैंप में सभी जरूरतमंद व्यक्ति लाभ उठा रहे हैं। यह 86वां कैंप लगाया है। जिसमें 105 जरूरतमंदों ने चेकअप कराया और 95 जरूरतमंदों को चश्मे का वितरण किया। कैंप में आई चिकित्सक डा। अब्दुल बासित ने सभी जरूरतमंदों का चेकअप किया और चश्मा के नंबर दिए। उन्हें आंखों के देखभाल के लिए बताया। इस अवसर पर महामंत्री संजय कुमार त्यागी, नरेंद्र, उस्मान, अशोक, नबील, पवन संगल, आदि माजूद रहे।

### रोजा रख अमन-चैन की दुआ मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** माहे रमजान के 8वे रोजे को मुस्लिमों ने रोजा रखा और मस्जिदों में नमाज अदा कर देख में अमन चैन की दुआ मांगी। देर शाम मस्जिदों में तराविह हुई, जहां ब्यान करते हुए मुस्लिमों ने खुदा और उसके रसूल के बताए गए रास्तों पर चलने का आहवान किया। साथ ही मां-बाप से बेहतर सलूक रखने की भी हिदायत की दी गई। रविवार को माहे रममान के 8वे रोजे की फजीलत बताते हुए नूरदीन अली ने कहा कि किसी को अल्लाह के साथ शरीक नहीं ठहराना चाहिए। अपने मां-बाप के साथ बेहतरीन सल्लू करना चाहिए। मां बाप की खितमत करने से अल्लाह खुश होते है। अपनी औलाद को भूख के डर से कत्ल नहीं करना चाहिए। दुनिया में लोग भुखमरी और गरीबीं से परेशान होकर आत्महत्या पर बच्चों का कत्ल कर देते है। खुदा पर भरोसा रखे, जिसने पैदा किया है वही पालने वाला है। यतीम के माल को नाजाइज तरीके से इस्तेमाल न किया जाए। दूसरे के माल पर नजर न रखे। खुदा देख रहा है वह आखिरत में इसका बदला देगा। तराजू को सही तरीके से पकड़ना चाहिए। दुकानदार ग्राहकों को सामान तोलते समय किसी का हक न मारे। कहा कि जब बात की जाए तो इंसाफ से करनी चाहिए। चाहे वह करीबी रिश्तेदार भी हो उसकी जद में आएं और अल्लाह तआघ्ला से किए गए या उसके नाम पर किए गए वादों को पूरा करना चाहिए। इन तमाम नसीहतों का बुनियादी मकसद इंसानों में अल्लाह के हुक्मों को बताना है।

## होली मिलन, महिला सशक्तिकरण दिवस पर किया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह




**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित सेंट आरसी स्कूल में होली मिलन, महिला सशक्तिकरण पर वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सुगंध राहुल मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से कक्षा 10 में प्रथम रही छात्रा राधिका को 50 हजार रूपये व कक्षा 12 में प्रथम स्थान पर रही वृष्टि तथा आस्था सिंह को को 25-25 हजार रूपये की स्कॉलरशिप दी गई। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। अनेक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिनमें आए हुए बच्चों की माताओं के द्वारा प्रतिभागिता की गई। म्यूजिकल चेयर में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नन्हें बच्चों द्वारा कविताओं तथा फैंसी ड्रेस कंपीटिशन में प्रथम स्थान पर लक्ष्य, द्वितीय पर अनाबिया व तृतीय स्थान पर रियांश व मन्नत रही। इस अवसर पर वार्षिक पुरस्कार वितरण में कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा ट्राफी से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मीनू संगल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप, प्रबंधक प्रमोद कुमार सरोहा तथा प्रधानाचार्य अरविंद कुमार जी ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित किया। अंत में स्कूल प्रबंधक प्रमोद सरोहा व प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने सभी अतिथि गण को स्मृति चिन्ह दिया। समारोह में आए अभिभावकगण का आभार प्रकट किया।

# होलिका के स्वरूप को जलाने पर विरोध, दो समाज के सैकड़ों लोग आए आमने सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पांथुपूरा में शिव मन्दिर के पास पूजन के लिए शिव मन्दिर पर होलिका रखी गई थी। आरोप है कि रविवार को ग्राम प्रधान के चचेरे भाई ने होलिका मे आग लगा दी,जिससे लोगो का गुस्सा फूट पडा। सैक्डों की संख्या मे ग्रामीण लाडीडंडो के संग सडक पर आ गए और विरोध करने लगे। ग्रामीणो का आरोप है कि आरोपियो ने बच्चो के संग भी मारपीट की। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने होलिका के स्थान पर अपनी नीजि जमीन होने का दावा किया था। गांव मे बडा बवाल होने से बच गया।पीडितो ने आरोपी को नामजद करते हुए तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बात कर रही है। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव पांथुपूरा मे शिव मन्दिर के चौराहे वाले रास्ते पर गांव की होलिका का रखा गया था। ताकि आगामी होली के दिन पूजन का सम्पन्न किया जा सके। लेकिन गांव मे रविवार की शाम करीब छह बजे राजू पुत्र रमेश ने हो. लिका मे आग लगा दी और मौके पर मौजूद बच्चे के संग गाली गलौच करते हुए मारपीट की गई। जिसके बाद गांव मे रोष फैल गया। 500-700 लोग लाठींडंडो के संग आरोपियो को पकडने का प्रयास करने लगे। लोगो ने आरोपियों की करतूत का जमकर विरोध किया। महिलाए व पुरूष लाठीडंडो के संग सडको पर आ गए। इस दौरान आरो. पियो की बिरादरी के लोगो ने विरोध करते हुए लाठीडंडो के संग अपने अपने घरो पर चढकर विरोधियों को ललकारा तो विरोध ने तूल पकड लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहॅुची और लोगो को समझा बुझाकर शांत किया।

वही,आरोपी राजू पुत्र रमेश का कहना है कि मेरी जमीन मे होली रखी गई थी,चलन आगे ना बढे इसलिए आग लगाई गई। वही बंजारा समाज के लोगो का दावा है कि होलिका को रखे एक महीना बीतने को है,अगर विरोध था तो उसी दिन हटवा देनी थी। खबर लिखे जाने तक गांव मे तनाव रहा है। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहॅुचें।

### घटना के आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस, विरोध

**चौसाना।** होलिका स्थल पर पडी होलिका को जलाने के विरोध पर बंजारा समाज के 500 से अधिक महिला पुरूष सडको पर आ गए और दूसरे समाज के लोगो का विरोध करने लगे। तनावपूर्ण स्थिति होने पर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई लेकिन आरोप है कि पुलिस आधे घंटे के बाद पहॅुची। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया।जबकि थानाध्यक्ष फोर्स के साथ चौसाना पुलिस के साथ ही पहॅुचें। पांथुपूरा से झिंझाना की दूसरी 30 किलोमीटर है वही चौसाना की दूरी दस किलामीटर है। वही पुलिस चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि गाडी खराब होने के कारण देरी हुई।

### बंजारा बनाम ठाकुर बिरादरी होने के कारण तूल पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** होलिका स्थल पर हो. लिका को जलाने का मामले इसलिए ज्यादा तूल पकडा क्योकि बंजारा व ठाकुर समाज के लोगो मे गतिरोध रहता है। यही वजह हुई कि आरोपी के कृत्य का विरोध करने के स्थान पर समाज के अन्य लोग लाठींडडो के संग विरोध करने लगे।

# प्रजापति भवन का लोकार्पण समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को प्रजापति जनकल्याण सेवा समिति द्वारा शहर के नाला पटरी स्थित अटल विहार में प्रजापति भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रसन्न चौधरी, रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने संयुक्त रूप से भवन का लोकार्पण किया।

रविवार को शहर के अटल विहार में प्रजापति जनकल्याण सेवा समिति द्वारा समाज द्वारा बनाए गए



प्रजापति भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान समाज के सैकडों महिला पुरूषों ने पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। समाज की छात्राओं द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। मंच संच. लक प्रसिद्ध कवि प्रीतम सिंह प्रीतम द्वारा किया गया। भजन गायकों द्वारा मंच पर उत्कर्ष प्रस्तुति की। लोकापर्ण लोकापर्ण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक प्रसन्न चौधरी, रालोद महासचिव विजय कौशिक, राजकुमार प्रजापति, रामकुमार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष मनमोहन गेजवाल शाहदरा, सरक्षक संयोजक राजेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष रविन्द्र नाला, सचिव अपलेश एडवोकेट, प्रबंधक बुद्धप्रकाश गोहरनी, बिजेन्द्र कुमार, मास्टर प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, आशीष कुमार, राजवीर सिंह, सुनील कुमार, ओमपाल सिंह, महीपाल, सुखवीर सिंह, रमेश, सुन्दरलाल, सतीश कुमार, विल्लू, मंजीत, संदीप, मनोज आदि मौजूद रहे।

### त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं: सीओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस प्रशासन ने होली व जुमा की नमाज को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए दोनों समुदायों के संभ्रांत लोगों के साथ इमामगेट व किलागेट पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की। रविवार को प्रशिक्षणाधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कस्बे की इमामगेट व किलागेट पुलिस चौकी में दोनों समुदायों के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक आयोजित की।इस दौरान सीओ जितेंद्र कुमार ने कहा कि जुमा व होली का पर्व एक ही दिन मनाया जाना है,जिसे लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।दोनों ही पर्व को शांति एवं आपसी सौहार्द के साथ दोनों समुदाय के लोग मिलकर मनाएं और एक बार फिर एकता की अनोखी मिसाल पेश करें। उन्होंने कहा कि होली के दौरान किसी भी पाटकर हुड़दंग बर्दाशत नहीं किया जाएगा। साथ मुस्लिम समाज के लोग शांति के साथ नमाज जुमा अदा करें। मस्जिदों के बाहर किसी भी प्रकार की भीड़ जमा न होने दें,जिससे कोई अप्रिय घटना घट सके। सभी मस्जिदों के अंदर ही जुमा की नमाज अदा करें। इस दौरान उन्होंने दोनों ही समुदायों के धार्मिक गुरुओं से धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों की ध्वनि को सीमित करने का आग्रह भी किया और असमाजिक तत्वों के जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

### एकादशी का जुलूस आज

**चांदपुर।** होली आने की खुशी में चांदपुर नगर में रंग की एकादशी पर परंपरागत रंगों भरा जुलूस कल (आज) प्रात: 11 बजे शिव शक्ति गौशाला दया विहार कॉलोनी से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए पंडित अजय कुमार कौशिक ने बताया कि यह रंगों की एकादशी का जुलूस बाजार बजरिया से होकर नगर के शंकर बाजार, ढाली बाजार, मंडी कोटला, नेहरू चौक, फव्वारा चौक से वापस होकर, नेहरू चौक, पुरानी गुड मंडी, बाजार ढाली से कटारमल मोहल्ले में होते हुए पुराना डाकघर, पुराना थाना, महिला थाना, संगम बेकरी, भडभूजो वाली गली होते हुए शंकर मूर्ति पर समाप्त होगा। साथ ही इससे पहले प्रात: 9 बजे शिव शक्ति गौशाला में यज्ञ अनुष्ठान, 10 बजे भगवान शिव का अभिषेक, 11 बजे जुलूस का उद्घाटन एवं शुभारंभ होगा। उन्होंने सनातन धर्म परिवार की ओर से सभी ईष्ट मित्रों सहित रंग के जुलूस में सम्मिलित होकर भव्यता को बढ़ाने की भी अपील की है।

# सतलोक आश्रम में श्रद्धालुओं ने किया अखंड भंडारे का प्रसाद ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कबीर साहेब के परम शिष्य संत गरीब दास महाराज के बोध दिवस पर तीन दिवसीय समागम का रविवार को शुभारम्भ हुआ। संत गरीब दास जी के समागम पर दूर दूर से हजारों भक्तो की भीड़ उमड़ी।

रविवार को वेदखेडी के सतलोक आश्रम में तीन दिवसीय समागम का आयोजन शुरू हुआ।जिसमें हजारों श्रद्धालुओ ने समागम स्थल मे उपस्थित हो कर परमात्मा कबीर साहेब द्वारा गरीब दास जी को दिए गए ज्ञान की वाणियों का पाठ श्रवण किया। सतलोक आश्रम मे भक्तो ने हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रदेश कोऑर्डिनेटर हृदेश दास ने बताया कि आश्रम में तीन दिनों के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमे संत गरीब दास जी को



परमात्मा से ज्ञान किस तरह प्राप्त हुआ प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि सोमवार को आश्रम में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा तथा दहेज रहित विवाह भी संपन्न किए जाएंगे। भंडारे में देसी घी से बनी बर्फी,



लड्डू, जलेबी के साथ पूड़ी फुल्का दाल सब्जी परोसा गया। सभी भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर भंडारे का आनन्द लिया। दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को घर के लिए भंडारा प्रसाद भी दिया गया।

# जैंड्सचुल्प से हार कर नोवाक जोकोविच इंडियन वेल्स से हुए बाहर



**डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया**

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** सार्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच दूसरे दौर में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स से बाहर हो गए हैं। दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में शनिवार को डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच के साथ पिछले कई सालों में यह दूसरी बार है जब उन्हें कैलिफोर्निया में हार का सामना करना पड़ा हैं। मैच के बाद जैंड्सचुल्प ने कहा कि मैंने वास्तव में अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे सेट में नोवाक ने वापसी की। अंत में तीसरे सेट में अपनी लय वापस पाकर मैं खुश था। वहीं दिन के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को इटली के माटेओ अर्नाल्डी से 6-4, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा तथा 17वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स को अमेरिका के जेनसन से 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।





# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 98 रनों से हराया

**● इस जीत के साथ न्यजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है**

**नेल्सन, वार्ता।** जॉर्जिया प्लिमर (112) की शतकीय और कप्तान सूजी बेट्स (53) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 98 रनों से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये थे। विशमी गुणरत्ने (छह), कप्तान चामरी अटापटू (पांच), को हर्षिता समरविक्रमा (आठ) को जेस केर ने आउट किया और इमेशा दुलानी (11) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कविशा दिलहारी और नीलाक्षिका सिल्वा ने पारी संभालने का प्रयास किया।

दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में ब्रुक हैलीडे ने कविशा दिलहारी (45) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अनुष्का संजीवन (23) रन बनाकर आउट हुई। 44वें ओवर में ईडन कार्सन ने एक छोर थामे खड़ी नीलाक्षिका सिल्वा (45) को आउट कर न्यूजीलैंड की जीत पक्की कर दी। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए श्रीलंकाई बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिये। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 50 ओवर में 182 के स्कोर पर सिमट गई। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर और फ्रान जोनास ने तीन-तीन विकेट लिए। ईडन कार्सन को दो विकेट मिले। ब्रुक हैलीडे और मैडी ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जॉर्जिया प्लिमर और कप्तान सूजी बेट्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 108 रन जोड़े। 22वें ओवर में सचिन निसानसाला ने सूजी बेट्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सचिनी निसानसाला ने 69 गेंदों में 53 रन बनाये। एम्मा मैकलियोड (चार) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ब्रुक हैलीडे ने प्लिमर का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में सुगंधिका कुमारी ने ब्रुक हैलीडे (36) को आउट कर इस साझेदारी को अंत किया। 45वें ओवर में सुगंधिका कुमारी ने शतक बना चुकी जॉर्जिया प्लिमर को भी आउट कर पेवलियन भेज दिया।

## 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी में

# 28वीं अंतरवाहिनी कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ

**प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। सेनानायक एके सिन्हा ने सभी टीमों की परेड की सलामी ली**

**झांसी, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के झांसी में 33वीं वाहिनी पीएसी के मैदान में रविवार से तीन दिवसीय 28वीं अंतर वाहिनी कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता (बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म्स रेसलिंग और कुश्ती) का भव्य शुभारंभ हुआ। ,

यहां 33वीं वाहिनी पीएसी के मैदान पर पीएसी पूर्वी जोन की कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ सेनानायक अजीत कुमार सिन्हा (आईपीएस) द्वारा कबूतर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे पीएसी पूर्वी जोन की 10 टीमों 04वीं वाहिनी प्रयागराज, 12वीं वाहिनी फतेहपुर ,20वीं वाहिनी आजमगढ, 33वीं वाहिनी झांसी, 34वीं वाहिनी वाराणसी, 36वीं वाहिनी वाराणसी, 37वीं वाहिनी कानपुर नगर, 39वीं वाहिनी मिर्जापुर, 42वीं वाहिनी नैनी प्रयागराज, 48वीं वाहिनी सोनभद्र ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। सेनानायक ए के सिन्हा ने सभी टीमों की परेड की सलामी ली और उन्हें खेलों को पूरी खेल भावना से संपन्न करने की शपथ दिलायी। प्रतियोगिता के शुरूआती चरण में हुए उद्घाटन मैच में हुई फ्रीस्टाइल कुश्ती के 65 किलोग्राम भारवर्ग में 20वीं वाहिनी आजमगढ़ के आरक्षी राजकुमार ने अपने प्रतिद्वंदी को शिकस्त देते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद 70 किलोग्राम भारवर्ग में 4वीं वाहिनी प्रयागराज के आरक्षी शिवम सिंह ने जीत का परचम लहराया। इसी क्रम में बॉलक्सग के 80 किलोग्राम भार वर्ग में 33वीं वाहिनी झांसी के आरक्षी कुलदीप यादव ने 39वीं वाहिनी मिर्जापुर के आरक्षी प्रियांशु के बीच कड़ा मुकाबला हुआ और दोनों के पंच इतने मजबूत रहे कि मैच ड्रा हो गया। उद्घाटन समारोह में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपीनाथ सोनी,सहायक सेनानायक इश्तियाक अहमद, शिविरपाल प्रणव कुमार सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक धर्मराज सिंह भदौरिया आदि रहे।

## रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को हराया

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में रविवार को रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को 2-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। आज यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मैच के पहले हॉफ में 1-1 की बराबरी के बाद वायु सैनिकों ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन कई मौकों पर चूक के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पघ। भारतीय वायुसेना पर रॉयल रेंजर की जीत का फायदा फ्रेंड्स यूनाइटेड को मिल गया। विजेता टीम रॉयल रेंजर्स के लिए प्लेयर ऑफ द मैच यमन सिंह और करमन्य बंसल ने एक-एक गोल किये।

# गुकेश विश्व चैंपियन सभी प्रारूप में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विश्व चैंपियन और भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बयान में कहा कि वह सभी प्रारूपों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। गुकेश ने हालांकि, क्लासिकल शतरंज को सबसे महत्वपूर्ण बताया। गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था।

गुकेश का मानना है कि वह इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते कि शतरंज दो गुटों में बंट जाएगा। गुकेश ने कहा कि फ्रीस्टाइल शतरंज जहां रोमांच पैदा करता है वहीं अपने समृद्ध इतिहास के साथ क्लासिकल शतरंज हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बना रहेगा। शतरंज में अभी दो वर्ग सामने आ रहे हैं। इनमें एक वर्ग जहां फ्रीस्टाइल का समर्थक है, तो दूसरा वर्ग क्लासिकल शतरंज के प्रति वफादार बना हुआ है। इससे शतरंज में विभाजन की संभावना बन गई है। गुकेश ने एक समाचार चौनल के कार्यक्रम में कहा, मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। फ्रीस्टाइल काफी रोमांचक है और मैं इसमें खेल कर खुश हूं, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह तेजी से आगे बढ़ रहा है।

फ्रीस्टाइल में अभी तक केवल दो ही बड़े टूर्नामेंट हैं। मैं चाहता हूं कि फ्रीस्टाइल सशक्त हो जाए लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह शतरंज के मूल प्रारूप पर हावी हो जाएगा। क्लासिकल शतरंज का इतिहास और विरासत इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज के साथ फ्रीस्टाइल का जुड़ना खेल के लिए अच्छा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि यह प्रारूप कैसे आगे बढ़ता है। मैं सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं। गुकेश ने इसके साथ ही सात से 14 अप्रैल तक होने वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम टूर के पेरिस चरण के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की।

# SBI ग्रीन मैराथन दिल्ली में संपन्न





**मैराथन पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ श्रेणियां में हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसबीआई ग्रीन मैराथन का पांचवां सत्र रविवार को मिर्ची के सहयोग से राजधानी दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज यहां सेंट्रल सेक्रेटेरिएट स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित हुई समापन दौड़ को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाई। मैराथन पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ श्रेणियां में हुई। इस दौड़ में कुल छह हजार धावकों ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया। अमन सिंह, तुष्मा सेठी, दीपक छिल्लर, किरण छिल्लर और श्वेतांश धर जैसे अनुभवी धावक ने प्रतिभागियों को फिनिश लाइन पार करने के लिए प्रेरित किया। इस मैराथन का उद्देश्य सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) और हरित भविष्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था जिसमें पूरे शहर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देश के 11 शहरों में आयोजन करने के बाद आज राजधानी दिल्ली में यह मैराथन सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मैराथन में भारतीय नौसेना और भारतीय सेना के जवानों की भागीदारी। इस दौरान सभी धावकों को जैविक टी-शर्ट (ऑर्गेनिक टी-शर्ट) दिए गए, प्लांटेबल बिब्स प्रदान किए गए और कार्यक्रम में उपयोग की गई सभी सामग्रियों को अधिकतम पुनर्नवीनीकरण क्षमता के साथ तैयार किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मिर्ची दिल्ली के आरजे सात्विक और आरजे कृष्ण ने प्रतिभागियों को उत्साहित किया।

# केकेआर ने ओटिस गिब्सन को नियुक्त किया सहायक कोच



**ओटिस ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में दो कार्यकाल 2007-10 और 2015-17 पूरे किए हैं**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2025 टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले ओटिस गिब्सन को सहायक कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

बारबाडोस के पूर्व तेज गेंदबाज के नाम 650 से अधिक प्रथम श्रेणी विकेट हैं। ओटिस ने कोच के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने से पहले 1995-1999 तक टेस्ट और वनडे दोनों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में दो कार्यकाल 2007-10 और 2015-17 पूरे किए हैं। उन्होंने 2010-14 तक वेस्टइंडीज के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान, टीम ने 2012 में श्रीलंका में अपना पहला आईसीसी विश्व टी 20 खिताब जीता। वह 2017-2019 तक दक्षिण अफीकी टीम के मुख्य कोच बने और तब से टी-20 फैंचाइज़ सर्किट में कई कोचिंग पदों पर रहे। ओटिस केकेआर में एक मजबूत सहयोगी स्टाफ इकाई में शामिल हो

# शतक से चूकी वॉल की धमक से यूपी वॉरियर्स जीता





**यूपी वारियर्स ने डब्ल्यूपीएल के एक मैच में न सिर्फ लीग के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया**

**लखनऊ, वार्ता।** जॉर्जिया वॉल (99 नाबाद) भले ही अपने शतक से चूक गयी हों लेकिन उनकी तूफानी पारी की बदौलत यूपी वारियर्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में न सिर्फ लीग के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया बल्कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को ऑल आउट कर 12 रन की सनसनीखेज जीत अपने नाम कर ली। यूपी वारियर्स ने पहले खेलते हुए पांच विकेट पर 225 रन बनाये जिसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स की पूरी टीम 19-3 ओवर में 213 रन बना कर सिमट गयी। वारियर्स के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी चैलेंजर्स ने शुरु से आक्रामक अंदाज अपनाया मगर रन रफ्तार तेज करने के प्रयास में उसके पांच शीर्ष खिलाड़ी 11 ओवर के खेल में 107 रन बना कर पवेलियन लौट गये जिससे वारियर्स की आसान जीत के कयास लगाये जाने लगे मगर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (69) ने छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से मैच में जान फूंक दी वहीं पुछल्ली स्नेह राणा ने मात्र छह गेंदों पर तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 26 रन बना कर मैच को अपने पक्ष में करने की पुरजोर कोशिश की मगर अंततः जीत मेजबानों के खाते में आयी। इससे पहले प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी यूपी वारियर्स के बल्लेबाजों ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में गरज चमक के साथ बल्लेबाजी की। वॉल को अंतिम गेंद पर शतक पूरा करने के लिए दो रन चाहिए थे लेकिन वह एक ही रन बना सकीं और डब्ल्यूपीएल के इतिहास में पहला शतक आते आते रह गया। हैं और अब स्मृति मंधाना की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 226 रन चेज करने होंगे जो उनके लिए एक मुश्किल चुनौती है मगर यह चुनौती डब्ल्यूपीएल में रोमांच लाने के लिए काफी है। एक के बाद एक तीन हार से बौखलायी यूपी वारियर्स के तेवर आज बदले हुए नजर आये। ग्रेस हैरिस (39) और वॉल की जोड़ी ने पहले सात ओवर में 11 रन प्रति ओवर के हिसाब से स्कोरबोर्ड पर 77 रन लगा दिये थे। हैरिस सात चौके और एक छक्के लगाकर आक्रमक अंदाज में थी मगर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गयी। उनके आउट होने के बावजूद यूपी की रफ्तार थमी नहीं जब नई बल्लेबाज किरण नवगिरे ने मात्र 16 गेंदो में 46 रन ठोक दिये जिसमें उनके दो चौके और पांच गगनचुंबी छक्के शामिल थे। नवगिरे नामक तूफान का अंत जॉर्जिया वेयरहम ने किया। वेयरहम का अगला शिकार शिनेल हेनरी (19) बनी। इस बीच दूसरे छोर पर वॉल की रफ्तार पर अंकुश लगाने के चैलेंजर्स के गेंदबाज नाकाम रहे और यूपी वारियर्स अपने श्रेष्ठतम स्कोर की ओर निर्बाध रुप से बढ़ता रहा।

# बांग्लादेश ने किया जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के कार्यक्रम का ऐलान





फाइल फोटो

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने जिम्बाब्वे के बांग्लादेश के आगामी टेस्ट दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की है।

यह सीरीज 20 अप्रैल को

**● पहला टेस्ट 20-24 अप्रैल दूसरा टेस्ट 28 अप्रैल से 02 मई**

सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी, इसके बाद 28 अप्रैल से चटगाँव के ज़हूर अहमद चौधरी स्टेडियम में दूसरा टेस्ट होगा। जिम्बाब्वे और बांग्लादेश ने आखिरी बार खेल के सबसे लंबे प्रारूप में जुलाई 2021 में एक-दूसरे का सामना किया था।

**रमजान मुबारक**



दसवां रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.12 |
| | शिया | 5.14 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.26 |
| | शिया | 6.40 |

यदि तुम शुक्र अदा करोंगे तो मैं तुम्हे और अधिक दूंगा और यदि नाशुक्री करोंगे तो मेरा अजाब बहुत सख्त है
कुरआन करीम

# युवा संगठन की रीढ व असली ताकत: अभिनव

## युवा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनपद में का पहली बार आगमन पर जोरदार स्वागत, बढ़ाया मनोबल

**सहारनपुर।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी का जनपद में प्रथम बारआगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि युवा संगठर की रीढ और असली ताकत है।

युवा जिला अध्यक्ष पुनीत चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी का चुन्हेटी फाटक पर जोरदार स्वागत किया और गाड़ियो के काफिले के साथ सर्किट हाउस ले जाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ उसकी संगठन की ताकत होती है एवं युवा हर संगठन की रीड की हड्डी होती है जिस और युवा चलता है उसे और जमाना चलता है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय लोकदल सरकार में भागीदार होने के साथ-साथ किसान युवा एवं प्रत्येक वर्ग के हितों को प्रमुखता से सरकार व संगठन में उठेगा युवा लो. कदल का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को



चौधरी जयंत के रूप में देखकर एवं चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए बुजुर्गों का सम्मान एवं अपने सीनियर पदाधिकारी का सम्मान हमेशा ध्यान में रखें। बैठक में जिलाध्यक्ष शाहजमाँ खान, पूर्व जिलाध्यक्ष राव कैसर, प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह, अयूब हसन, रमेश चौहान, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, रजनीश चौहान, अर्जुन सिंह, महावीर सैनी, शौकीन राणा, फरमान राव, अंबेहटा चैयरमैन नईम अहमद, सलीम कुरैशी, भूरा मलिक, पंकज चौधरी, हरपाल वाल्मीकि, फखरुल इस्लाम, राम मेहर, अरविंद मलिक, अरविंद चौधरी, ब्रजवीर सिंह, अनुज वर्मा, आसिफ अंसारी, मनोज त्यागी, अमित चौधरी, सुमित चौधरी, कुलदीप कुमार, साना चौधरी, इकराम राठी, राशिद अल्वी, मोहम्मद फैसल, तबरेज गौर, वसीम प्रधान आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता आसिफ चौधरी एवं संचालन युवा जिलाध्यक्ष पुनीत चौधरी ने किया।

# चर्च में मनाया महिला दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेक्रेट हार्ट चर्च में महिला दिवस मनाते हुए महिलाओं को आगे बढने की प्रेरणा दी गई।

फादर जॉन द्वारा महिलाओं के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया फादर जॉन ने कहा महिलाएं हमेशा कदम से कदम बढ़ाकर पुरुषों के साथ खड़ी है आज महिलाएं हवाई जहाज से लेकर ट्रेन तक चल रही है। महिला सदस्य सरोज मसीह ने कहा कि महिलाएं हमेशा अपने घर परिवार को भी देखते हैं और देश के बड़े-बड़े कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रही है।

इस मौके पर सुनीता, जीनत, शारदा मसीह, प्रमिला, एंजेला, अनु विलियम, मधु, लुईजा, अर्चना जॉय, इवलीन, मोना, मंजू आदि मौजूद रहे।

# श्याम प्यारे संग मनाया होली उत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय निष्काम सेवा मण्डल परिवार ने श्याम प्यारे के संग होली उत्सव मनाया।

चिलकाना रोड स्थित एक होटल में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान सजंय कर्णवाल परिवार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि गुरुदेव आचार्य पंडित प्रगीत कोशिक महाराज रहे। श्याम प्यारे का भव्य गुणगान श्री श्याम सखा परिवार द्वारा किया गया, जिसमें भजन गायक रिमांशु सिंघल एवं करन कौशिक व वैभव जैन ने श्याम बाबा के अद्भुत भजनों से समा बांधा। नगर विधायक राजीव गुंबर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजेंद्र मलिक, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, संरक्षक राकेश जैन, वरिष्ठ समाजसेवी संजय कर्णवाल, राकेश कुमार जैन, संजय सिंघल, गौरव गाबा, अविनाश जैन, अर्णव जैन, नीरज शर्मा, अनुज जैन आदि का मंडल अध्यक्ष राजा जैन, मुख्य सलाहकार पारस गुप्ता, संयोजक विपुल वर्मा, आयुष सिंघल, विश्वनाथ गोयल का भव्य स्वागत कर गुलाल भेट किया। इस दौरान दीपक गुप्ता, आशीष गुप्ता, श्रीमति अलका जैन, ममता सिंघल, राज. कुमार मक्कड़, रोहित मक्कड़, शिव चरण गुप्ता, अनुज जैन, सन्दीप जैन, दीपक जैन, आचमन जैन, सन्नी सैनी, ऋषभ जैन, कार्तिक शर्मा, मनीष गोयल, श्रवण गोयल, मानसिंह जैन, रोहित राजपूत, मुकेश जैन, वैभव जैन, हर्षित गर्ग, विशाल वर्मा, दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**गंगोह।** श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव मे श्रद्धालुजन देर रात तक बाबा के भजनों पर झूमते नाचते रहे।

नौ दुर्गा मंदिर में बाबा खाटू श्याम के वार्षिक फाल्गुन उत्सव में राकेश गर्ग व साधना गर्ग ने गणेशादि देवों का आहवान पूजन किया। ज्योत कुशाग्र गोयल व सचिन गोयल ने प्रज्जवलित की। ध्वज पूजन अरविंद्र सिंह मखीजा, छप्पन भोग सचिन गोयल व भोजन प्रसाद भोग सचिन बंसल व राकेश सैनी ने लगाया। कीर्तन का शुभारंभ कुशाग गोयल सचिन गोयल सुशील कुमार, श्रवण शर्मा ने किया। अतिथि गायकों हिमानी कौशल व अर्पण माहेश्वरी ने भजनों से बाबा का गुणगान किया। नक्षत्र सिंह, अशोक, रवि शंकर गर्ग, राकेश, सुशील, विष्णु जिंदल, कुमार फौजी, साधना गर्ग, मोनिका गोयल, गुड्डी देवी, प्रदीप गोयल, मोनिका गोयल, राजनंदिनी, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।

# मेरे समाज ने मुझे हमेशा प्रेरणा दी: चौ.किरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गुर्जर भवन के विकास के लिये गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह ने एक लाख 10 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया है।

आज गुर्जर भवन में विधायक चौ.कीरत सिंह का स्वागत किया गया। विधायक किरत सिंह ने कहा मुझे गुर्जर समाज मे पैदा होने पर गर्व है। मेरे समाज ने सदैव प्रेरणा दी है कि 36 बिरादरी का सम्मान ही सर्वोपरी है। उन्होंने कहा कि वह साथ मिलकर क्षेत्र और समाज की तरक्की और विकास के लिए काम करने का वादा करते है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह का भी योगदान गुर्जर भवन को सहायता के रूप में प्राप्त हुआ। जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ने कहा वह समाज के हितो के लिए सदैव तत्पर हैं। गुर्जर समाज के लोगों ने चौ.किरत सिंह का आभार जताते हुए कहा कि इस भवन के निर्माण में आर्थिक सहायता के साथ-साथ अपनी व्यक्तिगत रुचि और मार्गदर्शन देकर इसे शीघ्र पूरा करने में सहयोग किया। उनका यह प्रयास न केवल एक नेता के रूप में, बल्कि समाज के संरक्षक के रूप में उनकी भूमिका को दर्शाता है। गुर्जर समाज ने विधायक किरत सिंह के इस योगदान की प्रशंसा की और उनका हृदय से धन्यवाद किया। समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया और इस योगदान को गुर्जर समाज के लिए एक बड़ा अवसर माना। विधायक कीरत सिंह का गुर्जर भवन निर्माण में योगदान समाज के प्रति उनके समर्पण और सेवा भावना को दर्शाता है। उनका यह प्रयास समाज को सशक्त और संगठित करने में सहायक सिद्ध होगा। गुर्जर समाज उनके इस योगदान के लिए कृतज्ञ रहेगा और इसे एक ऐतिहासिक पहल के रूप में याद किया जाएगा।



**गुर्जर भवन के विकास को गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह ने प्रदान किए एक लाख दस हजार रुपये**

## भारतीय वीरांगना कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में भारतीय वीरांगना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुष्प व चंदन से होली खेली।

एक सभागार में कार्यक्रम शुभारम्भ डॉ नूतन उपाध्याय, डॉक्टर शैलजा चटर्जी, सोशल वेलफेयर सोसाइटी की सचिव एडवोकेट गीता चटर्जी व सम्मानित विदुषियों द्वारा भारत माता की प्रतिमा के समक्ष ज्ञान, संस्कार स्वरुप दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर मिली पंतजी ने अपने वक्तव्य में बताया कि मातृ शक्ति ने विज्ञान की औद्योगिक उचाईयों को छुआ है। डॉ नूतन उपाध्याय ने अपने संदेश में कहा कि देश की किशोरियाँ कैसे स्वस्थ रहें व अनेक रोगों से कैसे बचे।

# मील का पत्थर साबित होगा समन्वय: मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज के अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने कहा कि संस्था के तृतीय वार्षिक समारोह समन्वय-2025 का भव्य आयोजन आगामी 22 मार्च को किया जाएगा जिसमें विश्वविख्यात कवि डा. कुमार विश्वास अपनी प्रस्तुति अपने-अपने राम से देंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

श्री मिगलानी आज दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समन्वय-2025 सहारनपुर के सांस्कृतिक और साहित्यिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन 22 मार्च को स्वास्तिक रिसॉट में शाम 6.00 बजे से रात 9.00 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि संस्था लगातार सफल वार्षिक समारोह आयोजित कर रही है। गुरदास मान और सोनू निगम जैसे प्रतिष्ठित कलाकारों को सहारनपुर लाने के बाद इस बार विश्व विख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास अपनी प्रस्तुति अपने-अपने राम देंगे। इस दौरान दर्शकों को एक विशाल भव्य श्री राम मंदिर के दर्शन भी होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इसमें प्रदेश के उच्च जनप्रतिनिधि, संत समाज, प्रशास. निक अधिकारी और 3000 से अधिक सम्मानित व्यक्ति शामिल होंगे। सीआईएस ने सभी के बैठने की उचित व्यवस्था की है।



वार्ता के दौरान संरक्षक अमर गुप्ता, अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी, चेयरमैन एच.एस. चड्ढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कपूर, महासचिव अमित चौधरी, अपर महासचिव रवि टंडन, कोषाध्यक्ष विजय वशिष्ठ, सह कोषाध्यक्ष गौरव जैन, कोऑर्डिनेटर संजय गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य विश्वजीत पुंडीर, संजय अरोड़ा, राजेश गुप्ता, नीरज मिड्ढा, सक्षम बत्रा और सुनील कुमार अरोड़ा मौजूद रहे।

# विकास कार्य लगातार रहेंगे जारी: कलीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद गुलशन कलीम के प्रयासों से बनने वाली सडक व नाली निर्माण से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।

वार्ड 54 की पार्षद गुलशन कलीम ने बताया कि चकरोता रोड स्थित नई बस्ती गली नंबर 4 में सडक व नाली काफी खस्ता हालत में थी। जिस कारण क्षेत्रवासी काफी परेशान थे। उन्होने नगर निगम से गली व नाली को पास कराकर इसका निर्माण कार्य शुरू करा दिया। जिस कारण अब क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। उन्होने कहा कि विकास कार्यो की रफ्तार ऐसे ही जारी रहेगी।



# कलाल महासभा ने मनाया होली स्नेह मिलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है जिसे उल्लास व मिलजुल. कर मनाना चाहिए।

राज्यमंत्री जसवंत सैनी कलाल क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित होली स्नेह मिलन एवं विश्व महिला दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न रंगों का एक गुलदस्ता है जिसमें सभी समाज के लोग मिलजुलकर अपने पर्व मनाते हैं। होली पर्व उल्लास व उमंग का पर्व है जो हमारे शरीर को एक नई सरंचना के साथ चेतना देता है। हमें मिलजुलकर शांतिपूर्वक पर्व मनाना चाहिए। इस दौरान नगर विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व महापौर संजीव वालिया, मदन जायसवाल, अटल गुप्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय के सचिव मित्रा बिंदा, भाजपा के वरिष्ठ नेता शशि वालिया, टॉपरी के प्रधान अतुल वालिया, प्रधान संजय वालिया, राहुल वालिया, सुखचौन वालिया, रमेश चंद जायसवाल, दीपक जायसवाल ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संयोजक संजय कर्णवाल व राजीव भृतहरि ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर, शामली, दिल्ली व देहरादून से भी समाज के नागरिक आए हुए थे। इस दौरान होली गीतों पर नृत्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कर्णवाल ने किया। इस अवसर पर नरेश जायवाल, अंकित जायसवाल, दिनेश जायसवाल, विशाल तलवार, विकास कर्णवाल, गगन कर्णवाल, शरद जायसवाल, नविता कर्णवाल, अलका कर्णवाल, रजनी कर्णवाल, ऋतु कर्णवाल, तनुजा कर्णवाल, सोनिया जायसवाल, मोनिका जायसवाल आदि मौजूद रहे।




## तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** आबकारी विभाग व नकुड पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।

आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 पंकज सिंह चौहान मय आबकारी टीम व थाना नकुड़ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नकुड़ क्षेत्र के ग्राम जुड्डी में दबिश दी गई। दबिश में अशोक कुमार पुत्र भुल्ला के घर से 38 पौवे रस भरा माल्टा ब्रांड फॉर सेल इन हरियाणा बरामद हुए। आबकारी निरीक्षक पंकज सिंह चौहान ने बताया कि आबकारी विभाग का होली तक चेकिंग अभियान चल रहा है जिसमें हरियाणा से शराब जनपद में ना आने पाए। उन्होंने बताया काफी दिनों से सूचना मिल रही थी सूचना मिलने पर इस माल समेत गिरफ्तार कर लिया गया है।

टीम में प्रधान आबकारी सिपाही परमवीर, आबकारी सिपाही भूपाल चंद, आबकारी सिपाही मयंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# निगम के खेल निराले: कूड़ा उठ नहीं रहा, लेकिन वसूली अभियान चालू

**सहारनपुर।** अबकी बार नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बेहतर रैकिंग पाने की आकांक्षाओ पर पलीता लगता हुआ दिखाई दे रहा है, क्योंकि नगर निगम अफसरों की अनदेखी व निगम की अव्यवस्था के चलते स्वच्छ भारत मिशन पर ब्रेक लग सकता है। जगह-जगह दुकानों के आगे लगे कूड़े के ढेर निगम अफसरों की व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। क्योंकि नगर निगम के निराले खेल कूड़ा उठ नहीं रहा है लेकिन वसूली अभियान चालू है। इसी को लेकर दुकानदारों में आक्रोश बढ़ता हुआ देखा जा सकता है।

आपको बताते चलें वर्ष 2016 में शहरों की स्वच्छता को लेकर अभियान चलना शुरू हुआ था, लेकिन स्थिति यह हो चली है कि अभी तक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शत प्रतिशत पुरी तरह चालू नहीं हो पाया है। वार्ड नंबर 63 के इंदिरा चौक स्थित स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कूड़े का उठान शत प्रतिशत नहीं हो रहा है, जबकी नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में शहर में कूड़ा उठाने के लिए कई सौ छोटी गाड़ियां लगाई हुई हैं, किसी दिन गाड़ियां आती हैं और कभी आती ही नहीं है निगम को इसकी गहनता से जांच करानी चाहिए, कितने दिन कूड़ा उठ रहा है और कितने दिन नहीं, उनका कहना है कि जब पूरे दिन कूड़ा नहीं उठ रहा है तो फिर जनता से यूजर चार्ज के नाम पर 100- से 200 रु तक क्यों वसूले जा रहे हैं, फिर नगर निगम को भी इस वसूली अभियान का कोई हक नहीं पहुँचता है। क्योंकि कूड़े का टैक्स देने के बाद भी हम आज भी अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। आपको यह भी बता दें मानक के अनुसार एक गाड़ी एक हजार घरों या दुकानदारों से कूड़ा उठा सकती हैं। हालांकि कोई भी गाड़ी मानक के अनुसार कूड़े का उठान सही प्रकार नहीं कर रही है, या फिर यूँ कहें यह गाड़ियां अधिक से अधिक घरों या दुकानों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। अगर वास्तविक तौर पर ऐसा है तो गाड़ियों में डलने वाले डीजल, पेट्रोल की जाँच करवाना अति आवश्यक हो जाता है या तो गाड़ियां नहीं चल पा रही हैं या फिर कूड़े का उठान सही स्तर से नहीं हो पा रहा है। यह जांच का विषय है।

















# सरकार को घेरने की तैयारी

आज सोमवार से संसद के बजट सत्र का दूसरा सत्र शुरू हो रहा है। इसके हंगामेदार रहने के आसार हैं, क्योंकि ट्रंप के भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भारत भेजना, टैरिफ का मामला, वक्फ अधिनियम व बेरोजगारी को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहेगा। सरकार को चाहिए यदि सत्र को शांतिपूर्ण और सुचारू चलाना है, तो विपक्ष की बातों को सुनना होगा। यह सत्र आज सोमवार से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलने की बात कही गई है। इस सत्र में सरकार को घेरने की विपक्ष की पूरी तैयारी है क्योंकि सरकार का मुख्य उद्देश्य वित्त विधेयक 2025 को पारित कराना है। इसके अलावा कुल 3 दर्जन विधेयकों को सरकार पारित कराना चाहती है। इनमें से 26 विधेयक राज्यसभा में और 9 विधेयक लोकसभा में लंबित हैं। सरकार के एजेंडा में कई और महत्वपूर्ण बिल है जिसे वो संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में ही पास करवाना चाहेगी। वक्फ विधेयक का उद्देश्य बोर्डों की पारदर्शिता और जिम्मेदारी बढ़ाना है, जिसमें वक्फ संपत्तियों के दावों की जांच और बोर्ड में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी शामिल है। हालांकि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठनों ने इस विधेयक के कुछ प्रावधानों पर आपत्ति जताई है, इसे मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए विरोध किया है। इंडिया गठबंधन ने दावा किया है कि वे इस विधेयक को संसद में पारित नहीं होने देंगे। इन परिस्थितियों को देखते हुए वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को पारित कराना सरकार के लिए कठिन हो सकता है, क्योंकि इसके लिए व्यापक राजनीतिक सहमति आवश्यक होगी। बजट सत्र के इस दूसरे पार्ट में विपक्षी दल अमेरिका द्वारा टैरिफ हटाने को लेकर बढ़े दबाव को भी मुद्दा बनाए जाने की संभावना है। साथ ही डीएमके समेत दक्षिण भारत की कुछ पार्टियां जनसंख्या को आधार बनाकर परिसीमन और शिक्षा मंत्रालय द्वारा 3 भाषा के इस्तेमाल के मुद्दे पर भी आक्रामक रह सकती हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट पर सामान्य चर्चा के लिए दो दिन और विभाग की मांगों पर चर्चा के लिए पांच दिन आवंटित किए गए हैं। सरकार को चाहिए कि कोई भी अधिनियम पारित करने से पहले सभी को विश्वास में लेना चाहिए और ऐसे प्रयास होने चाहिएं कि इन अधिनियमों के पारित होने से किसी एक समुदाय को नहीं, बल्कि सभी समुदायों को होना चाहिए। कांग्रेस के पास मौका है कि वह भारत के हितों, खासकर किसानों और विनिर्माण क्षेत्र के हितों पर सरकार से सवाल पूछकर इनकी रक्षा कर सके। मालूम हो कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकियों के साथ व्यापार पर बातचीत करने के लिए वाशिंगटन डीसी में हैं। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प के एक वीडियो बयान का जिक्र करते हुए जिसमें उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष कुछ टैरिफ कटौती पर सहमत है। इसी बजट सत्र में मणिपुर में ताजा हिंसा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाने की धमकी और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर भी संसद में हंगामा होने की उम्मीद है।

## सम्भल के सीओ के बयान पर सुप्रीम कोर्ट खुद ले एक्शन



**वर्दी** पहने संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को साल में 52 जुमा और होली के एक त्योहार पर जैसा बयान देना ठीक नहीं है, पुलिस अधिकारी ही ऐसे बयान देंगे, तो सौहार्द कैसे बनेगा, ऐसे अधिकारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करे, सम्भल के सीओ ने यहां तक कहा कि जिस किसी को लगता है कि होली का रंग लगने से उसका धर्म नष्ट हो जाएगा, वह उस दिन अपने घर में रहे, सीओ की भाषा शैली ठीक नहीं है, यह बात सभ्य तरीके से भी कही जा सकती थी, क्या दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, क्यों नफरत फैला रहे हैं, एक अधिकारी का इस तरह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है, ऐसे व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को भी खुद कार्रवाई करनी चाहिए।

**इमरान मसूद**
**कांग्रेस सांसद**

# कब सुधरेंगी स्वस्थ सेवाएं

**आज 75 वर्ष बाद भी हालत यह है कि गरीब की सेहत सुधरना तो दूर स्वास्थ्य सेवाओं की ही सेहत खराब दिखाई देती है, विभिन्न दलों की सरकारों के शासन के बावजूद नए-नए नारों से, नए-नए वायदों से, नई-नई योजनाओं के सपने दिखाकर देश का पैसा बर्बाद किया जाता रहा है, स्वास्थ्य आदमी की बुनियादी जरूरत है, इसलिए उसकी चिंता जितनी आम आदमी को होती है उतनी ही सरकार को भी होनी चाहिए, जाहिर है कि सभी चालू सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार आना चाहिए, नियोजित विकास के तहत देश के कई प्रदेशों के देहातों में सामुदायिक विकास खण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की गई, मूल सोच यह थी कि ग्रामवासियों के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण सेवाएं एकीकृत रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी**



**विनीत नारायण**

आजादी के बाद नियोजित कार्यक्रम के तहत देश भर में जो कार्यक्रम शुरू किए गए थे, उनमें ग्रामीण इलाकों के लिए स्वास्थ्य परियोजनाएं भी थीं। मकसद था देश के देहातों में स्वास्थ्य सेवाओं का जाल बिछाना ताकि गरीब लोगों की सेहत सुधर सके। आज 75 वर्ष बाद भी हालत यह है कि गरीब की सेहत सुधरना तो दूर स्वास्थ्य सेवाओं की ही सेहत खराब दिखाई देती है। विभिन्न दलों की सरकारों के शासन के बावजूद नए-नए नारों से, नए-नए वायदों से, नई-नई योजनाओं के सपने दिखाकर देश का पैसा बर्बाद किया जाता रहा है। स्वास्थ्य आदमी की बुनियादी जरूरत है।

इसलिए उसकी चिंता जितनी आम आदमी को होती है उतनी ही सरकार को भी होनी चाहिए। जाहिर है कि सभी चालू सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार आना चाहिए। नियोजित विकास के तहत देश के कई प्रदेशों के देहातों में सामुदायिक विकास खण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की गई। मूल सोच यह थी कि ग्रामवासियों के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण सेवाएं एकीकृत रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी। जिनमें उपचार, वातावरण स्वच्छता (सुरक्षित पेय जय आपूर्ति व कूड़ा-मलमूत्रा निपटाना), मातृ शिशु स्वास्थ्य, विद्यालय स्वास्थ्य, संक्रामक रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य शिक्षा व जन्म-मृत्यु आंकड़ों का संकलन जैसी सेवाएं शामिल थीं। दूसरी पंचवर्षीय योजना की समाप्ति पर देश भर में हज़ारों प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र स्थापित हो चुके थे।

मैदानी क्षेत्रों में 5000 व पर्वतीय क्षेत्रों में 3000 की आबादी पर एक मातृ शिशु स्वास्थ्य उपकेन्द्र भी खोले गए। इन उपकेन्द्रों पर प्रसवपूर्व, प्रसव के दौरान व प्रसवोपरान्त स्वास्थ सेवाओं के साथ प्रतिरक्षण, निर्जलीकरण उपचार के लिए घोल वितरण और खून की कमी दूर करने के लिए आयरन या फोलिक एसिड की गोलियां बांटना व अन्धेपन व नेत्रारोग से बचाव हेतु विटामिन घोल बांटना शामिल था। कालान्तर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवर्तित होना था। इसलिए पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान इन केन्द्रों में जहां शल्य क्रिया, बाल रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ व पैथोलॉजी सेवाएं और बढ़ाई गई वहीं प्रत्येक केंद्र में मरीजों के लिए उपलब्ध बिस्तरों की संख्या 6 से 30 कर दी गई। जाहिर है इस पूरे तामझाम पर जनता का अरबों रुपया खर्च हुआ। पर क्या जो कुछ कागजों पर दिखाया गया, वह जमीन पर भी हो रहा है? देश के किसी भी गांव में जाकर असलियत जानी जा सकती है।




इतना ही नहीं आबादी के तेजी से बढ़ते आकार के बावजूद देश भर में जनसंख्या पर आधारित सेवा केन्द्रों व कर्मचारियों को बढ़ाने का काम कई वर्षो से ठप्प पड़ा है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों के हाल इतने बुरे हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोई भी विशेषज्ञ अपनी नियुक्ति नहीं चाहता। प्रशिक्षण केन्द्रों का पूरा स्टाफ व साज सज्जा दशकों से बेकार पड़ी है। इस तरह ऐसे सेवा केन्द्र चिकित्सकीय व स्वास्थ्य सेवाएं तो न मुहैया करा पाए, अलबत्ता नसबन्दी कराने के केन्द्र जरूर हो गए।

1970-71 से 1991-92 तक नसबंदी के अलावा यहां कुछ भी नहीं हुआ। बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के दौरान जो फर्जी नसबंदी का दौर चला था, वह अभी थमा नहीं है। नसबंदी की उपलब्धियां फर्जी तौर पर बढ़ा चढ़ाकर बताई जाती रहीं और इन्हीं 'उपलब्धियों' की एवज में नौकरशाह करोड़ों रुपये के पुरस्कार लेते रहे। इस तरह देश की बेबस जनता पर दुहरी मार पड़ी है। साल 2000 में विश्व बैंक द्वारा 'भारत जनसंख्या परियोजना' लागू हुई। योजना का मूल उद्देश्य सेवा संगठनों को मजबूत करना था। फलतः एक ओर नव निर्माण शुरू हुआ दूसरी ओर नए चिकित्सकीय सेवा केन्द्र खोले गए। देश में कई उपकेन्द्र गांव से दूर बनाए गए, जो कभी इस्तेमाल नहीं हुए। आज ये केंद्र वीराने में खण्डहर बन चुके हैं। ऐसी योजनाओं के नाम पर तमाम ब्यूरोक्रेट-टेक्नोक्रेट अमरीका, थाईलैण्ड, इंग्लैण्ड आदि से प्रशिक्षण लेकर आए। पर जहां से प्रशिक्षण लेने गए थे, वहां वापिस लौटकर नहीं आए। उन्हें उनकी नियुक्ति दूसरी जगह कर दी गई, आखिर क्यों? जब यही करना था तो लाखों रुपया प्रशिक्षण पर बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? इसी तरह सूचना शिक्षा संचार के नाम पर प्राइवेट छपाई भी लाखों रुपये खर्च करके करवाई गई। जनचेतना फैलाने के नाम पर छपवाई गई यह स्टेशनरी कभी काम नहीं आई। न जाने कितने फार्म छपे व रद्दी में बिक गए।

इस पूरे कार्यक्रम के नतीजे असन्तोषजनक थे। ऐसा विश्व बैंक द्वारा कराए गए मूल्यांकन से पता चला। नतीजतन देश के कई प्रदेशों में 'भारत जनसंख्या परियोजना 3,4,5' नहीं दी गई। पर 'भारत जनसंख्या परियोजना-6' इनमें से कई प्रदेशों को मिल गई। जिसका मूल उद्देश्य श्रम संसाधनों का विकास करना था। इस योजना के तहत ऊपर के अधिकारी तो विदेशी सैरगाहों में घूम आए पर नीचे का स्टाफ भी पीछे नहीं रहा। वे भी अहमदाबाद, गांधीग्राम, मुंबई में सैर सपाटे करता रहा।

फिर आया सूचना क्रांति का दौर। स्वास्थ्य सेवा भले ही लोगों को न मिले पर सूचना के आधुनिक उपकरणों को खरीदनें में संकोच क्यों किया जाए? सूचना नहीं तो कमीशन की आमदनी तो होगी ही। इसलिए प्रौद्योगिकी से तालमेल बिठाए रखने के नाम पर कराड़ों रुपये के सैकड़ों कंप्यूटर व व बाकी का साजो सामान खरीद लिया गया। जनजागरण के नाम पर हजारों टी.वी. व अन्य उपकरण भी खरीदे गए, जो स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकारियों के बंगलों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

परिवार प्रशिक्षण के लिए पहले जहां थोड़े बहुत क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र थे उनके स्थान पर दुगने केन्द्र खोल दिए गए। जिनका भवन निर्माण हुआ, साज-सज्जा के लिए भारी खरीदारियां की गईं, पर योजनाबद्ध तरीके से कभी कोई प्रशिक्षण नहीं हुआ। दरअसल तो इन केन्द्रों में पहुंच वालों की बारातें टिकती रहती हैं। गरीब जनता के पैसे से खरीदे गए कंप्यूटर व साज सज्जा अपनी मूल पैकिंग में रखे रखे ही आउटडेटेड हो गए।

# क्या कुत्ते पलके झपकाकर दुआ-सलाम करते हैं?

आपको कहीं कोई परिचित दिख जाए तो कभी हाव-भाव से, तो कभी पलकें झपका आप उससे दुआ-सलाम कर लेते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। कई बार पलकें झपकाकर किसी बात पर सहमति भी जता देते हैं। कुल मिलाकर हम हाव-भाव से और पलकें झपकाकर अपने साथियों से कई बातें कर लेते हैं। वो भी बिना सोचे-विचारे। यह बरबस ही अनुक्रिया के तौर पर हो जाता है। इस तरह से संवाद करना मनुष्यों और अन्य प्राइमेट्स में दिखाई देता है। अब, रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन बताता है कि कुत्ते भी पलकें झपकाकर आपस में संवाद करते हैं।

> **शोधकर्ताओं को यह तो पहले से ही पता था कि पालतू कुत्ते जब दूसरे कुत्तों के आसपास होते हैं तो पलकें ज्यादा झपकाते हैं, ऐसा भी लगता है कि जब तनाव या टकराव की स्थिति बढ़ती दिखाई देती है तो वे अपने साथी कुत्तों और इसांनों के साथ भी शांति बनाए रखने के लिए पलकें झपकाते हैं**

शोधकर्ताओं को यह तो पहले से ही पता था कि पालतू कुत्ते जब दूसरे कुत्तों के आसपास होते हैं तो पलकें ज्यादा झपकाते हैं। ऐसा भी लगता है कि जब तनाव या टकराव की स्थिति बढ़ती दिखाई देती है तो वे अपने साथी कुत्तों और इंसानों के साथ भी शांति बनाए रखने के लिए पलकें झपकाते हैं। इसके अलावा, कुत्ते अन्य कुत्तों के जम्हाई लेने और खुशमुमा चेहरे बनाने पर वही व्यवहार दोहराते हैं, जिससे लगता है वे संवाद करने और रिश्ते बनाने के लिए चेहरे के भावों की नकल (फेस मिमिक्री) करते हैं। कुत्तों में बार-बार पलकें झपकाने का व्यवहार देख पर्मा विश्वविद्यालय की वैकासिक जीवविज्ञानी चिआरा कैनोरी को लगा कि क्या पलकें झपकाने का यह व्यवहार फेस मिमिक्री का हिस्सा है या कुछ अलग है? इस सवाल का जवाब जानने के लिए कैनोरी और उनके साथियों ने टेरियर, कॉकर स्पैनियल, और बॉर्डर कोली कुत्तों के 12-12 सेकंड लंबे कई वीडियो बनाए। उनके सामने कोई खिलौना या खाने का सामान रखा गया था।

**स्रोत फीसर्च**

कुछ वीडियो क्लिप्स में शोधकर्ताओं ने देखा कि कुत्ते पलकें झपका रहे थे, जबकि कुछ में नहीं झपका रहे थे। शोधकर्ताओं को कुछ वीडियो ऐसे भी मिले जिनमें कुत्ते नाक चाट रहे थे और लालसा या झुंझलाहट का भाव दिखा रहे थे। इसके बाद शोधकर्ताओं ने वीडियो को संपादित किया और उनसे 71 सेकंड लंबी एक वीडियो क्लिप बनाई जिसमें कुत्ते हर 4 सेकंड के अंतराल पर पलक झपकाने और नाक चाटने की हरकत करते दिखाई दे रहे थे। इसे उन्होंने एक बड़े पर्दे पर रेंडम तरीके से चुने हुए विभिन्न नस्लों के 54 वयस्क पालतू कुत्तों को दिखाया। हां, चुनाव करते समय शोधकर्ताओं ने इस बात का ध्यान ज़रूर रखा था कि वीडियो में दिख रहे कुत्ते इन 54 कुत्तों से पहले कभी न मिले हों। वीडियो दिखाते समय शोधकर्ताओं ने दर्शक कुत्तों के भावों को पढ़ने के लिए उन पर हार्ट मॉनिटर लगाए और उनकी प्रतिक्रियाओं का वीडियो भी बनाया।


इन सभी रिकॉर्डिंग का विश्लेषण करने पर पाया गया कि कुछ दर्शक कुत्ते तो वीडियो से ऊब गए और सो गए, लेकिन बाकी ने कुछ प्रतिक्रियाएं दिखाईं। दर्शक कुत्तों ने दो अन्य प्रकार के हाव-भाव की तुलना में पलक झपकाने के वीडियो के प्रति औसतन 16 प्रतिशत अधिक पलकें झपकाईं। पलकें अधिक बार झपकाने से लगता है कि कुत्ते शायद पलक झपकाने की नकल करते हैं। हालांकि शोधकर्ता इन परिणामों को थोड़ा सावधानी से समझने को कहते हैं। उनका कहना है कि अधिक बार पलकें झपकाने का मतलब यह नहीं है कि कुत्ते सोच-समझकर पलकें अधिक बार झपका रहे हैं। यह हमारी तरह का मामला हो सकता है। हम मनुष्यों की तरह कुत्ते भी शायद अवचेतन रूप से संवाद कर रहे होंगे। भले ही पलक झपकाना पूरी तरह से सोच-समझकर प्रत्युत्तर देने का व्यवहार न हो, लेकिन परिणाम बताते हैं कि कुत्ते इसे सार्थक तरीकों से उपयोग करने लगे हैं। पलक झपकाना एक संकेत हो सकता है कि मैं शांत हूं, तुम भी शांत रहो। इसके विपरीत, अध्ययन में यह भी देखा गया कि दर्शक कुत्तों ने वीडियो के कुत्तों को नाक चाटते देखकर अपनी नाक नहीं चाटी, बल्कि उन्होंने अपनी आंखों काश्वेत पटल (स्क्लेरा) अधिक दिखाया। यह अवलोकन थोड़ा हैरत में डालता है क्योंकि वैज्ञानिक अब तक इस प्रतिक्रिया को कुत्तों के किसी सशक्त भावावेग- सकारात्मक या नकारात्मक के प्रदर्शन से जोड़कर देखते आए हैं। इस मामले में साफ है कि इन कुत्तों ने ऐसे किसी भावावेग की अनुपस्थिति में यह प्रतिक्रिया दी।



# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज़-ए-सियासत


1980 के दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम-घूमकर भारतीय समाज को 85:15 का जनसंख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था-वोट हमारा,राज तुम्हारा-नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज़ होता गया। यहां तक कि 'तिलक, तराज़ू और तलवार जैसा' अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गए। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नए राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज़ परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज़ तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि-मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी क़तार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी। तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके श्क्रन्तिकारी श व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे।

कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफ़ी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज़ तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुए कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी' के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं।





> **कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफ़ी विवाद भी खड़ा किया गया, परन्तु तेज़ तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रूपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं**



**निर्मल रानी**

मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन, वही पार्टी अब सत्ता, वैभव, आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नज़र आने लगी। यहां तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिए बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस 'मनुवादी' व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की ज़रुरत महसूस हुई तो तिलक, तराज़ू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा -हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था।

परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गईं। कभी अपने को ज़िंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नज़र आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रुपये वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमाएं लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नज़र आई थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नज़र ही नहीं आया। और आख़िरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फ़ैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाज़ा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख़ अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बख़ूबी वाक़िफ़ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी 'इंडिया' गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की 'बी' टीम बता डाला।

# रमजान में स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए इन 5 सरल स्किनकेयर टिप्स को अपनाएं

रमज़ान का पाक महीना चल रहा है। इस दौरान मुसलमान आध्यात्मिक ध्यान, आत्म-अनुशासन और रोजे रखते हैं। इस दौरान आपकी स्किन के लिए भी एक चुनौती हो सकती है। लंबे समय तक व्रत रखने से और अपने आहार में बदलाव व गर्मी के कारण आपकी त्वचा का डिहाइड्रेशन और बेजान महसूस कर सकती है। इस लेख में हम आपके त्वचा को चमकदार बनाने के लिए कुछ आसान उपाय बताए हैं।

## इन पांच स्किनकेयर टिप्स को फॉलो करें...

### 1 अपने दिन की शरुआत हाइड्रेशन से करें, सिर्फ कॉफी से नहीं

रोजे का मतलब यह नहीं है कि आप अपनी त्वचा को नमी नहीं दे सकते जिसकी उसे ज़रूरत है। एक्सपर्ट के मुताबिक सहरी के बाद, पानी, नारियल पानी या हाइड्रेटिंग हर्बल चाय पीने पर ध्यान दें। आपकी त्वचा आपके हाइड्रेटेड महसूस करेगी और जितना अधिक आप रोजे के घंटों के दौरान पीते हैं, उतनी ही आपकी त्वचा कोमल और चमकदार रहेगी। पानी पीना न छोड़ें।

### 2 चेहरे को साफ करें...

जब आप उपवास कर रहे होते हैं, तो आपकी त्वचा पर थोड़ा ज़्यादा दबाव पड़ सकता है। अपनी त्वचा से प्राख़तिक तेलों को हटाएं बिना अशुद्धियों को दूर करने के लिए सौम्य, हाइड्रेटिंग क्लींजर का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। कठोर क्लींजर से बचें जो आपकी त्वचा को टाइट और रूखा महसूस करा सकते हैं।

### 3 चेहरे को मॉइस्चराइज करें...

रमज़ान के महीने में रोजे रखते समय डिहाइड्रेशन होने लगता है। इस दौरान त्वचा को मॉइस्चराइजिंग करना जरुरी है। सोने से पहले आपनी त्वचा पर मॉइस्चराइजर करें, ऐसे मॉइस्चराइजर लगाएं जो स्किन को हाइड्रेशन प्रदान करें।

### 4 फेस मास्क जरूर लगाएं...

खासतौर पर फेशियल मास्क केवल पैमपर के लिए नहीं होते, बल्कि ये आपके रमज़ान स्किनकेयर रूटीन का एक ज़रूरी हिस्सा हैं। चाहे वो हाइड्रेटिंग शीट मास्क हो, डिटॉक्सिफ़ाई करने के लिए क्ले मास्क हो या जेल मास्क हो, ये सभी आपको तुरंत चमक प्रदान करता है जब आपको इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत होती है।

### 5 स्क्रब का इस्तेमाल करें...

एक्सफोलिएशन चिकनी और चमकदार त्वचा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। हफ्ते में 2 बार सौम्य स्क्रब का इस्तेमाल करें, इससे मृत त्वचा को. शिकाएं हट जाएंगी और त्वचा ताजा और चमकदार दिखाई देगी।

# हिंसा की आग में झुलसा सीरिया, लगे लाशों के ढेर



**1000** से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं पिछले दो दिनों में

**125** सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य मृतकों में शामिल

**148** पूर्व शासन के प्रति वफादार लोग मृतकों में शामिल

## सेना व असद समर्थकों में झड़पें, अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के लोगों को उतारा जा रहा मौत के घाट

**दमिश्क।** सीरिया के तटीय क्षेत्र में जारी संघर्षों में दो दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,018 हो गई है, जिनमें 745 नागरिक शामिल हैं। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और बशर अल-असद के समर्थकों के बीच भयंकर संघर्ष जारी है, इसमें अलावी समुदाय के लोगों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने पिछली रिपोर्टों में संशोधन करते हुए बताया कि नए प्रशासन से जुड़े अर्धसैनिक समूह इस सप्ताह की शुरुआत में अपदस्थ बशर अल-असद सरकार के बचे हुए समर्थकों द्वारा सरकारी सैनिकों पर किए गए हमलों के जवाब में हुई हत्याओं में शामिल रहे हैं, जिसमें 16 सुरक्षाकर्मी मारे गए। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि घात लगाकर किए गए हमले पूर्व नियोजित थे। ऑब्जर्वेट्री ने कहा कि कुल मृतकों में से 125 सरकारी सुरक्षाबलों के सदस्य थे और 148 पूर्व शासन के प्रति वफादार सशस्त्र समूहों के आतंकवादी थे। लताकिया के जनरल सिक्योरिटी डायरेक्टोरेट के प्रमुख मुस्तफा किनिवती ने कहा कि हम नागरिक शांति बनाए रखने और सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस सिद्धांत के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीरिया में गृह युद्ध जैसी स्थिति चरम पर है। यहां पर हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) की अंतरिम सरकार के सुरक्षाबलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। सुरक्षाबलों ने अलावी संप्रदाय के लोगों के खिलाफ बदला लेने वाली कार्रवाई शुरू कर दी हैं। हिंसा के समय रूह कंपाने वाली वारदातों के बारे में वहां मौजूद लोगों ने बताया। हर ओर लोगों के लाशों का ढेर पड़ा हुआ दिखाई दिया, महिलाओं के साथ मानवीयता की सारी हदें पार कर दी गईं।

इस हिंसा में पिछले 2 दिनों में एक हजार लोगों की हत्या कर दी गई। वहां के हालात को देखकर हर कोई हैरान है। सुरक्षाबलों की ओर से हिंसा को कंट्रोल करने के लिए हिंसा ग्रसित इलाकों की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया गया है। सीरियन आब्जर्वेट्री फार ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, जिन समूहों के बीच झड़प हुई उनमें से 745 मरने वाले लोग ऐसे हैं जो देश के नागरिक हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों को नजदीक से गोली मारकर हत्या की गई है। 125 सरकारी सुरक्षा बल के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 आतंकवादी भी मारे गए हैं। असद के शासन के दौरान, अलावी समुदाय से जुड़े लोगों को सेना में उच्च पद और दूसरे विशेषाधिकार से जुड़े पदों का फायदा मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले यहां हयात तहरीर अल-शाम के नए शासन के लागू होने के बाद, अलावी लोगों को पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने की वजह से बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। गृह युद्ध जैसी हालात से जूझ रहे सीरिया में ब्रिटेन स्थित सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स ने बताया कि हिंसा की वजह से यहां के हालात बिल्कुल भी ठीक नहीं हैं। लोगों को आधारभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। यहां पर लताकिया शहर के कई अलावी बहुल इलाकों में बिजली और पीने के पानी के सप्लाई को भी रोक दिया गया है। हिंसा के समय मौजूद लोगों ने एसोसिएटेड प्रेस को हिंसा के समय की भयानक और दिल को दहलाने वाले घटनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यहां पर महिलाओं को सड़कों पर बिना कपड़ों के घुमाया गया, फिर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। यहां पर सबसे बुरी तरह प्रभावित कस्बों में से एक बनियास है। यहां पर शव सड़कों और इमारतों की छतों पर पड़े देखे गए। बंदूकधारियों ने वहां के लोगों को लंबे समय तक शव को दफनाने से रोक रखा था। अलावी गांवों के निवासियों ने बताया कि उनके समुदाय के कई लोगों के घरों को लूट लिया गया और फिर आग लगा दिया गया। लोगों ने जब अपने घरों और कारों को जलते हुए देखा तो वो वहां से जान बचाकर भागने को मजबूर हो गए। कुछ बच पाए तो वहीं कुछ को सुरक्षाबलों ने मार गिराया।

## इजरायल ने सीरिया में छापेमारी कर जब्त किए हथियार

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह सीरिया में छापेमारी की और सीरियाई सेना से संबंधित मिसा. इलों और हथियारों को जब्त किया। सेना ने एक बयान में शनिवार को कहा कि इजरायली सैनिक अभियान जारी रखे हुए हैं और उन्हें सीरिया में रणनीतिक बिदुओं पर तैनात किया गया है। सेना ने कहा कि सैनिकों ने राइफलों, गोला-बारूद, मिसाइलों और अतिरिक्त सैन्य उपकरणों सहित कई हथियारों का पता लगाया, उन्हें जब्त किया और नष्ट किया। सेना के अनुसार, पैराट्रुपर्स और बख्तरबंद बलों सहित सैन्य इकाइयों द्वारा चलाए गए इन अभियानों का उद्देश्य किसी भी खतरे को समाप्त करना और इजरायल की रक्षा को मजबूत करना है। इजरायल ने 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में गोलान हाइट्स के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था और बाद में 1981 में इस क्षेत्र को अपने में मिला लिया था, जिसे अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने मान्यता नहीं दी थी। चूंकि सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने अपने समूह, हयात तहरीर अल-शाम और अन्य मिलिशिया का नेतृत्व करते हुए आठ दिसम्बर, 2024 को बशर अल-असद को हटाने के लिए अभियान चलाया था, इसलिए इजरायल ने 1974 में रणनी. तिक गोलान हाइट्स में स्थापित संयुक्त राष्ट्र की निगरानी वाले बफर जोन में सैनिकों को तैनात किया है। इसके बाद, इजरायली सेना ने सीरिया में अतिरिक्त रणनीतिक बिदुओं पर कब्ज़ा कर लिया, जिसमें सीरियाई नियंत्रित गोलान हाइट्स के कुछ हिस्से और माउंट हरमोन की चोटी भी शामिल है।

# गाजा में मनेगी शांति की उम्मीदों के बीच ईद!



### युद्धविराम के दूसरे चरण की बातचीत में सकारात्मक संकेत : हमास

**गाजा।** गाजा में चली 15 महीने की जंग के बाद हुए संघर्ष विराम के टूटने की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके बाद एक बार से भयानक जंग शुरू होने के डर सताने लगा है, लेकिन हाल में आए दोनों पक्षों के बयानों से संकेत मिले हैं कि अब यह संघर्ष विराम स्थाई युद्ध विराम की ओर जा सकता है। हमास ने कहा कि गाजा में संघर्ष विराम समझौते के दूसरे चरण की बातचीत को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं। हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ अल-क़ानू ने एक प्रेस बयान में कहा कि युद्धविराम समझौते के कार्यान्वयन को अंतिम रूप देने और इसके दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने के लिए मिस्र और कतर मध्यस्थों के प्रयास जारी हैं, इस दिशा में सकारात्मक संकेत हैं।

उन्होंने फलस्तीनी लोगों की मांगों को पूरा करने वाले तरीके से इन वार्ताओं में शामिल होने के लिए हमास की तत्परता पर जोर दिया। प्रवक्ता ने गाजा पट्टी में मानवीय राहत प्रदान करने और इजरायली नाकाबंदी को हटाने के लिए गहन प्रयास करने का भी आह्वान किया। इस बीच, हमास के राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख के सलाहकार ताहेर अल-नुनु ने घोषणा की कि आंदोलन के नेतृत्व परिषद के प्रमुख मोहम्मद दरविश के नेतृत्व में हमास का एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा है। अल-नुनु के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल हालिया अरब शिखर सम्मेलन के परिणामों और उन्हें लागू करने के तरीकों के संबंध में मिस्र के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा। उन्होंने कहा कि चर्चा युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता पर भी केंद्रित होगी। मिस्र की राज्य सूचना सेवा ने एक बयान में कहा, गाजा युद्धविराम समझौते की शर्तों को लागू करने और इसके दूसरे चरण पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर बातचीत के लिए हमास का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को काहिरा पहुंचा। उल्लेखनीय है कि मिस्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता में इज़रायल और हमास के बीच तीन चरण का गाजा युद्धविराम समझौता 19 जनवरी को प्रभावी हुआ। शुरुआती 42-दिवसीय चरण एक मार्च को समाप्त होने के बाद सौदे के दूसरे चरण की बातचीत रुकी हुई है। मिस्र गाजा युद्धविराम हासिल करने और पट्टी के पुनर्निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए राजनयिक प्रयास तेज कर रहा है।







# जॉब अलर्ट | NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...


### आवश्यकता है

पद : घरेलू रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज़ तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**

- मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- यह सुनिश्चित करना कि सभी खाद्य पदार्थ स्वच्छता मानकों के अनुसार तैयार किए जाएं।
- रसोई को साफ, व्यवस्थित और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना और सामग्री का आयोजन करना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना और सुनिश्चित करना कि भोजन समय पर परोसा जाए।

**योग्यताएँ:**

- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
- अच्छी संचार कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण।

**कार्य समय:**

- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

**क्यों जुड़ें ?**

यह एक अद्भुत अवसर है उन लोगों के लिए जो खाना बनाने का आनंद लेते हैं और एक घरेलू वातावरण में काम करना चाहते हैं। आपको अपने पाक कौशल को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, जबकि एक साफ और स्वागत योग्य रसोईघर को सुनिश्चित करेंगे।

**कैसे आवेदन करें:**

इच्छुक उम्मीदवार हमसे नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।
**शाह आलम:-** 8077243100, हम आपसे सुनने के लिए उत्सुक हैं!

### आवश्यकता है

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
कंपनी : शाहटाइम्स पब्लिकेशन लिमिटेड
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** एक मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करने, ग्राहकों के साथ संबंध बनाने, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार होंगे। इस भूमिका के लिए उत्कृष्ट संचार कौशल, रचनात्मकता, और मार्केटिंग के प्रति एक जुनून की आवश्यकता है।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**

- **बाजार अनुसंधान:** संभावित ग्राहकों और बाजार के रुझानों की पहचान करें ताकि मार्केटिंग रणनीतियों को सूचित किया जा सके।
- **ग्राहक संबंध:** ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखें, उनकी आवश्यकताओं को समझें और उन्हें अनुकूलित समाधान प्रदान करें।
- **बिक्री समर्थन:** बिक्री को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग अभियानों को विकसित और निष्पादित करने में सहायता करें।
- **नेटवर्किंग:** कंपनी को बढ़ावा देने और संबंध बनाने के लिए उद्योग आयोजनों और नेटवर्किंग कार्यक्रमों में भाग लें।
- **रिपोर्टिंग:** बिक्री प्रदर्शन को ट्रैक और विश्लेषण करें, सुधार के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करें।

**योग्यताएँ:**

- मार्केटिंग, व्यवसाय या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
- मजबूत संचार और अंत:व्यक्तिगत कौशल।
- स्वतंत्र रूप से और टीम का हिस्सा बनकर कार्य करने की क्षमता।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस और CRM सॉफ्टवेयर में प्रवीणता एक लाभ है।

**क्यों जुड़ें ?**

शाहटाइम्स में, हम रचनात्मकता और पहल को महत्व देते हैं। आपको रोमांचक परियोजनाओं में योगदान करने और एक सहायक वातावरण में अपने करियर को बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

**कैसे आवेदन करें:**

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने रिज्यूमे और एक कवर पत्र, जिसमें उनके संबंधित अनुभव का विवरण हो, shahtimes0105@gmail.com पर भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
शाहटाइम्स में हमारे साथ जुड़ें, और एक ऐसी टीम का हिस्सा बनें जो नवाचार और सफलता को बढ़ावा देती है।
हम आपसे सुनने के लिए उत्सुक हैं। **आवेदन की अंतिम तिथि: 30.04.2025**

### आवश्यकता है

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया कंपनी
पद : क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
कंपनी : शाहटाइम्स पब्लिकेशन लिमिटेड
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और हमारे क्षेत्रीय संचालन का पर्यवेक्षण करेंगे। इस पद के लिए एक सक्रिय नेता की आवश्यकता है जो प्रदर्शन को बढ़ावा दे सके, टीम सहयोग को संवर्धित कर सके, और सुनिश्चित कर सके कि हमारी प्रिंट मीडिया परियोजनाएँ कुशलतापूर्वक निष्पादित हों।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**

- **संचालन समर्थन:** क्षेत्रीय प्रबंधक की दैनिक गतिविधियों में सहायता करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी प्रक्रियाएँ कंपनी के मानकों और उद्देश्यों के अनुरूप हों।
- **टीम नेतृत्व:** कर्मचारियों की एक टीम का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करें, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा दें और पेशेवर विकास को प्रोत्साहित करें।
- **प्रदर्शन प्रबंधन:** टीम के प्रदर्शन की निगरानी करें, लक्ष्य निर्धारित करें, और परिचालन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों को लागू करें।
- **ग्राहक संबंध:** ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखें, उनकी आवश्यकताओं का समाधान करें और हमारी सेवाओं से संतोष सुनिश्चित करें।
- **बजट प्रबंधन:** बजट तैयार करने और प्रबंधित करने में सहायता करें, लागत-कुशल संचालन और वित्तीय दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।
- **रिपोर्टिंग:** क्षेत्रीय प्रदर्शन पर रिपोर्ट उत्पन्न करें और विश्लेषण करें, वरिष्ठ प्रबंधन को अंतर्दृष्टि और सिफारिशें प्रदान करें।
- **बिक्री समर्थन:** बिक्री टीम के साथ सहयोग करें ताकि विकास के अवसरों की पहचान की जा सके और विपणन पहलों का समर्थन किया जा सके।

**योग्यताएँ:**

- व्यवसाय प्रबंधन, विपणन, या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रिंट मीडिया या संबंधित उद्योग में प्रबंधन भूमिकाओं में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव एक लाभ होगा।
- मजबूत नेतृत्व, संचार, और अंत:व्यक्तिगत कौशल।
- कई परियोजनाओं का प्रबंधन करने और समय सीमा का पालन करने की सिद्ध क्षमता।
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सुइट और प्रासंगिक प्रबंधन सॉफ्टवेयर में दक्षता।

**क्यों जुड़ें?**

शाह टाइम्स में, हम एक सहयोगी कार्य वातावरण प्रदान करते हैं जहाँ रचनात्मकता और नवाचार फलते-फूलते हैं। आपको एक बढ़ते हुए कंपनी में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने और प्रिंट मीडिया उद्योग में अपने करियर को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

**कैसे आवेदन करें:**

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने रिज़्यूमे और एक कवर पत्र, जिसमें उनके संबंधित अनुभव का विवरण हो, shahtimes0105@gmail.com पर भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हम आपसे सुनने के लिए उत्सुक हैं।
**आवेदन की अंतिम तिथि: 30.04.2025**